सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
01.03.2024
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, षष्ठी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 228



12 मां बनने वाली हैं दीपिका पादुकोण

सत्यमेव जयते

धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की
पावन धरती, झारखण्ड पर

श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

का हार्दिक
अभिनंदन और
जोहार



श्री सी. पी. राधाकृष्णन
माननीय राज्यपाल, झारखण्ड

श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

श्री चम्पाई सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

PRNO 320978 (IPRD) 23-24

# कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग का बजट ध्वनिमत से पारित

## खूब हुई शेरो शायरी, कृषि मंत्री के रहते प्रभारी मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने दिया जवाब

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** बजट सत्र के पांचवें दिन कृषि एवं संबंद्ध प्रक्षेत्र के लिए 4,606.57 करोड़ का बजट ध्वनिमत से पारित हो गया। हालांकि सरकार के जवाब के दौरान मुख्य विपक्षी दल भाजपा के विधायक सदन से वॉक आउट कर चुके थे। बजट पर वाद विवाद के क्रम में खूब शेरो शायरी हुई। एक दूसरे को मयार्दा का पाठ भी पढ़ाया गया। पूर्व कृषि मंत्री रणधीर सिंह इस बात पर अड़ गये कि उन्हें और दो मिनट बोलने दिया जाए।

स्पीकर ने कहा कि दूसरे दिन बोलने का मौका दिया जाएगा। इसपर नाराजगी जताते हुए वह सदन से बाहर चले गये। खास बात है कि सदन में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री के मौजूद रहने के बावजूद सरकार की ओर से प्रभारी मंत्री के तौर पर मिथिलेश ठाकुर ने जवाब दिया। दरअसल, कृषि विभाग की कार्यशैली पर जमकर सवाल खड़े किए गये थे। इस वजह से एक बार कृषि मंत्री बादल पत्रलेख सफाई देने के लिए बोलने लगे। तब उन्हें प्रभारी मंत्री मिथिलेश ठाकुर को रोकना पड़ा। चर्चा के बाद ध्वनिमत से महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग, पथ निर्माण विभाग, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई-गवर्नेंस विभाग, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, जल संसाधन विभाग, नगर विकास एवं आवास विभाग, भवन निर्माण विभाग, पंचायती राज विभाग, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग का बजट ध्वनिमत से पारित हो गया।

सरकार की तरफ से प्रभारी मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने भाजपा की नीयत पर सवाल खड़े किये। कुल मिलाकर कहें तो बजट पर चर्चा के बजाए ज्यादा वक्त आरोप प्रत्यारोप में गुजरा। इस दौरान कई विधायकों ने शेरो शायरी भी की। प्रभारी मंत्री ने कहा कि किसानों और पशुपालकों की आमदनी बढ़ाने के लिए बजट में हर बातों के ख्याल रखा गया है। इसी का नतीजा है कि सरकार ने अगले वित्तीय वर्ष में 2 लाख तक का कृषि ऋण माफ करने का फैसला लिया है। इस दौरान उन्होंने राम मंदिर को लेकर हो रही राजनीति के लिए भाजपा को आड़े हाथों लिया। खास बात है कि प्रभारी मंत्री के वक्तव्य के दौरान सीएम चंपई सोरेन उन्हें घड़ी की ओर इशारा करते नजर आए। वह बताना चाह रहे थे कि वक्तव्य को समाप्त करें ताकि कैबिनेट की बैठक में जाया जा सके।

कटौती प्रस्ताव लाने वाले भाजपा विधायक नवीन जयसवाल ने कृषि विभाग को राशि खर्च करने के मामले में सबसे फिसड्डी बताया। उन्होंने कहा कि सरकार ने 2 लाख तक कृषि ऋण माफ करने का वादा किया था। लेकिन चार साल निकल गये। अब चुनावी वर्ष में इसको बजट में लाया गया है। हर साल 5 लाख नौकरी और बेरोजगारी भत्ता का वादा किया गया जो अबतक पूरा नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि गृह रक्षा वाहिनी की दौड़, लिखित, डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन परीक्षण में नगड़ी और इटकी के 106 बच्च मेधा सूची में आए थे लेकिन बाद में गलत प्रखंड का हवाला देकर मेधा सूची निरस्त कर दी गयी।

झामुमो विधायक लोबिन हेंब्रम ने कहा कि झारखंड आंदोलन को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने समझा। उन्होंने अलग राज्य बनाया। इसके लिए उनको धन्यवाद देता हूं। उन्होंने कहा कि आज तक यह तय नहीं हो पाया कि झारखंडी कौन है। खदानों से ओवरलोड गाड़ियां बिना चालान के जा रहीं हैं। इससे राजस्व का नुकसान हो रहा है। सीएनटी, एसपीटी एक्ट को धरातल पर नहीं उतारा गया तो यहां के आदिवासियों का अस्तित्व खत्म हो जाएगा।

भाजपा विधायक मनीष जयसवाल ने कहा कि हत्या और दहेज प्रताड़ना के मामले में झारखंड पूरे देश में टॉप पर है। इस राज्य से आतंकियों का कनेक्शन मिलता रहता है। कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी ने कहा कि भाजपा वाले राम के पुजारी नहीं बल्कि राम के व्यापारी बने हुए हैं। उन्होंने चंपई सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार को डॉन-2 सरकार बताया। इस दौरान कई विधायक मुस्कुराते नजर आए। इरफान अंसारी के वक्तव्य के दौरान खूब हंसी ठिठोली चली।

वहीं, आजसू विधायक लंबोदर महतो ने कहा कि 2019 के चुनाव के वक्त जारी मेनिफेस्टो के तमाम वाले अधूरे हैं। उन्होंने इसका उदाहरण भी पेश किया। ना युवाओं को नौकरी दी, ना ओबीसी को आरक्षण दिया, ना भूमिहीनों को भूमि मिली, पहले साल में 5 लाख नौकरी नहीं मिली, बेरोजगारों को भत्ता नहीं मिला, हर प्रखंड में नशा मुक्ति केंद्र खोलने का वादा कहां गया, चूल्हा खर्च का वादा कहां गया, सभी गरीब परिवारों को हर साल 72000 रु देने का वादा कहां गया, हर प्रखंड में मॉडल किसान स्कूल खोलने का वादा क्या हुआ, कितने खेतीहर मजदूर को अनुदान मिला, पुनर्वास आयोग का क्या हुआ, गरीब बेटी की शादी पर सोने का सिक्का देने का वादा क्या हुआ?

चर्चा में झामुमो विधायक मंगल कालिंदी और निर्दलीय विधायक अमित यादव ने भी भाग लिया। एक वक्त ऐसा आया जब व्यवस्था के तहत झामुमो विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष के छोटी-छोटी बात के लिए दखल देने से बचना चाहिए। जवाब में नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि चार साल तक हमारे नेता को बोलने नहीं दिया गया। उन्होंने बताया कि अगर विपक्ष के वक्तव्य के दौरान बाधा उत्पन्न की जाएगी तो वह जरुर बोलेंगे। उन्होंने सुदिव्य सोनू को नसीहत दी कि वह उनके अधिकार क्षेत्र के नियंत्रित करने की कोशिश ना करें।


बजट पर सरकार की ओर से जवाब देते हुए प्रभारी मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि पेयजल एवं स्वच्छता विभाग का लक्ष्य 62 लाख घरों तक पेयजल पहुंचाना है। इसकी तुलना में 31 लाख से ज्यादा घरों तक पेयजल पहुंचा दिया गया है। जहां-जहां शौचालय का निर्माण नहीं हुआ था, वहां निर्माण कार्य चल रहा है। हमारी सरकार ने 2 लाख रुपए तक का कृषि ऋण माफ करने का फैसला लिया है। किसानों को यंत्र उपलब्ध कराए जा रहे हैं। केंद्र सरकार बार-बार जल जीवन मिशन की बात करती है। ऐसा बताती है कि इसपर सिर्फ केंद्र के पैसे खर्च हो रहे हैं। लेकिन सच्चाई ये है कि इस योजना पर 50% राशि केंद्र सरकार और 50% राशि राज्य सरकार खर्च करती है।

कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने कहा कि आठ लाख किसानों की जगह सिर्फ 57000 किसानों को फसल बीमा की राशि दी गई। जबकि इसकी तुलना में सैकड़ों करोड़ रुपए प्रीमियम वसूला गया। इस मामले से केंद्र सरकार को अवगत कराया गया तो पता चला कि किसानों को सिर्फ 92 करोड़ रुपए मिले हैं। इसके बाद बीमा कंपनियों से एफिडेविट लिया गया। उस आधार पर 7 लाख किसानों के खाते में करीब 500 करोड़ रूपया पहुंच पाया। इसी वजह से फसल बीमा योजना को बंद किया गया था।

प्रभारी मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि इनके मुंह में राम जरूर हैं लेकिन बगल में छुरी है। यह कहते हैं कि हम भगवान राम को लाए हैं। इनसे क्या उम्मीद कर सकते हैं।



### लंबोदर महतो ने सदन के बाहर धरना दिया



रांची। झारखंड विधानसभा बजट सत्र के पांचवें दिन आजसू विधायक लंबोदर महतो ने कुरमी/कुड़मी को एसटी में शामिल करने सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर सदन के बाहर धरना दिया। लंबोदर महतो ने कहा कि बेरमो को जिला बनाने की मांग वर्षो से की जा रही है। लेकिन सरकार इस पर कुछ फैसला नहीं ले रही है। कहा कि झारखंड सरकार के कैबिनेट में 23 नवंबर को 2004 को यह निर्णय हुआ था कि कुरमी/कुड़मी और कोटवार जाति को अनुसूचित जाति में शामिल किया जायेगा। इस निर्णय के 20 साल हो गये, लेकिन अब तक इसको लागू नहीं किया गया। कहा कि 8 जनवरी 2013 को कैबिनेट में यह निर्णय हुआ लिया गया था कि बेरमो को नये प्रखंड बनाया जायेगा। इस पर भी अब तक कोई निर्णय नहीं लिया गया। एक ही जाति, संस्कृति और धर्म के होने के बावजूद लोहार और लोहरा का अलग-अलग जाति प्रमाण पत्र होता है। सरकार कमार, करमाली, लोहार, लोहरा, बड़ाईक और चिकबड़ाइक सभी को अनुसुचित जाति का प्रमाण पत्र जारी करें। बेरमो अनुमंडल को जिला और खैराचातर, महुआटांड और चतरोचट्टी को प्रखंड बनाने पर भी सरकार जल्द निर्णय ले।

### इरफान ने हेमंत को राम और खुद को बताया हनुमान, बाउरी भिड़े



रांची। झारखंड विधानसभा में गुरुवार को राम, हनुमान, पाकिस्तान, आरएसएस, बांग्लादेश, इटली और अंबेडकर का नाम गूंजा. दरअसल, कांग्रेस विधायक डॉ इरफान अंसारी ने बीजेपी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आप लोग क्या सोच रहे हैं कि हमारे राम को जेल भेज देंगे और हनुमान चुप रहेगा। जेल का ताला टूटेगा और हमारे राम हेमंत छूटेंगे। वहीं भीमराव अंबेडकर और दलितों का मुद्दा उठाते हुए नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी और इरफान अंसारी भिड़ गये। उन्होंने कहा कि जब पाकिस्तान बन रहा था तो उस समय वहां 22% हिंदू थे। आज सिमट कर एक प्रतिशत रह गया है। यही हाल बांग्लादेश का है। बांग्लादेश में भी हिंदू दो प्रतिशत ही बचे हैं। वहीं भाजपा की ओर से भीमराव अंबेडकर को भारत रत्न देने को लेकर प्रतिक्रिया दी गई। इसका जवाब देते हुए इरफान अंसारी ने कहा कि राम मंदिर के शिलान्यास के समय देश के दलित राष्ट्रपति को नहीं बुलाया गया। राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा में आदिवासी राष्ट्रपति को नहीं बुलाया गया। यही है इन लोगों का आदिवासी दलित प्रेम। राम के पुजारी नहीं बल्कि राम के व्यापारी हैं। अमर बाउरी ने कहा कि ये लोग इटली के नुमाइंदे हैं। महात्मा गांधी की पुण्यतिथि और जयंती नहीं मानते हैं। डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि आप लोग कितने बड़े आदिवासी प्रेमी हैं यह तो पूरा देश देख रहा है। ये लोग नकली राम भक्त हैं।

### सरयू राय ने बढ़ते प्रदूषण का मामला सदन में उठाया



**रांची।** निर्दलीय विधायक सरयू राय ने शुक्रवार को सदन में झारखंड में बढ़ते हुए वायु प्रदूषण का मामला उठाया। श्री राय ने विधानसभा में शून्यकाल के दौरान उठाया। उन्होंने कहा कि राज्य में वायु प्रदूषण बढ़ने का मुख्य कारण झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के अधिकारियों, खासकर बोर्ड के सदस्य सचिव और कतिपय प्रदूषक उद्योगों के बीच सांठगांठ होता है। उद्योगों के परिसर में प्रदूषण मापने के लिये संयंत्र लगाये गये हैं। इसका निर्धारित कैलिब्रेशन हो रहा है या नहीं, इसकी जांच नहीं होती। यह जांच होनी चाहिए। उद्योगों में ऑनलाईन एवं ऑफलाईन पीएम.10 एनालाईजर लगाये गये हैं जो अधिकांशतः बंद पड़े रहते हैं। इन्हें बंद रखने वालों प्रदूषक उद्योगों के विरूद्ध झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद कार्रवाई नहीं करता है। एक अन्य मामले में सरयू राय ने चांडिल डैम से पीने की पानी सप्लाई करने का मामला उठाया। इस पर मंत्री बसंत सोरेन ने कहा कि शीघ्र जमशेदपुर जायेंगे और टाटा स्टील सहित संबंधित प्राधिकारों से वार्ता करेंगे। जमशेदपुर एवं समीपवर्ती इलाकों में पीने के लिए शुद्ध पानी की आपूर्ति सीधे चांडिल डैम से होगी। श्री राय ने सदन को बताया कि राष्ट्रीय जल नीति 1987, 2002 और 2012 के अनुसार किसी भी जलाशय के पानी का उपयोग करने में पेयजल की पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि फिलहाल चांडिल डैम से ही पानी नीचे स्वर्णरेखा नदी में आता है और जमशेदपुर, मानगो, मोहरदा आदि पेयजलापूर्ति योजनाओं से नदी का पानी खींचकर उसे शुद्ध करके पीने के लिए दिया जाता है। परंतु पिछले कुछ दिनों से स्वर्णरेखा, खरकई नदियों में औद्योगिक एवं नगरीय प्रदूषण बढ़ जाने से इन्हें साफ करने में काफी दिक्कतें आ रही हैं। विधायक सरयू राय के प्रश्न का उत्तर देते हुये मंत्री बसंत सोरेन ने कहा कि सतनाला डैम से जलापूर्ति करने में कोई दिक्कत नहीं है। परन्तु डिमना लेक पर टाटा स्टील का स्वामित्व है। इसलिये इस योजना को मूर्तरूप देने के लिये एक बार टाटा स्टील के साथ बातचीत करना आवश्यक है। इसके लिये वे स्वयं जमशेदपुर जायेंगे और एक उच्चस्तरीय बैठक बुलाकर मामले का समाधान करेंगे।

# झारखंड में पिछड़ों के साथ धोखा किया जा रहा है : महेश्वर साहू

- 27% आरक्षण पिछड़ों का संवैधानिक अधिकार है
- सत्ताधारी नेता झूठे आश्वासन दे रहे हैं

### वैश्य मोर्चा का विधानसभा के समक्ष चेतावनी महाधरना




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा की ओर से गुरुवार को ओबीसी को 27% आरक्षण देने, जाति आधारित जनगणना कराने, वैश्य आयोग का गठन, छोटे व्यवसायियों के 10 लाख रु. तक की ऋण माफी, वैश्यों लूटी गई जमीन वापस करने, हत्या, रंगदारी के खिलाफ विधानसभा भवन (कुप्ते ग्राम मैदान) के समक्ष चेतावनी महाधरना का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न जिलों से आये वैश्य मोर्चा के केंद्रीय पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष एवं प्रमुख कार्यकर्ता शामिल हुए। अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु एवं संचालन उप प्रधान महासचिव उपेन्द्र प्रसाद ने किया। मौके पर महेश्वर साहु ने कहा कि झारखंड में पिछड़ों के साथ धोखा किया जा रहा है। सत्ताधारी नेता झूठे आश्वासन दे रहे हैं। हमारी नौकरियों को किसी और को दिया जा रहा है। ओबीसी के छात्रों को उच्च स्तरीय शिक्षा में सुविधाएं उपलब्ध नहीं है। सरकार को समझना चाहिए कि ओबीसी को 27% आरक्षण से वंचित करना डॉ. भीमराव अंबेडकर के संविधान की अवहेलना है। जब तक ओबीसी को 27% आरक्षण नहीं मिल जाता है, वैश्य मोर्चा लड़ाई जारी रखेगी। अब गांव और प्रखंड स्तरीय अभियान चला कर सत्ताधारी नेताओं की पोल खोला जायेगा। लोकसभा चुनाव में सबक सिखाया जायेगा। वहीं, कार्यकारी अध्यक्ष सह झारखंड आंदोलनकारी रेखा मंडल ने कहा कि वैश्य मोर्चा झारखंड के वैश्य एवं पिछड़ों की लड़ाई लड़ रही है। हम लोग साथ खड़े हैं। जब तक हक नहीं मिलेगा, लड़ाई जारी रहेगी। कार्यकारी अध्यक्ष हीरानाथ साहु ने कहा कि हम लोग वैश्य एवं पिछड़ों को लाभ दिलाने के लिए अलग राज्य की लड़ाई लड़े थे, लेकिन हमारा ही हक अधिकार छीना जा रहा है। इसे कदापि बर्दास्त नहीं किया जायेगा। हाइकोर्ट के अधिवक्ता योगेन्द्र प्रसाद ने कहा कि संविधान और कानून से ऊपर कोई नहीं है। अगर सरकार तत्काल निर्णय नहीं लेती है तो कानून का सहारा लिया जायेगा। महाधरना के अंत में प्रस्ताव पारित कर मुख्यमंत्री से मांग की गई कि चालू विधानसभा के सत्र में ही ओबीसी को 27% आरक्षण, जाति आधारित जनगणना, वैश्य आयोग का गठन, छोटे दुकानदारों की 10 लाख रुपये तक की ऋण माफी, वैश्यों की लूटी गई जमीन वापस करने आदि मुद्दों पर सकारात्मक पहल की जाये। कार्यक्रम में वरीय उपाध्यक्ष मोहन साव, अश्विनी साहु, संजीव चौधरी, केंद्रीय उपाध्यक्ष सह अधिवक्ता सहदेव चौधरी, लक्ष्मण साहु, प्रधान महासचिव बीरेन्द्र कुमार, उप-प्रधान महासचिव इंदुभूषण गुप्ता, केंद्रीय महासचिव कपिल प्रसाद साहु, दिनेश्वर मंडल, संगठन महासचिव कृष्णा प्रसाद साहु, केंद्रीय सचिव रामाशंकर राजन, गुड्डू साहा, शिव नंदन प्रसाद, राजीव कुमार, संगठन सचिव अनिल वैश्य, केंद्रीय सदस्य नरेश साहु, भुनेश्वर साव,राजेश साव, जिलाध्यक्ष रोहित कुमार साहु, बसंत प्रसाद साहु, महिला मोर्चा की कार्यकारी अध्यक्ष नम्रता सोनी, महासचिव पूनम जायसवाल, युवा मोर्चा अध्यक्ष हलधर साहु, महासचिव दिवाकर साहु, पवन साहु, सुबोध कुमार, मुकेशलाल सिंदूरिया, उमेश ठाकुर, ओम प्रकाश साव आदि सैंकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# प्राइवेट अस्पतालों की मनमानी फीस व चार्ज पर नकेल

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा-लागू करें स्टैंडर्ड रेट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** प्राइवेट अस्पतालों की लूट-खसोट वाली व्यवस्था से आम से खास सभी लोग परेशान हैं। राज्य सरकारें और केंद्र सरकार ने ना तो सरकारी अस्पतालों की स्थिति ठीक की और ना ही प्राइवेट अस्पतालों की मनमर्जी को रोकने में दिलचस्पी दिखायी। यहां तक की केंद्र और राज्य सरकारें अब तक क्लिनिकल स्थापना के नियमों को भी लागू करने में विफल रही है। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को एक माह के अंदर स्टैंडर्ड रेट तय करने का आदेश दिया है। अगर सरकार ऐसा नहीं करती है तो सुप्रीम कोर्ट प्राइवेट अस्पतालों में भी सरकारी रेट लागू करने पर विचार करेगा।

**जानिश जुबैर खान ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की थी याचिका**

दरअसल वेटरंस फोरम फॉर ट्रांसपेरेंसी इन पब्लिक लाइफ की तरफ से अधिवक्ता जानिश जुबैर खान ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। याचिका में कहा गया था कि 14 साल पुराने क्लिनिकल स्थापना नियम को धारा 9 के तहत प्राइवेट अस्पतालों में अलग-अलग तरह की बीमारी के लिए रेट चार्ट निर्धारित करना है। केंद्र सरकार ने अब तक इसे ठीक ढंग से लागू नहीं किया है।

जिसकी वजह से प्राइवेट अस्पताल मनमाने तरीके से फीस व चार्ज वसूल रहे हैं। याचिका में यह भी कहा गया था कि अगर राज्य सरकारें इलाज की फीस व अन्य चार्ज की सीमा तय नहीं करती है तो केंद्र सरकार अपनी शक्तियों का इस्तेमाल कर आदेश जारी कर सकती है। लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं हो रहा है।



**स्वास्थ्य सेवा सभी का मौलिक अधिकार, सरकार जिम्मेदारी से बच नहीं सकती**

जानिश जुबैर खान की याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने प्राइवेट अस्पतालों द्वारा मनमाना फीस व चार्ज वसूलने पर नाराजगी जाहिर की। कोर्ट ने स्वास्थ्य मंत्रालय से कहा है कि सरकार अगले एक माह के भीतर महानगरों, बड़े शहरों और छोटे शहरों में अलग-अलग बीमारी व उसके इलाज के लिए मानक तय करे। वहीं केंद्र सरकार की ओर से अदालत को बताया गया कि बार-बार पत्र लिखने के बाद भी राज्य सरकारें इस पर ध्यान नहीं देती है। इस पर कोर्ट ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा सभी का मौलिक अधिकार है। कोई भी सरकार इस तरह अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकती है।

# पत्नी बिना वैध कारण पति से अलग रहती है तो भरण-पोषण राशि की हकदार नहीं : हाइकोर्ट

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने अपने एक आदेश में कहा है कि यदि कोई पत्नी बिना किसी वैध कारण के पति से अलग रहती है, तो वह भरण-पोषण की राशि की हकदार नहीं है। जस्टिस सुभाष चंद की कोर्ट ने रांची की फैमिली कोर्ट के उस फैसले को रद्द कर दिया, जिसमें अमित कुमार कच्छप नामक शख्स को आदेश दिया गया था कि वह अपनी पत्नी संगीता टोप्पो के भरण-पोषण के लिए प्रतिमाह 15 हजार रुपए दे। हाईकोर्ट ने कहा, दोनों पक्षों की ओर से पेश किए गए साक्ष्यों को देखने पर यह पाया गया कि प्रतिवादी बिना किसी उचित कारण के अपने पति से अलग रह रही है। इसके परिणामस्वरूप, दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 125 (4) के मद्देनजर वह किसी भी राशि के भरण-पोषण की हकदार नहीं है। संगीता टोप्पो ने रांची की फैमिली कोर्ट में अपने पति अमित कुमार कच्छप के खिलाफ दायर केस में आरोप लगाया था कि 2014 में आदिवासी रीति-रिवाजों के अनुसार शादी के बाद जब वह ससुराल गई तो उससे कार, फ्रिज और एलईडी टीवी सहित दहेज की मांग शुरू हो गई। उसने दावा किया कि पति और उसका परिवार इसके लिए दबाव डालता था।

पति छोटी-छोटी बातों पर उसकी उपेक्षा करता था, अक्सर शराब के नशे में उसके साथ दुर्व्यवहार करता था। उसने अपने पति पर एक महिला के साथ विवाहेतर संबंध रखने का आरोप भी लगाया। उसने भरण-पोषण के लिए प्रतिमाह 50 हजार रुपए का दावा ठोंका था। इस पर फैमिली कोर्ट ने उसके पक्ष में आदेश पारित करते हुए 30 अक्टूबर 2017 से हर माह 15 हजार रुपए का भरण-पोषण भत्ता निर्धारित किया था और पति को इस राशि का भुगतान करने को कहा था। फैमिली कोर्ट के इस फैसले के खिलाफ पति अमित कुमार कच्छप ने हाईकोर्ट में क्रिमिनल रिवीजन पिटीशन दायर किया था। उसका कहना था कि शादी के बाद उसकी पत्नी एक सप्ताह के लिए जमशेदपुर में उसके घर रही।

इसके बाद वह अपने परिजनों की कुछ दिनों तक सेवा करने के नाम पर रांची चली गयी। उसने कहा था कि 15 दिनों के भीतर वापस आ जाएगी, लेकिन बार-बार अनुरोध करने के बाद भी वह नहीं लौटी।

### सरायकेला डीसी हाईकोर्ट में हुए हाजिर, कोर्ट ने कहा

## प्रार्थी के जमीन पर निर्माण करने वाले जिम्मेदार अधिकारी के वेतन से वसूलें पांच लाख रुपये

रांची। सरायकेला में प्रार्थी की 9 डिसमिल जमीन पर सरकार के अधिकारियों द्वारा भवन निर्माण किए जाने मामले में दुर्गा हेमब्रम की याचिका झारखंड हाई कोर्ट में हुई। सुनवाई के दौरान सरायकेला- खरसावां डीसी कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए। वहीं भू राजस्व, भवन निर्माण सचिव कोर्ट में ऑनलाइन उपस्थित हुए। कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए कहा कि गरीब आदमी जिसके पास सक्षम अधिकारी तक अपनी आवाज पहुंचने का कोई तरीका नहीं है, उसकी जमीन पर सरकार के अधिकारी कब्जा कर भवन निर्माण करा ले रहे हैं। ये सरकार के अधिकारी लैंड माफिया तरह काम कर रहे हैं। इन अधिकारियों और वह माफियाओं में क्या अंतर रह गया है? कोर्ट ने दोषी अधिकारी को चिन्हित करने के लिए सेवानिवृत्त ज्यूडिशियल ऑफिसर के नेतृत्व में वन मैन कमेटी बनाने का निर्देश दिया। इस कमेटी की फीस का वहन प्रार्थी की जमीन पर कब्जा करने एवं उसपर भवन बनवाने वाले जिम्मेदार ऑफिसर या जिम्मेदार सरकारी एजेंसी से वसूला जाए। कोर्ट ने निर्देश दिया कि राज्य सरकार 3 माह के भीतर प्रार्थी को उक्त जमीन के बदले मुआवजा राशि का भुगतान करें। इसके अलावे जमीन पर भवन निर्माण करने मामले में जिम्मेदार अधिकारियों के वेतन से या ऐसी गलती करने वाले सरकार के एजेंसी से 5 लाख रुपए की वसूली की जाए। यह 5 लाख की राशि प्रार्थी को दी जाए। अगर दोषी सरकार के अधिकारी सेवानिवृत हो चुके हैं तो उनके सेवानिवृत्ति लाभ की राशि से उक्त 5 लाख रुपए की राशि का भुगतान किया जाए। हाई कोर्ट ने उक्त दिशा निर्देश देते हुए याचिका निष्पादित कर दी।

# रांची डीआईजी व एसएसपी हाईकोर्ट में हुए हाजिर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** 17 वर्षीय बेटी की सकुशल बरामदगी को लेकर उसकी मां के द्वारा दाखिल हेवियस कॉरपस की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। सुनवाई के दौरान डीआईजी साउथ छोटानागपुर रेंज अनूप बिरथरे और रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए। कोर्ट ने उनसे गुमशुदा लड़की के अब तक बरामद नहीं किए जाने का कारण पूछा। इस पर दोनों पुलिस अधिकारियों की ओर से बताया गया कि कल देर रात चांडिल के ग्रामीण क्षेत्र से लड़की को बरामद कर लिया गया है।

जो लड़की को भगा ले गया था वह 45 वर्षीय व्यक्ति है। बरामद लड़की अभी पुलिस के संरक्षण में है। कोर्ट ने लड़की को चाइल्ड वेलफेयर कमिटी के समक्ष प्रस्तुत करने एवं पुलिस को आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश देते हुए मामले को निष्पादित कर दिया। राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता सचिन कुमार एवं अधिवक्ता गौरव राज ने पैरवी की।

**गायब लड़की के बरामदगी की दी जानकारी**

दरअसल, नामकुम की रहने वाली एक महिला ने अपने 17 वर्षीय बच्ची के गुमशुदा होने को लेकर नामकुम थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

महिला का कहना है कि बुंडू निवासी जगन्नाथ महली उर्फ सुनील जो नामकुम में भी रहता है, वह उनकी बेटी को लेकर 7 फरवरी 2024 से गायब है। उसका मोबाइल भी स्विच ऑफ हो गया है, अब तक उनकी बेटी नहीं मिली है।

सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
01.03.2024
नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, षष्ठी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 228



12 मां बनने वाली हैं दीपिका पादुकोण

# पीएम आज झारखंड में, 35,700 करोड़ की देंगे सौगात
## सिंदरी हर्ल प्लांट राष्ट्र को सौंपेंगे, तीन ट्रेनों को दिखायेंगे हरी झंडी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**धनबाद, रांची।** पीएम मोदी एक मार्च को अपने दौरे पर झारखंड को 35,700 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। पीएम शुक्रवार की सुबह करीब 11 बजे धनबाद (झारखंड) पहुंचेंगे। सिंदरी हर्ल कारखाना राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इसके अलावा धनबाद-चंद्रपुरा के बीच वैकल्पिक रेल मार्ग सोनगर से अंडाल तक तीसरी व चौथी रेल लाइन और धनबाद से टाटानगर को जोड़ने वाली प्रधानखंता-भोजूडीह रेलमार्ग के दोहरीकरण का शिलान्यास भी करेंगे। इनमें 17,600 करोड़ रुपए से अधिक की कई रेल परियोजनाओं भी शामिल हैं। इसके साथ ही पीएम तीन ट्रेनों को हरी झंडी भी दिखायेंगे। बाद में सिंदरी में एक विशाल जनसभा में चुनावी हुंकार भी भरेंगे।

### रेल परियोजनाओं की सौगात

झारखंड में 17,600 करोड़ रुपये से अधिक की कई रेल परियोजनाओं का उद्घाटन, लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। परियोजनाओं में सोन नगर-अंडाल को जोड़ने वाली तीसरी और चौथी लाइन शामिल है। टोरी-शिवपुर पहली और दूसरी और बिराटोली-शिवपुर तीसरी रेलवे लाइन (टोरी-शिवपुर परियोजना का हिस्सा), मोहनपुर-हंसडीहा नई रेल लाइन, धनबाद-चंद्रपुरा रेल लाइन व अन्य। इन परियोजनाओं से राज्य में रेल सेवाओं का विस्तार होगा और क्षेत्र में सामाजिक-आर्थिक विकास होगा। इसके अलावा वह तीन ट्रेनों को हरी झंडी भी दिखायेंगे। इनमें देवघर-डिब्रूगढ़ ट्रेन सेवा, टाटानगर और बादामपहाड़ के बीच मेमू ट्रेन सेवा (दैनिक) और शिवपुर स्टेशन से लंबी दूरी की मालगाड़ी शामिल है।



### इन परियोजनाओं का करेंगे उद्घाटन

धनबाद में सिंदरी हर्ल कारखाना-8939 करोड़। टोरी शिवपुरी के बीच तीसरी रेल लाइन 894 करोड़। रामगढ़ में सीसीएल के नार्थ अर्मर सीएचपी-साइलो 293 करोड़। बोकारो के बोकारो थर्मल स्टेशन में रेट्रोफिटिंग पाल्यूशन कंट्रोल सिस्टम फ्यूल गैस डीसल्फराइजेशन (एफजीडी)-469 करोड़। चतरा में यूनिट-1 (660 मेगावाट) नार्थ कर्णपुरा एसटीपीपी-526 करोड़। टोरी-शिवपुर प्रथम व द्वितीय और बीराटोली-शिवपुरी के बीच 37.9 किलोमीटर तीसरी रेल लाइन परियोजना -3200 करोड़। मोहनपुर-हंसडीहा 38.110 किलोमीटर नई रेल लाइन-753 करोड़। देवघर-डिब्रूगढ़ और टाटा-बादामपहाड़ की नयी ट्रेन को हरी झंडी। शिवपुर स्टेशन से लांग हाल मालगाड़ी को हरी झंडी।

### देश का होगा तीसरा उर्वरक संयंत्र

पीएम मोदी हर्ल (हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड) सिंदरी उर्वरक संयंत्र राष्ट्र को समर्पित करेंगे। 8900 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से विकसित यह उर्वरक संयंत्र यूरिया क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक कदम है। इससे देश में प्रति वर्ष लगभग 12.7 एलएमटी स्वदेशी यूरिया उत्पादन बढ़ेगा। इससे देश के किसानों को लाभ होगा। गोरखपुर और रामागुंडम में उर्वरक संयंत्रों के पुनरुद्धार के बाद यह देश में पुनर्जीवित होने वाला तीसरा उर्वरक संयंत्र है, जिन्हें क्रमशः दिसंबर 2021 और नवंबर 2022 में प्रधान मंत्री द्वारा राष्ट्र को समर्पित किया गया था।

**क्या बोले डीआरएम :** गुरुवार को धनबल रेल मंडल के डीआरएम कमल किशोर सिन्हा ने कहा कि पीएम मोदी धनबाद रेल मंडल में 13674 करोड़ रुपये की लागत से होने जा रहे सात विकास योजनाओं का शिलान्यास करेंगे। इसके साथ ही 3953 करोड़ की लागत से हुए विकास कार्यो का उद्घाटन भी करेंगे। सबसे अहम सोननगर-अंडाल रेल लाइन पर तीसरी और चौथी रेल लाइन का निर्माण कार्य है। इसके निर्माण से न सिर्फ माल ट्रेनों को आवाजाही के लिए अलग से रेल लाइन मिल जायेगी, बल्कि यात्री ट्रेनें भी बेरोकटोक पटरी पर दौड़ सकेंगी। साथ ही भविष्य में इस रूट पर हाईस्पीड ट्रेनों को भी आसानी से चलाया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि इससे आर्थिक रूप से भी रेलवे को काफी फायदा होगा।

**इन परियोजनाओं का शिलान्यास:** प्रधानखंता-पाथरडीह बाजार-भोजूडीह रेल लाइन दोहरीकरण 17.10 किमी-350 करोड़। सिंदरी मार्शलिंग यार्ड का रिमाडलिंग और सिंदरी मार्शलिंग यार्ड से सिंदरी टाउन के बीच यर्ड का सुदृढ़ीकरण-63 करोड़। धनबाद चंद्रपुरा रेल मार्ग के जमुनियाटांड़-चंद्रपुरा के बीच 8 किमी रेल मार्ग का दोहरीकरण-167 करोड़। 28 किमी लंबे धनबाद-चंद्रपुरा वैकल्पिक रेल मार्ग परियोजना- 479 करोड़। सोन नगर अंडाल के बीच 305 किलोमीटर तीसरी और चौथी रेल लाइन-12334 करोड़। पतरातू-टोकिसुद के बीच 7.2 किलोमीटर रेल ओवर रेल लाइन-138 करोड़। कुजू -रांची रोड के बीच 7.27 किलोमीटर वाई कनेक्शन रेल मार्ग-143 करोड़।

# किसानों को सीएम सूखा राहत राशि तीन माह के भीतर : मंत्री
## भाजपा ने सदन में उठाया सूखा राहत मुआवजा का मामला

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने कहा है कि तीन माह के भीतर 5.57 लाख किसानों को सीएम सुखाड़ राहत योजना की राशि दे दी जायेगी। श्री पत्रलेख शुक्रवार को सदन की पहली पाली में भाजपा विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा के सवालों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि करीब साढ़े पांच लाख किसानों का सत्यापन हो चुका है। राज्य के 13 जिलों के सुखाड़ पीड़ित किसानों को योजना का लाभ दिया जायेगा। दरअसल, नीलकंठ सिंह मुंडा ने सुखा पीड़ित किसानों को मुआवजा नहीं मिलने का मामला सदन में उठाया था। इसपर मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के तहत 2022-23 में 33,63,201 आवेदन मिले थे। इनमें से 13.66 लाख किसानों को 478.4 करोड़ राशि का भुगतान किया गया है। 5.57 किसानों का सत्यापन हो चुका है। उन्हें जल्द पेमेंट किया जायेगा। 4.90 लाख किसानों का सत्यापन बाकी है। सत्यापन के बाद उन्हें पेमेंट होगा।

### सवैतनिक मातृत्व अवकाश

झारखंड सरकार तीन महीने के अंदर महिलाओं को सवैतनिक मातृत्व अवकाश देने की सुविधा शुरू करेगी। सदन में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने यह आश्वासन दिया है। विधायक अंबा प्रसाद ने सदन में यह सवाल उठाया था। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार और देश के अधिकांश राज्यों में शिशुओं की देखभाल के लिये महिलाओं को सवैतनिक अवकाश मिलता है। इसमें महिलाओं को उनके सेवा काल में 2 साल के लिए यह सुविधा दी जाती है। लेकिन झारखंड में ऐसा प्रावधान नहीं है। इसपर मंत्री ने कहा कि यह प्रस्ताव वित्त विभाग के पास विचाराधीन है। 3 महीने में इसे लागू करने की घोषणा की। इसके पहले बिरंची नारायण ने सदन शुरू होते ही कहा कि नेता प्रतिपक्ष बने 6 महीने हो गये, लेकिन अब तक सूचना आयुक्त की नियुक्ति नहीं हुई है। हजारों अपील पेंडिंग हैं। पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए जल्द आयोग का पुनर्गठन किया जाये। वहीं इरफान अंसारी ने जामताड़ा रेल हादसे का मामला सदन में उठाया। कहा रेलवे की लापरवाही से हादसा हुआ है।

### इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर आज से

**रांची।** इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर शुक्रवार से मोरहाबादी मैदान में शुरू हो रहा है। 11 मार्च तक चलने वाला यह ट्रेड फेयर सुबह 11 बजे से रात 9 बजे तक फेयर खुला रहेगा। इनमें 375 स्टॉल्स लगाये जा रहे हैं। इस फेयर में थाईलैंड, ईरान, अफगानिस्तान, बांग्लादेश, टर्की, घाना, मलेशिया समेत अन्य कुल 12 देश और 20 राज्यों के स्टॉल्स लगाये जा रहे हैं। इसकी तैयारी को लेकर गुरुवार को मार्केटिंग एसोसियेट्स के चिद्रुप शाह ने बताया कि यह ट्रेड फेयर बीटूसी और बीटूबी के लिए बेहतर मंच है। झारखंड चैंबर, बंगाल चैंबर और जीएस मार्केटिंग के संयुक्त तत्वावधान में पिछले दस वर्षों से लगाये जा रहे ट्रेड फेयर को रांची वासियों ने खूब सराहा है। टर्की के लैंप, थाईलैंड के एक्सेसरीज, बांग्लादेश की साडी, ईरान की हनी और सैफ्रौन समेत अन्य वस्तुएं इस ट्रेड फेयर के मुख्य आकर्षण हैं। यह राज्य के विकास में गति देने का प्रयास है।

## कैबिनेट से पोशाक भत्ता बढ़ाने सहित 40 प्रस्ताव मंजूर
# टाना भगत परिवारों को 200 यूनिट फ्री बिजली

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीएम चंपई सोरेन की अध्यक्षता में गुरुवार को कैबिनेट की बैठक में 40 प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी। बैठक में टाना भगतों के परिवारों को 200 यूनिट मासिक निशुल्क बिजली प्रदान करने की मंजूरी, राज्यकर्मियों का पोशाक भत्ता बढ़ाने की मंजूरी दे दी गयी। कैबिनेट ने रामरेखा जलाशय योजना के लिए 130 करोड़ की भी स्वीकृति दे दी। कस्तूरबा विद्यालयों में खाने के खर्च में भी वृद्धि को मंजूरी दे दी गयी। बैठक के बाद कैबिनेट सचिव अजय कुमार सिंह ने बैठक में लिये गये फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रांची में स्थित संबंधता प्राप्त उप शास्त्री इंटर और संस्कृत कालेजों के शिक्षक एवं शिक्षक कर्मी को भविष्य निधि सह उपादान का लाभ देने की स्वीकृति दी गयी। राज्य के विवि की तर्ज पर लाभ दिया जायेगा। राज्य के वैसे कर्मी जिनकी नियुक्ति विज्ञापन 2004 के पहले हुआ था पर योगदान एक दिसंबर 2004 के बाद किये थे और कंट्रीब्यूशन था, वह उन्हें अब लौटना नहीं होगा। ओल्ड पेंशन का भी लाभ होगा। राज सेवा करने के लिये पोशाक के लिये अब 2500 से बढ़ा कर 5000 रुपये दिया जायेगा। रामरेखा जलाशय योजना के लिए 130 करोड़ की स्वीकृति। (शेष 11 पर)

**पेपरलेस निकासी :** केंद्रीय योजनाओं के लिए कोषागार से राशि के निकासी और सारी व्यवस्था पेपरलेस होगी। वर्ल्ड ट्रेड सेंटर के निर्माण के लिए भारत सरकार की राशि का हिस्सा झारखंड सरकार वहन करेगी। 19 करोड़ रुपये झारखंड सरकार देगी। भारत सरकार ने राशि देने से मना कर दिया था, अब पूरी राशि 47 करोड़ राज्य सरकार देगी।

# आदिवासी नृत्य पर थिरकीं ममता, ढाक भी बजाया



**झाड़ग्राम।** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी गुरुवार को वह झाड़ग्राम में एक अलग मूड में थीं। राज्य के मंत्री बीरबाहा हांसदा के साथ ममता बनर्जी आदिवासी नृत्य में शामिल हुईं। कार्यक्रम मंच से उन्होंने भाजपा पर जम कर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अगर आप अप्रैल तक गरीबों के लिए घर नहीं बनाते हैं तो देखिएगा कि मैं क्या करूंगी। यानी उन्होंने बड़े कदम उठाने की चेतावनी दी है। उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने इंद्रनील सेन से जंगलमहल में एक टूरिस्ट सर्किट बनाने के लिए कहा था। ममता ने यह भी चेतावनी दी है कि अगर सारी और सरना धर्म को मान्यता नहीं दी गई तो वह बड़ा आंदोलन करेंगी।

# 55 दिनों से फरार शाहजहां शेख गिरफ्तार

एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में महिलाओं के नेतृत्व में हुये हिंसक विरोध प्रदर्शन और कई दिनों तक चले सियासी संग्राम के बाद गुरुवार तड़के 55 दिनों से फरार तृणमूल कांग्रेस के नेता शाहजहां शेख को गिरफ्तार कर लिया गया। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (दक्षिण बंगाल) सुप्रतिम सरकार ने कहा कि शेख को उत्तर 24 परगना जिले के सुंदरवन के बाहरी इलाके में संदेशखालि से लगभग 30 किमी दूर मिनाखान थाना क्षेत्र में एक घर से गिरफ्तार किया गया। वह कुछ साथियों के साथ उस घर में छिपा था। गिरफ्तारी के बाद उसे बशीरहाट अदालत में पेश किया गया। कोर्ट ने उसे 10 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। बाद में पुलिस उसे अज्ञात स्थान पर ले कर चली गयी। अदालत की कड़ी फटकार के बाद 24 घंटे के अंदर ही बंगाल पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया।



### इडी और सीबीआइ पहुंची कोर्ट

केंद्रीय एजेंसी सीबीआइ और इडी ने कलकत्ता हाइकोर्ट से कहा है कि बंगाल पुलिस की हिरासत में शेख शाहजहां को रखने पर राशन वितरण भ्रष्टाचार से संबंधित साक्ष्य नष्ट कर दिये जायेंगे। शाहजहां की गिरफ्तारी के बाद एजेंसी को यही डर सता रही है। केंद्रीय एजेंसी का कहना है कि बंगाल पुलिस की हिरासत से शाहजहां को इडी की हिरासत में दिया जाना चाहिए। कोर्ट ने कहा था कि बंगाल पुलिस के अलावा सीबीआइ और इडी भी आरोपी को गिरफ्तार कर सकती हैं।

**हिंसा खत्म करना ही होगा :** राज्यपाल सी वी आनंद बोस ने कहा, अंधकार के बाद उजाला जरूर होता है। मैं इसका स्वागत करता हूं। उन्होंने शेख की गिरफ्तारी के लिए सोमवार रात राज्य सरकार को 72 घंटे की समयसीमा दी थी। राज्यपाल ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, यह एक अंत की शुरूआत है। हमें बंगाल में हिंसा के चक्र को समाप्त करना होगा। बंगाल के कुछ हिस्सों में गुंडे राज कर रहे हैं। यह खत्म होना चाहिए और गैंगस्टर को सलाखों के पीछे डाला जाना चाहिए।

### इडी टीम पर भी किया था हमल

संदेशखाली में पांच जनवरी को लगभग एक हजार लोगों की भीड़ ने ईडी के अधिकारियों पर उस वक्त हमला कर दिया था जब वे राज्य में कथित राशन वितरण घोटाले की जांच के सिलसिले में शेख के परिसर पर छापेमारी के लिए गये थे। इसके बाद से वो फरार चल रहा था।

# झारखंड पलिस पड़ोसी राज्यों संग बना रही समन्वय

**(खबर मन्त्र ब्यूरो) रांची।** लोकसभा चुनाव में प्रतिबंधित संगठनों द्वारा किसी तरह की अप्रिय घटना को रोकने के लिए झारखंड पुलिस और प्रशासन अभी से ही तैयारी में जुट गयी है। इसको लेकर झारखंड पुलिस ने बिहार, यूपी, छत्तीसगढ़ और बंगाल के पुलिस अधिकारियों के साथ समन्वय बनाने का प्रयास कर रही है। झारखंड के आला अधिकारी चारों राज्यों के साथ हर एक बिंदु को साझा कर रहे है। उदाहरण के तौर पर पलामू लोकसभा क्षेत्र की सीमा छत्तीसगढ़, बिहार और उत्तर प्रदेश से सटी हुई है। पुलिस के आलाधिकारी तीनों राज्यों के साथ नक्सली अपराध समेत कई बिंदुओं पर सूची को साझा कर उसका निदान निकालने का प्रयास कर रहे है। पलामू के तत्कालीन जोनल आइजी राजकुमार लकड़ा (अभी जैप आइजी) ने कहा है कि पलामू आईजी के पद पर रहते हुए लोकसभा चुनाव को लेकर इंटर स्टेट कोऑर्डिनेशन किया है और कई बिंदुओं पर रिपोर्ट भी तैयार की है। आइजी ने कहा है कि राज्यों के साथ कई प्रकार की जानकारी के साझा किया गया है और समन्वय बनाया जा रहा है। चौकीदार से लेकर आला अधिकारी तक आपस में समन्वय स्थापित कर रहे हैं। (शेष 11 पर)

# एक करोड़ परिवारों को मिलेगी 300 यूनिट फ्री बिजली

## पीएम सूर्य योजना को मंजूरी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने छत पर सौर ऊर्जा स्थापित करने और एक करोड़ घरों के लिए हर महीने 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली प्रदान करने के लिए 75,021 करोड़ रुपये के कुल व्यय के साथ पीएम-सूर्य घर, मुफ्त बिजली योजना को मंजूरी दे दी है। पीएम मोदी की अध्यक्षता में गुरूवार को यहां हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। प्रधानमंत्री ने गत 13 फरवरी को इस योजना की शुरूआत की थी। यह योजना 2 किलोवाट सिस्टम के लिए सिस्टम लागत का 60 प्रतिशत सीएफए और 2 से 3 किलोवाट क्षमता के सिस्टम के लिए 40 प्रतिशत अतिरिक्त सिस्टम लागत प्रदान करती है। सीएफए को 3 किलोवाट पर सीमित किया जाएगा। मौजूदा बेंचमार्क कीमतों पर 1 किलोवाट सिस्टम के लिए 30,000 रुपये, 2 किलोवाट सिस्टम के लिए 60,000 रुपये और 3 किलोवाट सिस्टम या उससे अधिक के लिए 78,000 रुपये की सब्सिडी होगी। लोग परिवार राष्ट्रीय पोर्टल के माध्यम से सब्सिडी के लिए आवेदन करेंगे और छत पर सौर ऊर्जा स्थापित करने के लिए एक उपयुक्त विक्रेता का चयन करने में सक्षम होंगे। राष्ट्रीय पोर्टल उचित सिस्टम आकार, लाभ कैलकुलेटर, विक्रेता रेटिंग आदि जैसी प्रासंगिक जानकारी प्रदान करके परिवारों को उनकी निर्णय लेने की प्रक्रिया में सहायता करेगा। ग्रामीण क्षेत्रों में छत पर सौर ऊर्जा अपनाने के लिए रोल मॉडल के रूप में कार्य करने के लिए देश के प्रत्येक जिले में एक मॉडल सौर गांव विकसित किया जाएगा। शहरी स्थानीय निकाय और पंचायती राज संस्थान भी अपने क्षेत्रों में आरटीएस स्थापनाओं को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन से लाभान्वित होंगे। यह योजना नवीकरणीय ऊर्जा सेवा कंपनी (आरईएससीओ) आधारित मॉडलों के लिए भुगतान सुरक्षा के लिए एक घटक के साथ-साथ आरटीएस में नवीन परियोजनाओं के लिए एक फंड प्रदान करती है। योजना के माध्यम से परिवार बिजली बिल बचाने के साथ-साथ डिस्कॉम को अधिशेष बिजली की बिक्री के माध्यम से अतिरिक्त आय अर्जित कर सकेंगे। पीएम मोदी ने 13 फरवरी, 2024 को इस योजना की शुरूआत की थी। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कैबिनेट के इस फैसले की जानकारी दी है। (शेष 11 पर)



### मॉरीशस में हवाइ पट्टी जेट्टी का पीएम ने किया उद्घाटन

**नयी दिल्ली/पोर्ट लुइस।** पीएम मोदी और मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद जगन्नाथ ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मॉरीशस के अगालेगा द्वीप में छह सामुदायिक विकास परियोजनाओं के साथ-साथ नई हवाई पट्टी और सेंट जेम्स जेट्टी का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। दोनों ने इस बात पर खुशी जाहिर कि कि इन परियोजनाओं से मुख्य भूमि मॉरीशस और अगालेगा के बीच बेहतर कनेक्टिविटी की स्थापित होगी। इससे समुद्री सुरक्षा और मजबूत करेगा और सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा।

## न्यूज डायरी

### पीयूष पांडेय बनाये गये रांची के ग्रामीण एसपी

**रांची।** राज्य सरकार ने आईपीएस अधिकारी का तबादला किया है। पूर्व के तबादले के संशोधन भी किया है। गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवाओं की डीजी प्रिया दूबे को जैप का डीआइजी बनाया गया है। रामगढ़ एसपी पीयूष पांडेय को लातेहार एसपी के पद पर तबादले को विलोपित करते हुए उन्हें रांची का ग्रामीण एसपी बनाया गया है। बोकारो एसपी प्रियदर्शी आलोक को जगुआर में पदस्थापित किया है। वहीं रांची के ग्रामीण एसपी बनाये गये अंजनी अंजन लातेहार एसपी के पद पर बने रहेंगे।

### कई विभागों की अनुदान मांग को मंजूरी

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के पांचवें दिन गुरुवार को कई विभागों का अनुदान मांग (बजट) पास हुआ। इनमें कृषि पशुपालन विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग, पंचायती राज विभाग, निर्माण विभाग, नगर विकास एवं आवास विभाग, पेयजल स्वच्छता विभाग, जल संसाधन विभाग, पथ निर्माण विभाग, पर्यटन कला संस्कृति एवं खेलकूद विभाग, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई गवर्नेंस विभाग, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग सेकेंडरी, प्राथमिक, अनुसूचित जाति जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग शामिल हैं।

### पीएम मोदी आज से बंगाल दौरे पर

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी शुक्रवार को दो दिवसीय दौरे पर बंगाल पहुंचेंगे। नयी दिल्ली से वह सीधे दुर्गापुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। वहां से पहले झारखंड जायेंगे। झारखंड से वह बंगाल पहुंचेगे। दो मार्च को नदिया जिले के दौरे पर रहेंगे।

### रांची में कार का शीशा तोड़कर पांच लाख उड़ाया

**रांची।** डोरंडा थाना क्षेत्र के राजेंद्र चौक के पास कार का शीशा तोड़कर पांच लाख रुपये से भरा बैग लेकर अपराधी फरार हो गये। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के सहारे अपराधियों की गिरफ्तारी में जुटी है। जैप से रिटायर जवान हर्क बहादुर तमांग राजेंद्र चौक के पास एसबीआइ से पांच लाख रुपये निकाल कर घर जा रहे थे। मंदिर के पास कार खड़ी कर मंदिर में दर्शन करने गये। थोड़ी देर बाद बाहर निकले तो देखा कार का शीशा टूटा था और रुपयों से भरा बैग गायब था।

### नक्सली कैंप ध्वस्त

**चाईबासा।** नक्सलियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी है। इसी कड़ी में सुरक्षा बलों ने गुरुवार को पहाड़ी और जंगली इलाकों में आइइडी बम और स्पाइक होल बरामद किया है। इसके साथ ही पुराने और बड़े बंकर को भी ध्वस्त कर दिया है। सुरक्षाबलों को निशाना बनाने के लिए आइइडी लगाये गये थे।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 58,800 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 75,000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख



## स्पीड न्यूज

### महिला थाना प्रभारी ने दिया योगदान



**हुसैनाबाद पलामू।** हुसैनाबाद महिला एवं बाल संरक्षण थाना में गुरुवार को नवपदस्थापित प्रभारी पार्वती कुमारी ने योगदान दिया। उन्होंने कहा कि पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाना मेरी प्राथमिकता है। महिलाओं को डरने की जरूरत नही है।

### पकरी में शिवलिंग प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ शुरू



**तरहसी पलामू।** प्रखंड के पकरी में पांच दिवसीय रुद्र महायज्ञ सह शिवलिंग प्राण प्रतिष्ठा किया गया। इसे लेकर भव्य कलश यात्रा निकली। यात्रा शूगी होते हुए अमानत नदी पहुंची। जहां श्रद्धालु कलश में जल लेकर पुनः यज्ञ स्थल पहुंच वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश स्थापित किये। प्रवक्ता मानस कोकिला सुधा पांडे पंडित बालव्यास प्रवचन कर रहे हैं। मौके पर अध्यक्ष रामराज शर्मा, सचिव अशोक सिंह, कोषाध्यक्ष योगेश मेहता, शिवशंकर मेहता, रणधीर सिंह, संतोष सिंह थे।

### समता स्कूल के बच्चों ने प्राचार्य के जन्मदिन पर केक काटकर दी बधाई



**हुसैनाबाद पलामू।** शहर के अमन चैन मोहल्ला स्थित समता स्कूल परिसर में गुरुवार को स्कूल के बच्चों ने निर्देशक सह प्रधानाचार्य के जन्म दिन पर केक काटकर उन्हें बधाई दी और मिठाई खिलायी। वहीं संस्कृति कार्यक्रम भी हुआ। मौके पर विद्यालय के अध्यक्ष विनोद चौधरी, सचिव संतोष मिश्रा, किरण देवी, अंजली सिंह, सुधांशु सिंह, विनोद सिंह, अनुज सिंह, ओम प्रकाश सिंह, राहुल चौहान, बेबी शेख, विकास कुमार, दशरथ कुमार, कार्तिक कुमार, सलोनी कुमारी थे।

### विनोद सिंह बने संघ के जिलाध्यक्ष



**हुसैनाबाद पलामू।** हैदरनगर नगर प्रखंड शिक्षा परियोजना के सीआरपी शिक्षक विनोद सिंह राज्य बीआरसी सीआरपी व एसएस संघ के चुनाव में पलामू जिलाध्यक्ष पद पर दूसरी बार पदासीन हुए हैं। यह चुनाव राज्य शिक्षा परियोजना के द्वारा संचालित प्रखंड बीआरसी सीआरपी एस एस के कर्मी इसका सदस्य होते हैं। श्री विनोद ने कहा कि जिला भर बीआरपी, सीआरपी, एस एस के सदस्यों को धन्यवाद देते हैं कि उन्होंने मुझे पुनः चुना। मेरा प्रयास होगा कि सरकार द्वारा नियमावली को लागू करने, ईपीएफ कटौती, कल्याण कोष को लागू करवाने का काम करूंगा। उन्हें हुसैनाबाद मध्य जिप व जिला उपाध्यक्ष आलोक सिंह उर्फ टूटू, भाजपा नेता विनोद सिंह, सीआरपी/ बीआरसी कर्मियों में अखिलेश सिंह, अरुण सिंह, शंकर सिंह, बिनय सिंह, नीलम पाण्डेय, योगेंद्र राम, शत्रुघ्न सिंह, अरुण सिंह, मोहन दुबे, बीरेंद्र पाल, विनोद कुमार आदि ने बधाई दी है।

### डीसी के निर्देश पर एक क्रशर सील



**मेदिनीनगर।** जिले के उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन के निर्देश के आलोक में गुरुवार को जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने नौडीहा बाजार क्षेत्र में संचालित कई क्रशरों की जांच की। इस दौरान खनन नियमों का उल्लंघन करने पर मां भगवती स्टोन क्रशर को सील कर दिया गया। विदित है कि इसके पूर्व बुधवार को भी छतरपुर में संचालित विभिन्न क्रशरों का अपर समाहर्ता, खनन पदाधिकारी व छतरपुर एसडीएम ने निरीक्षण किया था।

**एक सप्ताह में 10 वाहन जब्त :** उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश के आलोक में जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने अवैध खनन भंडारण एवं परिवहन के रोकथाम को लेकर एक सप्ताह में बड़ी कार्रवाई की गयी है। डीएमओ के द्वारा अवैध खनन से जुड़े 10 वाहनों को जब्त किया गया एवं आठ वाहनों से 5 लाख 72 हजार 500 रुपये की वसूली की गयी है।

### राज्य सरकार किसान विरोधी : कृष्णा



**हुसैनाबाद पलामू।** किसान व मजदूर विरोध है राज्य की चम्पाई सरकार। उक्त बातें हुसैनाबाद व्यापार मंडल अध्यक्ष सह राष्ट्रीय समाजिक जनकल्याण संगठन के अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने कही। उन्होंने गुरुवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि राज्य सरकार द्वारा नई विद्युत नियामक शहरी क्षेत्र में 35 पैसा प्रति यूनिट व ग्रामीण क्षेत्र में 50 पैसे प्रति यूनिट बढ़ोतरी पर नाराजगी जाते हुए कही हैं। बीते दिनों झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग ने 2023-24 के लिए बिजली टैरिफ घोषणा की गयी हैं जिससे आने वाले समय में ग्रामीण उपभोक्ताओं पर शहरी उपभोक्ताओं से ज्यादा बोझ पड़ने वाली है। ग्रामीण क्षेत्र में फिक्स्ड चार्ज में 50 फीसदी की वृद्धि कर दी गयी है।

### रक्तदान कर बचायी मरीज की जान



**मेदिनीनगर।** गुरुवार की सुबह आरक्षी रामस्वरूप तिवारी ने ससुर के ऑपरेशन के लिए एक यूनिट ब्लड का आग्रह किया। ब्लड दिलवाने के लिए अस्पताल पहुंचने पर दो और गरीब लोगों ने तत्काल ब्लड का आग्रह करने लगे। इसपर विक्रांत दुबे ने आरक्षी विनीत मिश्रा एवं आरक्षी धीरज द्विवेदी को बुलाकर डॉ अरुण शुक्ला के यहां भर्ती मरीज कंचन तिवारी ग्राम ओड़नार थाना चैनपुर को एक यूनिट एवं मरिज शांति देवी को आरक्षी विनीत मिश्रा ने एक यूनिट ब्लड दिलवाकर दोनों मरीज को जीवनदान दिया।

### नाबालिग से दुष्कर्म करनेवाले को 20 वर्ष सश्रम आजीवन कारावास की सजा

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला व्यवहार न्यायालय के जिला व अपर सत्र न्यायाधीश चतुर्थ व स्पेशल जज पोक्सो केस के प्रेमनाथ पांडेय की अदालत ने नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनायी है। वही 20 हजार अर्थदंड भी लगाया है। अर्थ दंड की राशि नहीं देने पर 6 माह अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी। इस मामले में शिव बिगहा की महिला ने महिला व बाल संरक्षण थाना हुसैनाबाद थाना में नाबालिग पुत्री से दुष्कर्म के आरोपी महेंद्र पासवान के विरुद्ध शिकायत दर्ज करायी थी।

# विधानसभा में उठा पशु चिकित्सालय को अतिक्रमणमुक्त कराने का मामला

- पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने उठाया मामला
- लेस्लीगंज में स्थापित पशु चिकित्सालय पर है अतिक्रमण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**खास बातें :** वहीं पशु चिकित्सालय के जमीन पर दुकान बनाकर फाटक को बंद कर दिया गया है। जिस कारण पशु चिकित्सालय में वाहनों द्वारा सामान एवं बीमार पशु को नहीं लाया जाता है। इस जमीन को मुक्त कराने के लिए भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी लेस्लीगंज एवं थाना प्रभारी व अनुमंडल पदाधिकारी तथा अपर समाहर्ता पलामू से लगातार अनुरोध किया जा रहा है। अतिक्रमण को हटाने और पशु चिकित्सालय को अतिक्रमणमुक्त करने के लिए उपायुक्त से पशुपालन निदेशक द्वारा 27 फरवरी को पत्राचार किया गया है।

**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** पांकी विधायक डा शशिभूषण मेहता ने विधानसभा सत्र में पलामू जिला के नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड स्थित गांधी चौक के समीप पशु चिकित्सालय का मामला उठाते हुए कहा कि दीपनारायण सोनी के द्वारा पशु चिकित्सालय के मुख्य पथ पर दुकान लगाकर अतिक्रमण कर रास्ता को बंद कर दिया गया है। जिस कारण गंदगी का अंबार लगा रहता है। साथ ही रास्ता बंद रहने के कारण पशुपालक अपने मवेशियों को ईलाज कराने के लिए अस्पताल नहीं जा पाते हैं। यदि यह मामला अतिक्रमण से सही है तो क्या सरकार इस पर जनहित को देखते हुए कोई कारगर पहल करेगी। इसके जवाब में कहा गया कि यह बात सही है कि दीपनारायण सोनी द्वारा पशु अस्पताल के रास्ता को अवरूद्ध कर दिया गया है। जबकि जिला परिषद द्वारा दुकान बनाने के लिए पशु चिकित्सालय के जमीन पर शिलान्यास भी किया गया है।

# बघमनवा पंचायत सचिवालय में वार्ड सदस्यों का तीन दिवसीय प्रारंभिक प्रशिक्षण संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**



दीप जलाकर प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथि।

**बिश्रामपुर पलामू।** पंचायती राज्य विभाग एव सॉल्यूशन संस्थान के द्वारा बिश्रामपुर पंचायत के बघमनवा पंचायत सचिवालय के सभागार में वार्ड सदस्य का तीन दिवसीय प्रारंभिक प्रशिक्षण कार्यक्रम गुरुवार को संपन्न हो गया। इसमें सभी वार्ड सदस्यों को विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। ताकि ग्राम सभा का संचालन सुचारू रूप से हो सके और इसका लाभ यहां के आम जनता को लाभ मिल सके। प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर श्रीमति पूनम सिंह और आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि संविधान के 73 वा संशोधन के द्वारा त्रिस्तरीय पंचायती राज्य व्यवस्था की स्थापना, ग्राम पंचायत विकास योजना सहित वार्ड सदस्यों की भूमिका, संसाधन लिफाफा सामाजिक अंकेक्षण महिला एवं बाल समितियां तथा इत्यादि विषय पर वार्ड सदस्यों को प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर प्रखण्ड समन्वयक सतीश कुमार व अखिलेश कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

### पीएम किसान सम्मान निधि के लिए किसान काट रहे कार्यालय का चक्कर : अमित तिवारी

# किसानों को डरा रहे ब्लॉककर्मी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गयी योजना

**खबर मन्त्र संवाददाता**



ब्लॉक के कर्मचारी किसानों से भया दोहन कर रहे हैं एवं इसमें सुधार करने के लिए पैसे की मांग कर रहे हैं। किसानों का कहना है कि ब्लॉक के कर्मचारी जानबूझकर खाते को बंद कर रहे हैं ताकि किसानों से पैसे लिए जा सके। खासतौर से नीलांबर पितांबरपुर एवं हुसैनाबाद प्रखंड के किसानों ने व्यापक पैमाने पर इस तरह की शिकायत की है। किसान सम्मन निधि जो कि प्रधानमंत्री जी के द्वारा किसानों के सहयोग के लिए दिया जा रहा है यह भ्रष्टाचार और अव्यवस्था का भेंट चढ़ गया है। लाभार्थियों को लाभ नहीं मिल पा रहा है और वह किसान सम्मन निधि से वंचित हो जा रहा है। आज हजारों की संख्या में ऐसे किसान है जो इस लाभ से वंचित हो जा रहा है। बार-बार आग्रह करने के बाद भी इस पर कोई सार्थक प्रयास नहीं हो रहा है। ऐसे किसान जो इस लाभ से वंचित हो गये हैं इनके लिए प्रखंड स्तर पर जिला स्तर पर शिविर लगाकर समस्या का समाधान किया जाना चाहिए। केंद्र सरकार इस योजना के तहत किसानों को राशि दे रही है उसका लाभ किसानों को हर हाल में मिलनी चाहिए।

**मेदिनीनगर।** भाजपा पलामू जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि केंद्र सरकार के द्वारा किसानों को दी जा रही किसान सम्मन निधि को बिना कोई कारण बताए उनके खाता को फ्रिज कर दिया जा रहा है। इससे हजारों किसान इस योजना का लाभ लेने से वंचित हो जा रहे हैं।

ब्लॉक से ले कर जिला मुख्यालय तक किसान ऑफिसों के चक्कर काट रहे हैं पर उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही। जिन किसानों का लाभ मिलना एक बार रूक जा रहा है पुनः उनका सम्मान निधि नहीं आ रहा है। किसानों को खाद बीज एवं अन्य उपकरणों के लिए समय दर समय जो पैसा उपलब्ध कराया जा रहा है राज्य सरकार एवं प्रखंड कर्मचारियों की लापरवाही से इस प्रकार के लाभ से लोग वंचित हो जा रहे हैं और इसका कोई कारण भी नहीं बताया जा रहा है।

# नवनियुक्त एसडीपीओ से है सदर अनुमंडल क्षेत्र की जनता को काफी उम्मीद : दीपक

- झामुमो नेता और व्यवसायी धनंजय सोनी ने की नवनियुक्त एसडीपीओ से मुलाकात

**खबर मन्त्र संवाददाता**



एसडीपीओ को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित करते झामुमो नेता।

**मेदिनीनगर।** पलामू में नव पदस्थापित एसडीपीओ मणि भूषण प्रसाद का अनुभव पलामू मुख्यालय मेदिनीनगर के लिए उपयोगी साबित होगा। अपराध मुक्ति के साथ सोशल पुलिसिंग वाला जिला है पलामू, जहां नवनियुक्त एसडीपीओ के अनुभव का लाभ आम जनमानस को मिलेगा। ये बातें झामुमो के युवा नेता दीपक तिवारी ने कही। श्री तिवारी व व्यवसायी धनंजय सोनी पदस्थापना के उपरांत नवनियुक्त एसडीपीओ मणि भूषण प्रसाद से मुलाकात कर सदर एवं शहरी क्षेत्र में शांति व्यवस्था पर एक दूसरे का अनुभव साझा किया।

**खास बातें :** मौके पर श्री तिवारी ने कहा कि पुलिस अधीक्षक की कार्यतालिका पलामू में सशक्त पुलिसिंग के तौर पर स्थापित है। जनमानस के साथ तालमेल बैठाना पुलिस के लिए आवश्यक है, जिसमें सदर अनुमंडल पदाधिकारी को महारत हासिल है। आमजन के लिए सरल एवं सुलभ रहेंगे तो अपराध पर नियंत्रण पाने में सफलता मिलेगी। वहीं एसडीपीओ मणि भूषण प्रसाद ने भी समाजसेवी दीपक तिवारी एवं व्यवसायी धनंजय सोनी को समाजिक कार्यकर्ता, राजनीतिक कार्यकर्ता, व्यवसायी वर्ग को सुरक्षित रखने का भरोसा दिया। साथ ही बताया कि समाज का सहयोग ही पुलिसिंग की ताकत है। पलामू जिला में अपराध की चुनौती को निपटने के लिए पलामू पुलिस सदैव तत्पर रहेगी। मौके पर सोना महल के व्यवसायी धनंजय सोनी ने बताया कि पलामू का व्यवसाय जगत पलामू पुलिस के भरोसे सुरक्षित एवं समृद्ध रहा है। अनुभवी पुलिस पदाधिकारी का लाभ पलामू प्रमंडलीय मुख्यालय को मिलेगा। सदर थाना क्षेत्र की जनता को नये एसडीपीओ से काफी उम्मीद है। आशा है कि इनके नेतृत्व में सदर थाना क्षेत्र अपराधमुक्त व शांतिपूर्ण बनेगा।

### कृषि विभाग ने बांटा किसानों के बीच मूंग



**पाटन पलामू।** प्रखंड मुख्यालय में कृषि विभाग से सूगा लोइंगा पंचायत के 130 किसानों में मूंग बांटा गया। प्रति किसान चार-चार किलो मूंग दिया गया। पाटन प्रमुख प्रतिनिधि शक्ति शंकर गुप्ता एवं प्रभारी बीटीएम अभिमन्यु गुप्ता ने मूंग देते हुए कहा कि किसान मूंग की खेती कर आय भी बढ़ा सकते हैं। प्रभारी बीटीएम अभिमन्यु गुप्ता ने बताया कि किसानों का रजिस्ट्रेशन कर रशीद आधार जमा करना अनिवार्य है। कहा कि उनके द्वारा पाटन प्रखंड के सभी पंचायतों का रोस्टर बना कर बीज का वितरण किया जा रहा है।

### समाजसेवी राजेश्वर शर्मा भाजपा में हुए शामिल



**पांडू पलामू।** महुगांवा के समाजसेवी राजेश्वर शर्मा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के समक्ष भाजपा में शामिल हो गये। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल ने भाजपा कार्यालय में पार्टी का पट्टा देकर उनका स्वागत किया। राजेश्वर शर्मा ने कहा कि भाजपा ही केंद्र व राज्य के लिए उपयुक्त पार्टी है। मोदी का नेतृत्व में ही देश का विकास संभव है। भाजपा के नीति सिद्धांत से प्रभावित होकर उन्होंने पार्टी का दामन थामा। पूर्व में बाबूलाल के साथ कदम से कदम मिलाकर चला हूं। मौके पर भाजपा नेता कुमार गौरव भी मौजूद थे।

## सामाजिक कार्यकर्ता आशीष के नेतृत्व में 25 किमी तक पदयात्रा

- जमीन के बदले रैयतों को उचित मुआवजा देने की मांग

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सतबरवा पलामू।** भारत माला परियोजना के तहत रांची से विंढमगंज तक बन रहे फोरलेन सड़क निर्माण कार्य में सतबरवा प्रखंड क्षेत्र के चार पंचायत बकोरिया, रबदा, पोंची तथा बारी पंचायत के करीब बीस गांवों के रैयतों को उचित मुआवजा देने की मांग को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता आशीष सिन्हा के नेतृत्व में सतबरवा प्रखंड मुख्यालय से मेदनीनगर समाहरणालय तक (करीब 25 किमी) पदयात्रा की गई जिसमें कई रैयत भी शामिल हुए। पदयात्रा के उपरांत पलामू डीसी को पांच सूत्री मांगपत्र सौंपा गया। आशीष सिन्हा कहा कि रैयतों के जमीन की कीमत सरकार तथा एनएचएआई विभाग के द्वारा कौड़ी के भाव लग रही है जिसके कारण रैयतों में काफी असंतोष है। कई बार रैयतों के द्वारा बैठक के माध्यम से प्रशासन तथा विभाग को अपनी समस्या से अवगत कराया गया है।

## दंगवार चौकड़ी जाने वाली सड़क एक वर्ष में क्षतिग्रस्त, ग्रामीणों में आक्रोश

**गौतम पटेल**



**हुसैनाबाद पलामू।** अनुमंडल क्षेत्र के जपला दंगवार मुख्य सड़क से चौखंडी सलीमा जाने वाली सड़क निर्माण कार्य पूर्ण होने के एक वर्ष बाद से ही कई जगहों पर टूट गया है। जिससे लोगों को सड़क पर चलना मुश्किल हो गया है। युवाओं की बाइक भी कहीं ना कहीं प्रति दिन दुर्घटना होने की खबर मिलती है। ट्रैक्टर हो या फोर व्हीलर भी सड़क पर बने बड़े गड्ढे में दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। सड़क का निर्माण पीएम जीएसवाई योजना के तहत कराया गया है। इसे लेकर स्थानीय ग्रामीणों द्वारा ठेकेदार के विरुद्ध विभाग को भी जानकारी दी गयी। इसके बावजूद भी विभाग कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। स्थानीय ग्रामीण कामाख्या नारायण पाठक ने कहा कि ठेकेदार सड़क निर्माण के प्रारंभिक दौर से ही घटिया मैटेरियल लगाया है। जिसका विरोध भी स्थानीय लोगों ने किया है। सड़क निर्माण कार्य की उच्च स्तरीय जांच नहीं की गयी तो इस क्षेत्र के लोग आंदोलन को बाध्य होंगे।

## महिला किसानों को धान की खेती करने का मिला प्रशिक्षण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सतबरवा पलामू।** सतबरवा समृद्धि महिला किसान प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड ने समुन्नति फाउंडेशन तथा कोरटेवा एग्रीकल्चर साइंस से कंचन पैलेस में प्रखंड क्षेत्र के पांच पंचायत क्रमशः बकोरिया, रबदा, पोंची, दुलसुलमा तथा सतबरवा पंचायत के 120 महिला किसानों को डीएसआर विधि से धान की खेती करने को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण का उद्घाटन सखी मंडल के महिलाओं ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। जबकि प्रशिक्षक कोरटेवा के मो मुस्तकीम, सुमन्नति फाउंडेशन के निहार, अपराजिता, टीआरआई मो आकीब, बलराम, जेएसएलपीएस सतबरवा के आलोक कुमार, मो इमरान ने डीएसआर विधि से खेती करने को लेकर विस्तृत रूप से प्रशिक्षण दिया।

### ध्वस्त करने के बाद भी चल रहा ईंट भट्ठा

**मेदिनीनगर।** चैनपुर प्रखंड के ग्राम चेड़ाबार में स्थित अवैध चिमनी भट्ठा विगत 10 वर्षों से निर्बाध चल रहा है। जब इसकी सूचना खनन विभाग को मिला तो जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार 22 मार्च 2022 को कांड दर्ज करते हुए चिमनी भट्ठा को ध्वस्त किया। इसके बावजूद भट्ठा संचालक बबलू दुबे पिता परशुराम दुबे अपनी हरकतों से बाज नहीं आते हुए ईंट भट्ठा को जारी रखा। दूसरी बार खनन विभाग द्वारा 12 जनवरी 2024 को पुनः ध्वस्त करते हुए बबलू दुबे पर चैनपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराया गया।

## डॉ मृत्युंजय कुमार ने किया जीसीपीए कॉलेज परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण

- जीसीपीए कॉलेज में चल रही स्नातक सेमेस्टर 4 की परीक्षा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**छतरपुर पलामू।** जिले के छतरपुर स्थित गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल डिग्री कॉलेज में स्नातक सेमेस्टर 4 परीक्षाएं चल रहीं हैं। परीक्षा के दौरान एनपीयू के डॉ मृत्युंजय कुमार एवं डॉ मिथलेश कुमार ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वीक्षकों को नकल विहीन परीक्षा कराने को कहा। उन्होंने पाया कि जीसीपीए कॉलेज में कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न करायी जा रही है। ज्ञात हो कि जीसीपीए कॉलेज में एके सिंह डिग्री कॉलेज, जपला के विद्यार्थी परीक्षा दे रहे हैं। जीसीपीए कॉलेज के केंद्राधीक्षक प्रो जितेंद्र कुमार एवं परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि परीक्षा से पहले केंद्र के मुख्य द्वार पर परीक्षार्थियों की जांच की जा रही है।

### सुआ कौड़िया के मुखिया पति और पूर्व पंसस के नेतृत्व में दर्जनों लोग झामुमो में हुए शामिल



**मेदिनीनगर।** झामुमो पलामू का जनाधार पलामू की राजनीति में लगातार अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा के नेतृत्व में बढ़ रहा है। गुरुवार को इसी क्रम में सुआ कौड़िया के मुखिया पति और पूर्व पंचायत समिति सदस्य उपाध्याय सिंह के नेतृत्व में सुदर्शन सिंह और दर्जनों लोगों ने झामुमो का दामन थामा। झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व सीएम हेमंत सोरेन और झारखंड सरकार की लोकप्रियता और ज्यादा बढ़ी है, इसी वजह से पलामू में भी लोग झामुमो में शामिल हो रहे हैं। साथ ही पलामू अध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा के मेहनत और नेतृत्व में लगातार न्याय मार्च निकाल रहा है और जनता का जुड़ाव झामुमो में बढ़ा है। कार्यक्रम का संचालन सचिव सन्नू सिद्दिकी ने किया। मौके पर झामुमो जिलाध्यक्ष श्री सिन्हा ने कहा कि आज भाजपा लाख षड्यंत्र कर रही है परंतु हेमंत सोरेन की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है, उनके द्वारा शुरू की गयी योजनाएं मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के नेतृत्व में तेजी से लोगों तक पहुंच रही है।

### रानीदेवा बना क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच का विजेता

# खेल से एकता और अनुशासन का विकास होता है : कर्नल संजय सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**



विजेता टीम को पुरस्कृत करते अतिथि।

- कर्नल संजय सिंह ने कहा कि खेल खेल भावना से खेले जाते है जिससे आपसी भाईचारा निर्मित होता है। एक टीम हारती है और एक टीम जीतती है तो इसमें निराश होने की जरूरत नहीं है। हारने वाली टीम के खिलाड़ियों को सबक लेना चाहिए कि उनसे कहा गलती हुई है और उस गलती को सुधारकर आगे अपने खेल का जौहर दिखाना चाहिए। उन्होंने विजेता उपविजेता व कमेटी के सदस्यों को बधाई दी। मौके पर अवध नारायण सिंह शिव नारायण सिंह, सुग्रीव प्रसाद, विश्वनाथ पाल, डॉ सुनेश पाल, राजेश राम, शालिग्राम चौधरी, सुरेंद्र चौधरी, सोनु, विरेम पासवान, ललन राम, विशाल पटेल, उज्ज्वल, मोहित आदि भी थे।

**हैदरनगर (पलामू)।** प्रखंड के कबरा कलां पंचायत अंतर्गत मध्य विद्यालय के मैदान में नव युवक संघ क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित एक महीने से चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट का गुरुवार को समापन हुआ। जिसमें 16 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मैच रानी देवा बनाम पंचपोखरी के बीच खेला गया। जिसमें पंचपोखरी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 16 ओवरों में 136 रन बनाये जबकि रानीदेवा ने 17 ओवरों में 5 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। फाइनल मैच का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक सह किसान ब्रिगेड संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह विशिष्ट अतिथि पारता पंचायत के मुखिया कमल कुमार कौशल उप मुखिया प्रवेज आलम तथा समाजसेवी रामप्रवेश सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया।

# 120 महिला किसानों को डीएसआर विधि से धान की खेती करने का मिला प्रशिक्षण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



प्रशिक्षणार्थियों को सम्मानित करते अतिथि।

**सतबरवा पलामू।** धावाडीह समृद्धि महिला किसान प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के तत्वाधान में गुरुवार को समुन्नति फाउंडेशन तथा कोरटेवा एग्रीकल्चर साइंस के द्वारा कंचन ढाबा होटल में प्रखंड क्षेत्र के पांच पंचायत क्रमशः बारी, बोहिता, रेवारातु, धावाडीह तथा घुटुआ पंचायत के 120 महिला किसानों को धान की डीएसआर विधि से धान खेती करने को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का उद्घाटन सखी मंडल के महिलाओं ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। जबकि प्रशिक्षक के रूप में कोरटेवा के मो मुस्तकीम, टीआरआई मो आकीब, बलराम, जेएसएलपीएस सतबरवा के आलोक कुमार, मो इमरान ने डीएसआर विधि से खेती करने को लेकर विस्तृत रूप से प्रशिक्षण दिया गया। मो मुस्तकीम ने बताया कि डीएसआर तकनीकी के माध्यम से कम पानी में धान की खेती बेहतर ढंग से की जा सकती है, जो पलामू जैसे क्षेत्र के लिए काफी कारगर साबित होगी। उन्होंने बताया कि यह तकनीकी हमारे वायुमंडल को भी संरक्षित करने में अपना सहयोग प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि देश के विकास में किसानों का बहुत बड़ा योगदान है। प्रोजेक्टर के माध्यम से भी धान की खेती को लेकर महिला किसानों को बताया गया। वहीं धावाडीह समृद्धि के एफपीसी आनंद पाठक ने बताया कि सखी मंडल से जुड़े पांच पंचायत के महिला किसानों को डीएसआर विधि से धान की खेती करने को लेकर प्रशिक्षण दिया जा रहा है।


# बदलता खान-पान

आज के भारत में लोगों द्वारा खाद्यान्न की तुलना में दूध, फल और सब्जियों पर ज्यादा खर्च किया जा रहा है। वहीं ग्रामीण व शहरी परिवारों में अंडे, मछली और मांस पर भी खर्च बढ़ा है। इसको लोगों की आय में वृद्धि के बाद खानपान की आदतों में आए बदलाव के रूप में देखा जा रहा है। अब ये देखना दिलचस्प है कि वे किस प्रकार के खाद्य पदार्थों पर अधिक खर्च कर रहे हैं। यहां विश्लेषण भी जरूरी है कि यह परिवर्तन लोगों की खानपान की रुचियों में आए बदलाव का प्रतीक है या फिर ये आदतें बाजार की शक्तियों के प्रभाव में बदली हैं। दरअसल, हालिया किसान आंदोलन में किसानों की बड़ी मांग खाद्यान्नों के लिये न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनी रूप देने की रही है। लेकिन बाजार में विस्तार डेयरी, बागवानी, पशुपालन, मत्स्य पालन और सब्जियों के उत्पादन को मिल रहा है, जो कि न्यूनतम समर्थन मूल्य के दायरे में नहीं आते। दरअसल, वर्ष 2022-23 के सामने आए नवीनतम घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण यानी एचसीईएस में भारतीयों के खाद्य बजट में खाद्यान्नों के खर्च में गिरावट की ओर इशारा किया है। जिसमें गेहूं, चावल और चीनी पर होने वाले खर्च में कमी देखी गई है। यही रुझान कुछ बदलावों के साथ ग्रामीण उपभोक्ताओं की खानपान की आदतों में आ रहे बदलाव के रूप में भी सामने आता है। इस प्रवृत्ति को एक जर्मन विशेषज्ञ के सिद्धांत के रूप में भी दशार्या जा रहा है जिसमें कहा गया है कि आय बढ़ने के साथ लोगों का खाद्यान्नों पर खर्चा कम होता है और फल, सब्जी, डेयरी उत्पादों को तरजीह दी जाती है। असल में, लोगों के व्यवहार में यह बदलाव कैलोरी प्रदान करने वाले खाद्य पदार्थों से लेकर प्रोटीन और सूक्ष्म पोषक तत्वों वाले खाद्य पदार्थों के उपभोग के नजरिये से भी हो रहा है।

# इंटरनेट का बंद होना

सही मायनों में आधुनिक युग में इंटरनेट जीवन प्रवाह का पर्याय बनकर उभरा है। यहां तक कि एक मामले में सुप्रीम कोर्ट भी टिप्पणी कर चुका है कि इंटरनेट के माध्यम से सूचना तक पहुंच भारतीय संविधान के तहत दिया गया एक मौलिक अधिकार है। एक संसदीय समिति ने भी अपनी रिपोर्ट में इंटरनेट प्रतिबंध से जुड़े सरकार के फैसलों पर सवालिया निशान लगाते हुए इस मामले में ज्यादा पारदर्शिता अपनाने की जरूरत बतायी। हालांकि, अक्सर सरकार की दलील होती है कि यह प्रतिबंध सुरक्षा-कानून व्यवस्था को बनाये रखने के लिए लगाया गया। इससे न केवल नागरिकों की दिनचर्या बुरी तरह प्रभावित होती है बल्कि कारोबार को भी करोड़ों का नुकसान उठाना पड़ता है। आजकल जब छात्र बोर्ड की परीक्षाओं में लगे हैं तो उनकी परेशानियों का अंदाजा लगाना कठिन नहीं है। हाल के वर्षों में भारत में इंटरनेट पर प्रतिबंध लगाने की प्रवृत्ति इतनी अधिक देखी गई है कि भारत को इंटरनेट शटडाउन का बादशाह तक कह दिया जाता है। बताते हैं कि वर्ष 2021 में दुनिया में इंटरनेट प्रतिबंध के जो 182 मामले दर्ज किये गए, उसमें 106 भारत में हुए। इंटरनेट सेवा बंद होने से सबसे बड़ी आर्थिक चोट पहुंचती है। एक घंटे इंटरनेट बंद होने से करोड़ों का नुकसान होता है। एक तरफ तो सरकार डिजिटल इंडिया की कामयाबी पर इतराती है। लोगों को ज्यादा से ज्यादा बैंकिंग, कारोबार, लेन-देन और पढ़ाई को ऑनलाइन करने की दुहाई देती है। वहीं दूसरी ओर एक झटके में इंटरनेट पर प्रतिबंध लगा देती है। भले ही इंटरनेट और अन्य कंपनियों में पश्चिमी देशों के अपने आर्थिक हित निहित होते हैं। आज इंटरनेट बंद होने का अर्थ है व्यवस्था का बंद हो जाना। क्या विकसित होते भारत में यह एक शर्मनाक स्थिति नहीं है।

# लोकसभा-विधानसभा चुनाव एक साथ हो



**प्रधानमंत्री** ने कहा था कि लोकसभा एवं राज्य विधानसभा चुनाव एक साथ कराने के विषय पर चर्चा शुरू करने का समय आ गया है। प्रधानमंत्री के अनुसार अलग-अलग समय पर चुनाव होने से देश में हमेशा मतदान जैसा माहौल बना रहता है, जिससे प्रशासनिक असुविधाओं के साथ ही आर्थिक सुधारों की प्रक्रिया में भी बाधा पहुंचती है।

बात यहां तक तो ठीक है, लेकिन एक ठोस सवाल यह है कि लगभग दो अरब लोग साथ-साथ मतदान करेंगे तो इसके लिए पुख्ता व्यवस्था कैसे हो पाएगी। यह भी मान लें एक निश्चित अवधि में, मसलन 12 हफ्तों के दौरान, मतदान की प्रक्रिया चलती है तो भी क्या इसका प्रबंधन करना आसान होगा? क्या इसमें प्रशासनिक एवं मतों की गिनती आदि में आने वाली दिक्कतों का अंदाजा लगाया जा सकता है? चुनाव आयोग इन विषयों पर विस्तार से सब कुछ बतानें की स्थिति में होगा। दूसरी तरफ एक विकल्प से दूसरे विकल्प की तरफ से बढ? पर होने वाले कुछ नुकसान से जुड़ा पहलू भी उठाया जा सकता है। आर्थिक सुधार तेज गति से नहीं होने से अर्थव्यवस्था को कितना नुकसान पहुंचता है? अर्थशास्त्री इस पर विस्तार से बता पाने की स्थिति में होंगे।

### निष्क्रियता का बहाना

तो क्या यह व्यावहारिक क्रियान्वयन में आने वाली चुनौतियों बनाम उत्पादन नुकसान से जुड़ा विषय है, जो बाद में आर्थिक गतिविधियों में ठहराव का कारण बनता है? क्या यह स्थिति ठीक है? अगर ऐसा नहीं है तो स्पष्ट नजर आने वाली एक मुश्किल परिस्थिति का दूसरा विकल्प क्या है?

पिछले दो दशकों से मैं लोकसभा एवं विधानसभा के चुनाव साथ कराने की वकालत करता रहा है। मेरे कई सुझाव प्रशासनिक, राजनीतिक एवं संवैधानिक आधारों पर खारिज किए जा चुके हैं। मैं इन आपत्तियों की समीक्षा करना चाहूंगा।

पहली बात तो सभी प्रशासनिक पहलू से जुड़ीआपत्ति संसाधनों की उपलब्धता से जुड़ी होती हैं। धन, मानव संसाधन और तकनीक की मदद से इनका समाधान किया जा सकता है। आधार परियोजना की तरह पांच वर्षों का इसी तरह का अभियान प्रशासनिक चुनौतियों से निजात दिला सकता है। दूसरा महत्त्वपूर्ण पहलू यह है कि राजनीतिक आपत्ति मतदाताओं के विरोध की सीमा से जुड़ा है।



-सुधीर शर्मा

पहली बात तो सभी प्रशासनिक पहलू से जुड़ीआपत्ति संसाधनों की उपलब्धता से जुड़ी होती हैं। धन, मानव संसाधन और तकनीक की मदद से इनका समाधान किया जा सकता है। आधार परियोजना की तरह पांच वर्षों का इसी तरह का अभियान प्रशासनिक चुनौतियों से निजात दिला सकता है। दूसरा महत्त्वपूर्ण पहलू यह है कि राजनीतिक आपत्ति मतदाताओं के विरोध की सीमा से जुड़ा है।

राजनीतिक दलों का मानना है कि मतदाता सत्तासीन दलों के प्रति पूर्वग्रह से ग्रसित होंगे, खासकर तब जब उनमें कोई केंद्र में सत्तारूढ़ होगा। हालांकि पहली आपत्ति के संबंध में साक्ष्य पूरी तरह निष्कर्ष पर पहुंचाने वाले नहीं हैं। इसके बजाय यह दूसरी चिंताओं की तरफ इशारा करता है।

मतदाता को नासमझ नहीं माना जा सकता। वे निवर्तमान सरकारों को सबक सिखाने के साथ ही लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव के बीच अंतर और महत्त्व को भली-भांति समझते हैं। तीसरी आपत्ति सांविधानिक है, जो अधिक गंभीर है। इनके लिए संविधान में संशोधन की जरूरत होगी, जो कतई आसान काम नहीं होता है। अंत में मामला इस प्रश्न पर आकर टिकेगा कि साथ-साथ चुनाव कराने से संविधान के मूलभूत ढांचे में बदलाव आएगा या नहीं? मुझे ऐसा नहीं लगता, लेकिन कई दूसरे लोगों को ऐसा लगता है। केवल उच्चतम न्यायालय ही इसका निर्णय ले सकता है।

### अलग हो सोच

तमाम पहलुओं पर विचार करने के बाद हमें एक अच्छा एवं अनोखा समाधान चाहिए नहीं तो अनुच्छेद 370 की तरह ही हम इस विषय पर भी बहस करते रह जाएंगे। अगर ऐसा कोई समाधान निकलता है तो इसके तीन हिस्से हो सकते हैं। सबसे पहले चुनाव आयोग के पास ऐसी तकनीक उपलब्ध होनी चाहिए, जिससे वह एक साथ, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कार्य संपन्न कर सके। इसके साथ ही लोकसभा और विधानसभाओं का कार्यकाल मौजूदा 60 महीनों से बढ़ाकर 66 महीने किया जाना चाहिए। यह अतिरिक्त छह महीने चुनावों- दो महीने लोकसभा और चार महीने विधानसभा- के लिए होना चाहिए।

### कुछ बेहतर प्रयोग

तीसरे उपाय के रूप में एक क्षेत्रीय संसद की व्यवस्था होनी चाहिए, जो लोकसभा के सदस्यों का चुनाव कर सके। मैं इसके लिए भी पिछले दो दशकों से जोर देता रहा हूं। क्षेत्रीय संसद का चुनाव राज्य विधानसभाओं का एक समूह करेगा। इस क्षेत्रीय संसद में शुद्ध स्थानीय हितों को जगह मिलेगी क्योंकि लोकसभा सांसद अपनी भूमिका बिल्कुल अलग रूप में देखेंगे। ऐसी व्यवस्था तैयार करने के लिए यूरोपीय संसद से सीख ली जा सकती है।

अंत में, गहरे राजनीतिक सुधार को परेटो सिद्धांत के चश्मे से देखना उपयुक्त नहीं माना जा सकता है और कम से कम इसे परेटो सिद्धांत के चश्मे से देखना तो और गलत बात होगी। 19वीं शताब्दी में इटली के अर्थशास्त्री विलफ्रेडो परेटो ने कहा था कि एक जगह विकल्प से दूसरे विकल्प की तरफ बढ़ता है। तभी सही माना जा सकता है जब इस प्रक्रिया में किसी भी व्यक्ति को भी कोई नुकसान नहीं पहुंचता है।

सवाल यह भी है कि सरकारों पर अंकुश लगाने में इन बीच के चुनावों का बड़ा रोल होता है। आज पेट्रोलियम के बढ़ें मूल्य से आम लोग परेशान है महंगाई का एक बड़ा कारण है हिमाचल की हार का यह एक बड़ा कारण है। पांच साल तक अंकुशपूर्ण शासन की प्रकिया लोकतांत्रिक मूल्यों के लिये आवश्यक है। आर्थिक पहलू परविमर्श आवश्यक है और चुनाव सुधार से आर्थिक कठिनाई कम हो जायेगी अगर चुनाव फिनलैंड की तर्ज पर ऑनलाइन करा दिया जाए।

एक छोटी आबादी को छोड़कर दूसरे समूहों के लिए इस सिद्धांत का लक्ष्य हासिल करना लगभग असंभव है। दुर्भाग्य से सभी गैर-सुधारवादी इसी मानदंड का पालने करने की तरफ झुकाव रखते हैं। यह निष्क्रियता एवं पूर्ण बरबादी के लिए तैयार नुस्खे जैसा ही है।

(लेखक शिक्षाविद सह काउंसलर हैं।)

## खास बात

### कानून की अवधारणा

**सोमसुदंरम शेखरम**

भारत में कानून का एक अविभाज्य एवं मौलिक चरित्र यह है कि किसी अपराध के लिए आरोपित किए गए किसी भी व्यक्ति को अपने ही खिलाफ गवाही देने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता है। यह अवधारणा संविधान के उस खंड में प्रतिष्ठापित है जिसे बुनियादी ढांचा माना जाता है और जिसे बदला नहीं जा सकता है। फिर भी बीते दशकों में इसे बदलने की कोशिशें बारंबार हुई हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने हाल ही में बहुमत से दिए अपने एक निर्णय में स्पष्ट, तर्कसंगत एवं प्रभावी तरीके से कहा है कि मादक पदार्थ निरोधक कानून के तहत अधिकारियों के समक्ष की गई अपराध स्वीकृति को साक्ष्य के तौर पर नहीं पेश किया जा सकता है।

समाज के लिए पर्याप्त रूप से उकसाऊ माने जाने वाले मुद्दों पर बने कानूनों में खुद को दोषी न ठहराने के संवैधानिक सिद्धांत का उल्लंघन पाया जाता है। खासकर मादक पदार्थों के इस्तेमाल एवं आतंकवाद से लड? के लिए बने कानूनों में आसानी से ऐसे प्रावधान पाए जाते हैं जो आत्म-दोषीकरण के विरुद्ध मिले संवैधानिक संरक्षण को कमजोर करते हैं।

आत्म-दोषीकरण के खिलाफ संवैधानिक सिद्धांत समाज के लिए महत्त्वपूर्ण एवं अत्यावश्यक घटक है। अगर कानून खुद को दोषी ठहराने की अनुमति देते तो कार्यपालिका आपराधिक मामलों को निपटाने और अपराधियों की धरपकड़ के दावे कहीं आसानी से कर देती। असली अपराधी तो बच जाते लेकिन गरीबों को बुरी तरह से प्रताड़ित कर अपराध कबूल करने के लिए बाध्य कर दिया जाता और उस मामले की फाइल भी बंद हो जाती। इस तरह अपराध का सिलसिला जारी रहता क्योंकि असली अपराधी तो कानून की गिरफ्त में आने से बचे रहते और अधिक संख्या में वारदात को अंजाम देते। लेकिन अपराध के हरेक मामले को अपराध स्वीकृति के दम पर हल करने का दावा किया जाता। वैज्ञानिक अध्ययनों में यह बात सिद्ध भी हो चुकी है कि इंसानी दिमाग एक अपराध-स्वीकृति के लिए गलत स्मृति भी विकसित कर सकता है।भारत में साक्ष्य का कानून किसी भी तरह के दबाव, वादे या धमकी के बाद किए गए कबूलनामे में हैं।

# विद्यापति का कवित्व

## विचार-प्रवाह

**-अशोक प्रवृद्ध**

**महाकवि** की जन्म तिथि व जन्म स्थान की तरह ही उनकी बाल्यावस्था के बारे में भी विशेष जानकारी नहीं है।एक किंवदन्ती के अनुसार बालक विद्यापति बचपन से तीव्र और कवि स्वभाव के थे। एक दिन जब ये आठ वर्ष के थे तब अपने पिता गणपति ठाकुर के साथ शिवसेंह के राजदरबार में पहुँचे। राजा शिवसिंह के कहने पर इन्होंनेदो पंक्तियों का पद्य निर्माण किया-

पोखरि रजोखरि अरु सब पोखरा।
राजा शिवसिंह अरु सब छोकरा।।

जनश्रुतियों के अनुसार विद्यापति ने प्रसिद्ध हरिमिश्र से विद्या ग्रहण की थी। विख्यात नैयायिक जयदेव मिश्र उर्फ पक्षधर मिश्र इनके सहपाठी थे। महाकवि अपने पिता गणपति ठाकुर के साथ बचपन से ही राजदरबार में जाया करते थे। किन्तु चौदहवीं सदी का शेषार्ध मिथिला के लिए अशान्ति और कलह का काल था। राजा गणेश्वर की हत्या असलान नामक यवन-सरदार ने कर दी थी। कवि के समवयस्क एवं राजा गणेश्वर के पुत्र कीर्तिसिंह अपने खोये राज्य की प्राप्ति तथा पिता की हत्या का बदला लेने के लिए प्रयत्नशील थे। संभवतः इसी समय महाकवि ने नसरतशाह और गियासुद्दीन आश्रमशाह जैसे महपुरुषों के लिए कुछ पदों की रचना की। राजा शिवसिंह विद्यापति के बालसखा और मित्र थे, अतः उनके शासन-काल के लगभग चार वर्ष का काल महाकवि के जीवन का सबसे सुखद समय था। राजा शिवसिंह ने उन्हें यथेष्ठ सम्मान दिया। बिसपी गांव उन्हें दान में पारितोषिक के रुप में दिया।

देश के युवा बनाएंगे विकसित भारत, लिखेंगे कल के भारत की तकदीर!

विकसित भारत को आकार, दिशा और गति देने में देश के वैसे युवा सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे जो 18 साल के हो रहे हैं और पहली बार 18वीं लोकसभा के लिए होनेवाले चुनाव में वोट डालेंगे। **- अन्नपूर्णा देवी, केन्द्रीय मंत्री**

## आपके X ट्वीट

शिक्षा ना सिर्फ एक व्यक्ति, बल्कि उसके परिवार समेत पूरे समाज में परिवर्तन ला सकती है। सरकार ने हजारों प्राइमरी स्कूलों को बंद कर दिया था, वहीं हमारी सरकार पंचायत स्तर के 4036 स्कूलों को आदर्श विद्यालय के तौर पर विकसित करेगी। **- चंपाई सोरेन, सीएम**





मोदी जी ह्यनई गारंटियों से पहले पुरानी गारंटियों का हिसाब करो।
2 करोड़ नौकरी हर साल की गारंटी - झूठ
किसान की आय दोगुनी करने की गारंटी - झूठ
काला धन वापस लाने की गारंटी - झूठ **– राहुल गांधी, सांसद**

## कार्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### पेपर लीक पर कार्रवाई

उ.प्र. में पुलिस कर्मियों की भर्ती सरकार ने रद्द कर दिया है। करीब 48 लाख युवाओं ने इस परीक्षा में भाग लिया और उम्मीद थी कि शीघ्र ही पुलिस की नौकरी मिल जाएगी। लीक की ये घटना युवा मन में कुंठा पैदा करता है। उ.प्र. के मुख्यमंत्री कड़ी कार्रवाई के पक्षधर रहे हैं। उन्होंने स्वयं कहा कि कार्रवाई ऐसी की जाएगी जो नजीर पेश होगी। इसलिए कड़ी कार्रवाई होनी ही चाहिए। **– रवि कुमार, रांची**

### विज्ञान की सोच

अठाईस फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है, इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की विज्ञान में रुचि बढ़ाना है। देश विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। हाल ही में चंद्रयान-3 की सफलता ने दुनिया को बता दिया कि देश विज्ञान के क्षेत्र में भी काफी विकास कर रहा है। सरकार को चाहिए कि वो विज्ञान की पढ़ाई की तरफ गंभीरता दिखाए।

**– रमाशंकर सिंह, रांची**

# कॉरपोरेट घरानों को बैंक का लाइसेंस देने का वक्त

**नागेन्द्र सिंह**

**इस** बारे में अंतिम निर्णय लिया जा चुका है। यह प्रतिक्रिया एक वरिष्ठ बैंकर ने उस समय दी जब उनसे भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आंतरिक कार्य समूह की उस रिपोर्ट के बारे में पूछा गया जो निजी क्षेत्र के बैंकों के स्वामित्व मानकों और कॉर्पोरेट ढांचे से संबंधित है। समूह ने अन्य बातों के साथ यह अनुशंसा की है कि बड़े कारोबारी घरानों को चुनिंदा शर्तों के साथ बैंकिंग कारोबार में प्रवेश करने दिया जाए। बैंकर का मानना है कि पश्चिम भारत के चुनिंदा बड़े कारोबारी घराने जल्दी ही बैंकिंग कारोबार में नजर आ सकते हैं।

वह ऐसा क्यों कह रहे हैं? क्या उन्हें कुछ ऐसा पता है जो बाकी लोगों को नहीं पता? सपाट चेहरे के साथ वह कहते हैं कि जब समूह के अधिकांश सदस्य खिलाफ थे तो यह अनुशंसा रिपोर्ट में कैसे आई? दरअसल पांच में से चार सदस्य कारोबारी घरानों को बैंकिंग कारोबार में प्रवेश देने के खिलाफ थे। यह एक अतिरंजित नजरिया है। दूसरा नजरिया कहता है यह आरबीआई की रिपोर्ट नहीं है। क्या इसे गंभीरता से लेना चाहिए? संभव है कि इस अनुशंसा को आरबीआई की इजाजत न मिले। हो सकता है अंतिम निर्णय लेने के लिए एक बाहरी समिति का गठन हो। यदि बड़े औद्योगिक घरानों को बैंक खोलने की इजाजत मिल गई तो क्या होगा? सन 2013 के लाइसेंस मानकों में भी उनके प्रवेश का विरोध नहीं किया गया था। उस वक्त करीब दो दर्जन कॉर्पोरेट घराने बैंक खोलना चाहते थे

## आर्थिक

लेकिन आरबीआई ने किसी को इसके काबिल नहीं पाया। उनमें से दो ने तो चयन के पहले ही अपने आवेदन वापस ले लिए थे। एक शर्त यह थी कि बैंक का संचालन एक नॉन ऑपरेटिव फाइनैंशियल होल्डिंग कंपनी (एनओएफएचसी) के माध्यम से किया जाए।

बाद में जब बैंकिंग नियामक ने स्मॉल फाइनैंस बैंकों के लिए आवेदन मंगाए तो बड़े कारोबारी घरानों को इसकी इजाजत नहीं दी गई। कार्य समूह इसे उलटकर बैंकिंग क्षेत्र को उनके लिए खोलना चाहता है। क्या जरूरी है कि इस बार आरबीआई इन घरानों को बैंकिंग कारोबार के लायक पाएगा? लोग कॉर्पोरेट के बैंकिंग कारोबार में प्रवेश के खिलाफ क्यों हैं? दुनिया भर में इस विषय पर सहमति नहीं है। जापान में इलेक्ट्रॉनिक वस्तु निमार्ता बैंक चलाते हैं। ब्रिटेन में खुदरा श्रृंखला मालिकों के बैंक हैं लेकिन अमेरिका में इसकी मनाही है। भारत को बैंकों की जरूरत है और बड़े कारोबारी घरानों के पास इस कारोबार के लिए पूंजी है लेकिन अधिकांश लोग उन्हें बैंकिंग में नहीं देखना चाहते क्योंकि संचालन को लेकर सवाल उठ सकते हैं। कई बड़ी कंपनियों पर लोगों का यकीन नहीं है कि वहां संचालन बेहतर होगा। कुछ ऐसे भी हैं जो बैंकिंग तंत्र का दुरुपयोग कर चुके हैं। कार्य समूह ने बैंकिंग में कॉर्पोरेट के प्रवेश को लेकर दो अहम शर्तें रखी हैं। उनमें से एक है बैंकिंग नियमन अधिनियम में संशोधन करना ताकि संबद्ध ऋण और बैंकों तथा समूह की अन्य वित्तीय एवं गैर वित्तीय कंपनियों के बीच के खुलासे से निपटा जा सके। फिलहाल अधिनियम की धारा 20 बैंकों को निदेशकों को कोई ऋण या अग्रिम देने से रोकती है। संशोधन के जरिए तथाकथित संबद्ध ऋण को रोका जा सकता है। एनओएफएचसी ढांचा भी मददगार होगा।

दूसरी शर्त है बड़ी कंपनियों के लिए आरबीआई की निगरानी व्यवस्था को मजबूत बनाना। इसमें यह सुझाव भी है कि बैंकिंग नियामक खुद को मजबूत बनाने के लिए कानूनी प्रावधानों का भी परीक्षण करे। परंतु आरबीआई ऐसा कर रहा है यह कैसे पता चलेगा?

( लेखक महेन्द्रा संस्थान हजारीबाग से जुड़ें है।)

# कंपनसेशन क्या है? आखिर क्यों होता है विवाद



**अजयदीप बाधवा**

जीएसटी कंपनसेशन सेस क्या है जब भारत में सरकार ने वस्तु और सेवा कर (जीएसटी) लाने की बात आरंभ की थी तो कुछ राज्यों और राजनीतिज्ञों द्वारा उसका विरोध किया गया। कुछ राज्यों के विरोध के पीछे उनका अपनी आमदनी कम होने का भय था। ऐसा भारत के विकसित राज्य, जैसे महाराष्ट्र, तमिलनाडु, गुजरात आदि ज्यादा सोच रहे थे। इस सोच के पीछे कारण भी गलत न था। वस्तुतः भारत में दो प्रकार के राज्य थे, (या आज भी हैं) एक वो जिनके यहां बहुत उद्योग धंधे थे और हैं वा विकसित हैं, और दूसरे ओर वैसे राज्य, जहां औद्योगिक विकास काफी कम था, पर जनसंख्या बहुत ज्यादा थी, जैसे बिहार, उतर प्रदेश, मध्य प्रदेश आदि। पहले प्रकार के राज्यों को भय था कि जीएसटी आने के बाद ना सिर्फ विक्रय कर (सेल्स टैक्स / वैट) और एक्साइज ड्यूटी बंद हो जाएगी जो उनकी कमाई का बड़ा हिस्सा थी, साथ ही जीएसटी की कमाई भी कम होगी क्योंकि जीएसटी एक डेस्टिनेशन आधारित कर प्रणाली है जिसका इसका मतलब था उत्पादों को बनाने वाले राज्यों के स्थान पर उन राज्यों को अधिक जीएसटी आय मिलेगी जहां ये उत्पाद बिकेंगे। उनका मानना था

## आर्थिक




कि वैसे राज्य जो स्वयं ज्यादा उत्पादन नहीं करते, बल्कि दूसरे राज्यों के उत्पादों का उपभोग करते है, की आमदनी बढ़ जाएगी क्योंकि उनकी जनसंख्या ज्यादा है।दूसरे शब्दों में कहें तो यह माना जा रहा था जो राज्य मेहनत कर औद्योगिक विकास बढ़ा रहे है उनकी आमदनी घट जायेगी और निकम्मे राज्यों की बढ़ जाएगी। चुकि यह बात कुछ हद तक सही भी थी तो भारत सरकार ने इसके लिए जीएसटी कंपनसेशन (क्षतिपूर्ति) सेस का रास्ता निकाला । भारत सरकार ने यह निर्णय लिया कि वह कुछ वैसे उत्पादों और सेवाओं पर सामान्य जीएसटी के अलावा जीएसटी सेस लगाएगी जिनका प्रयोग आम व्यक्ति नहीं करता है और उस से होने वाली आमदनी से वैसे राज्यों को भरपाई करेगी जिनकी आमदनी जीएसटी आने के बाद कम हो जाएगी। जीएसटी आने के बाद भारत सरकार ने ऐसा ही किया और कई उत्पादों पर जीएसटी कंपनसेशन सेस भी लगा दिया और उस से होने वाली आमदनी राज्यों के बीच उनको होने वाली हानि के हिसाब से वितरित करनी आरंभ कर दी। आरंभ में यह सेस 1 जुलाई 2017 से पांच वर्ष के लिया लगाया गया था पर इस वर्ष 1 जुलाई 2022 से इसे और आगे पांच साल के लिए बढ़ा दिया गया है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिन: -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज



## सात दिवसीय श्रीराम कथा का हुआ विश्राम

**जमशेदपुर।** सिदगोड़ा सूर्य मंदिर समिति द्वारा श्रीराम मंदिर स्थापना के चतुर्थ वर्षगांठ पर सात दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा के अंतिम दिन कथा प्रारंभ से पहले वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सांसद विद्युत महतो सपत्नीक, महेन्द्र यादव सपत्नीक, अमरजीत सिंह राजा सपत्नीक, पायल संतोष व अन्य ने व्यास पीठ एवं व्यास का विधिवत पूजन किया गया। पूजन पश्चात श्री अयोध्याधाम से पधारे मर्मज्ञ कथा वाचिका पूज्य पंडित गौरांगी गौरी जी का स्वागत किया गया।

## एसएसपी से पुजारी की शिकायत, समिति नाराज

**जमशेदपुर।** पुजारी के अभद्र आचरण का शिकायत लेकर श्री श्री हनुमान मंदिर समिति, न्यू मार्केट टेल्को का एक प्रतिनिधिमंडल वरीय पुलिस अधीक्षक, अनुमंडलाधिकारी एवं टेल्को थाना पहुंचा तथा हस्ताक्षर युक्त लिखित ज्ञापन सौंपकर उचित कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में मंदिर के पुजारी पर कई गंभीर आरोप लगाये गये हैं। ज्ञापन सौंपने वालों में चिन्ना राव, भूषण शर्मा, चंद्रकेत तिवारी, मनोज सिंह, प्रदीप साहू, सोनू पाल, मोनू यादव, एस एन मिश्रा, बीरबल शर्मा, के आनंद राव, चंदन तिवारी, लाल बाबू सिंह समेत अन्य शामिल थे।

## जेनिथ ऑर्डर ने डोनेट किये 20 लैपटॉप

**जमशेदपुर।** एन ई पी के तहत शिक्षा के आधुनिकीकरण एवं सहज करने के क्रम में मानगो स्थित विवेकानंद इंटरनेशनल स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाओं को लैपटॉप प्रदान किया गया जिससे वे प्रोजेक्ट बेस्ड शैक्षणिक गतिविधियों को आसानी से कर पायेंगे। स्कूल की प्राचार्या डॉ निधि श्रीवास्तव, एडमिन सौम्य दीप सहित सभी शिक्षकों ने जेनिथ ऑर्डर के युवा चेयर पर्सन चैतन्य कवि ध्रुव एवम उनकी पूरी टीम का आभार व्यक्त किया।

## आचार संहिता मामले में पूर्व मंत्री सहिस बरी

**जमशेदपुर।** 2019 विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान राज्य के पूर्व मंत्री सह आजसू पार्टी के प्रधान महासचिव और जुगसलाई विधान सभा के प्रत्याशी रहे रामचंद्र सहिस पर निराधार अचार संहिता उल्लंघन का मुकदमा दायर किया गया था जिसकी सुनवाई एमपी एमएलए स्पेशल कोर्ट (चाईबासा) में हुई। सुनवाई के पश्चात कोर्ट ने पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस को बरी किया गया।

## सुरेश मुखी को समाज के लोगों ने दी श्रद्धांजलि

**जमशेदपुर।** केंद्रीय मुखी समाज मूलनिवासी के पदाधिकारी, धातकीडीह मुखी समाज के दिवंगत मुखिया सुरेश मुखी के श्राद्धकर्म में शामिल होकर उन्हे श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर मुखी समाज के सभी नेताओं ने दिवंगत सुरेश मुखी के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। मौके पर केंद्रीय अध्यक्ष हरि मुखी ने कहा कि समाज को सुरेश मुखी जैसे प्रखर नेता का आकस्मात निधन से आपूरणीय क्षति हुई है, जिसकी भरपाई निकट भविस्य में संभव नहीं है। उनके निधन से समाज में एक शोक की लहर है। कार्यकारी अध्यक्ष सह भालुबासा मुखी समाज के मुखिया पोरेश मुखी ने कहा की सुरेश मुखी समाज के जुझारू नेता थे।

## सीएम चंपई सोरेन से मिले टाटा स्टील के वीपी चाणक्य चौधरी



मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से आज झारखंड मंत्रालय में टाटा स्टील के उपाध्यक्ष (कॉरपोरेट सर्विसेज) चाणक्य चौधरी ने मुलाकात की और गुलदस्ता देकर उनका अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।

# भाजपा जो संकल्प लेती है उसे पूरा करती है : विद्युतवरण

- सुझाव के लिए भाजपा ने नंबर 9090902024 किया जारी
- भाजपा जमशेदपुर महानगर के संकल्प पत्र सुझाव अभियान को सांसद ने किया लांच
- शहर के प्रबुद्धजनों से संवाद कर उनके सुझाव लेगी पार्टी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** देश में लोकसभा चुनाव का बिगुल बजने वाला है। इसके लिए सभी पार्टियां अपने-अपने स्तर से प्रचार प्रसार कर रही हैं। इसी बीच, भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव की तैयारी को तेज करते हुए जमशेदपुर महानगर में गुरुवार को देशव्यापी विकसित भारत मोदी की गारंटी संकल्प पत्र सुझाव अभियान कार्यक्रम की शुरूआत की। भाजपा जमशेदपुर महानगर की ओर से बिस्टुपुर स्थित एक होटल में आयोजित प्रेस वार्ता में जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो एवं जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने अभियान के संदर्भ में विस्तृत जानकारी साझा की। इस दौरान जमशेदपुर महानगर जिला महामंत्री अनिल मोदी, जिला मीडिया प्रभारी प्रेम झा व अन्य मौजूद रहे। इस अभियान के तहत भाजपा कार्यकर्ता जनता से संवाद स्थापित कर 1 करोड़ से अधिक सुझाव पत्र जुटायेंगे और इन सुझावों को पार्टी अपने संकल्प पत्र में शामिल करेगी। अभियान के तहत जन कल्याण और विकास कार्यों को मोदी की गारंटी वाली रथों के माध्यम से अभियान के तहत सभी लोकसभा क्षेत्रों तक पहुंचाया जाएगा। एलईडी वाहन के जरिये जनता से सुझाव मांगने के साथ-साथ लोगों को पार्टी से जोड़ने का भी काम करेगी।



सुझाव अभियान जमशेदपुर में लांच करते सांसद विद्युतवरण महतो। साथ में महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा, अनिल मोदी व प्रेम।

**खास बातें :** प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए सांसद विद्युत वरण महतो ने संकल्प पत्र सुझाव अभियान के तहत जमशेदपुर की जनता से आगामी लोकसभा चुनाव में संकल्प पत्र के लिए और विकसित भारत के लिए सुझाव देने का आह्वान किया। सांसद विद्युत महतो ने कहा कि जनता का शासन जनता के सुझावों से ही प्रारंभ होता है। भाजपा घोषणा पत्र नहीं, बल्कि संकल्प पत्र के साथ लोगों के पास जाती है। इसी उद्देश्य से जनता से सुझाव प्राप्त करने का अभियान शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि पार्टी के माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा एवं झारखंड प्रदेश की ओर से पिछले दिनों अभियान को लांच किया गया। इसी के निमित्त जनता की आकांक्षाओं और विचारों को सीधे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक पहुंचाने के लिए जमशेदपुर महानगर में अभियान का आगाज किया गया है। सांसद विद्युत महतो ने कहा कि अभियान के जरिये भाजपा कार्यकर्ता विकसित भारत और पार्टी के संकल्प पत्र तैयार करने के लिए जनता के बीच जाकर उनके सुझाव को सुझाव पेटी के माध्यम से संकलित करेंगे। सांसद विद्युत महतो ने कहा कि भाजपा सरकार जो संकल्प लेती है उसे पूरा भी करती है। 70 साल पहले एक देश- एक कानून बनाने का वादा किया गया था और जब भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनी तो जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाया गया।

# टाटा की बस्तियों में चांडिल डैम से होगी पेयजल आपूर्ति

- इस बारे में जल संसाधन मंत्री शीघ्र जायेंगे जमशेदपुर
- टाटा स्टील सहित संबंधित प्राधिकारों से वार्ता करेंगे
- दुमुहानी के प्रदूषित जल से मिलेगा छुटकारा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर एवं समीपवर्ती इलाकों में पीने के लिए शुद्ध पानी की आपूर्ति सीधे चांडिल डैम से होगी। इस बारे में जल संसाधन विभाग के मंत्री बसंत सोरेन स्वयं जमशेदपुर जायेंगे और टाटा स्टील सहित अन्य सक्षम प्राधिकारों के साथ बैठक कर आगे की कार्रवाई करेंगे।

यह आश्वासन जल संसाधन विभाग, झारखंड सरकार के मंत्री बसंत सोरेन ने विधायक सरयू राय के अल्पसूचित प्रश्न का उत्तर देने के क्रम में सदन में दिया। प्रश्न पूछते हुए सरयू राय ने सदन को बताया कि राष्ट्रीय जल नीति-1987, 2002 और 2012 के अनुसार किसी भी जलाशय के पानी का उपयोग करने में पेयजल की पहली प्राथमिकता है।

उन्होंने कहा कि फिलहाल चांडिल डैम से ही पानी नीचे स्वर्णरेखा नदी में आता है और जमशेदपुर, मानगो, मोहरदा आदि पेयजलापूर्ति योजनाओं से नदी का पानी खींचकर उसे शुद्ध करके पीने के लिए दिया जाता है।

परंतु पिछले कुछ दिनों से स्वर्णरेखा, खरकई नदियों में औद्योगिक एवं नगरीय प्रदूषण बढ़ जाने से इन्हें साफ करने में काफी दिक्कतें आ रही हैं और खर्च बढ़ रहा है। काफी कोशिश करने के बावजूद मोहरदा पेयजलापूर्ति से पीने लायक साफ पानी लोगों को नहीं मिल रहा है। कभी-कभी नदी में प्रदूषण इतना बढ़ जाता है कि पानी साफ करने वाला संयंत्र बंद करना पड़ता है।

इसलिए चांडिल डैम से सीधे डिमना लेक में पानी डाल दिया जाय और वहां से मानगो होकर पहले से बिछे हुए पाईपलाईन से वह पानी टाटा स्टील के जल शुद्धिकरण संयंत्र तक आ जायेगा। यदि उस पाईपलाईन को मोहरदा तक बढ़ा दिया जाय तो जमशेदपुर के लोगों के साथ ही बिरसानगर, बारीडीह, बागुनहातु, बागुननगर के लोगों को पीने का शुद्ध पानी मिलेगा और नदी के प्रदूषित जल को साफ कर पीने लायक बनाने में होने वाले खर्च में बचत होगी। श्री राय ने कहा कि चांडिल डैम के पानी से जमशेदपुर, मानगो, जुगसलाई, बागबेड़ा, परसुडीह आदि इलाकों में भी स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति हो सकती है।





चांडिल डैम का दृश्य और विधायक सरयू राय (दायें)।

**क्या बोले विधायक :** विधायक सरयू राय के प्रश्न का उत्तर देते हुए मंत्री बसंत सोरेन ने कहा कि सतनाला डैम से जलापूर्ति करने मंए कोई दिक्कत नहीं है। परन्तु डिमना लेक पर टाटा स्टील का स्वामित्व है, इसलिए इस योजना को मूर्तरूप देने के लिए एक बार टाटा स्टील के साथ बातचीत करना आवश्यक है। इसके लिए वे स्वयं जमशेदपुर जायेंगे और एक उच्चस्तरीय बैठक बुलाकर मामले का समाधान करेंगे। प्रश्नोत्तर की प्रति संलग्न है।

# 25 महिलाओं के बीच 8.50 लाख लघु ऋण बंटे

- स्वावलंबी झारखंड माइक्रो वेल्फेयर डेवलपमेंट सेंटर की पहल
- यंग इंडियंस ने महिलाओं को उनके व्यवसाय बढ़ाने के बताये गुर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** स्वावलंबी झारखंड माइक्रोवेलफेयर डेवलपमेंट सेंटर (एसजेएमडीसी) ने गुरुवार को लघु ऋण वितरण कार्यक्रम सेंटर के स्थानीय कार्यालय, बिष्टुपुर, जमशेदपुर में आयोजित कर 25 महिलाओं के बीच 8.50 लाख रुपए का लघु ऋण वितरित किया गया। यह जानकारी सेंटर के निदेशक अशोक गोयल ने दी। उन्होंने बताया कि ऐसी महिलायें जो सेंटर से पूर्व से जुड़ी हुई हैं उन्हें अपने व्यवसाय को बढ़ाने हेतु राशि की आवश्यकता होने पर तथा नई महिलायें जो अपना व्यवसाय शुरू करना चाहती है को सेंटर के द्वारा यह लघु ऋण की राशि उपलब्ध करायी गयी।



## अब टीएमएच और सीएमसी वेल्लोर में मिलेगी आयुष्मान योजना के लाभुकों को इलाज की सुविधा

- झारखंड की चंपई सरकार कैबिनेट ने दोनों अस्पतालों में इलाज को दी मंजूरी
- टीएमएच को आयुष्मान योजना से जोड़ जनता से किया वायदा को पूरा किया : बन्ना गुप्ता

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने जानकारी देते हुआ कहा कि जमशेदपुर की जनता से किया गया वायदा पूरा किया। आयुष्मान भारत योजना से टीएमएच को जोड़ा गया है, अब टीएमएच के जमशेदपुर और मुंबई के अस्पतालों में भी आयुष्मान भारत योजना से इलाज संभव हो पायेगा। मंत्री बन्ना गुप्ता ने बताया कि आयुष्मान भारत योजना झारखंड की धरती से प्रधानमंत्री जी ने शुरुआत किया लेकिन टीएमएच को ही इससे दूर रखा। मैंने हमेशा इसका विरोध किया और उस समय भी सरकार से मांग किया था कि टीएमएच से इसे जोड़ा जाये। चुनावी दौरे में भी मुझे कई लोगो ने मांग किया कि टीएमएच से आयुष्मान योजना को जोड़ना चाहिए, आज ऐतिहासिक कैबिनेट के फैसले में इस बात पर मुहर लगी जिसे जमशेदपुर की सम्मानित जनता को समर्पित करता हूं। अब गरीबों और जरूरतमंदों का इलाज भी टीएमएच में और सीएमसी वैल्लोर में हो पायेगा।



स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता।

## लोकगायक भरत शर्मा व्यास और नीतू कुमारी नूतन को दी बधाई

**जमशेदपुर।** संगीत नाटक अकादमी, नई दिल्ली ने लोक गायिका नीतू कुमारी नूतन को वर्ष 2022 का तथा भोजपुरी के पूर्वी व निर्गुण विधा के वरीय भोजपुरी लोक गायक भरत शर्मा व्यास को वर्ष 2023 का संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार देने की घोषणा, भोजपुरी और भोजपुरिया क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। भोजपुरी के उचित सम्मान के लिए संघर्षरत भोजपुरी जन जागरण अभियान के राष्ट्रीय संयोजक राजेश भोजपुरिया ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।

## टाटा स्टील को टीएएपी कन्वेंशन 2024 में प्रतिष्ठित टीएएपी जूरी पुरस्कार मिला

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**मुंबई/जमशेदपुर।** टाटा स्टील को फरवरी में टाटा अफर्मेटिव एक्शन प्रोग्राम (टीएएपी) कन्वेंशन, 2024 में प्रतिष्ठित टीएएपी जूरी पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। इस पुरस्कार ने वंचित समुदायों के बीच समावेशिता और अवसरों को बढ़ावा देने में टाटा स्टील के असाधारण प्रयासों को मान्यता दी। इस आयोजन ने समकालीन सामाजिक चुनौतियों को संबोधित करने और अधिक न्यायसंगत भविष्य को बढ़ावा देने में टीएएपी जैसी पहल के महत्व को रेखांकित किया। यह पुरस्कार टाटा स्टील के वाईस प्रेसिडेंट, कॉरपोरेट सर्विसेज, चाणक्य चौधरी और कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी के चीफ, सौरव रॉय ने टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन के हाथों टाटा स्टील के सीईओ और प्रबंध निदेशक, टीवी नरेंद्रन टाटा स्टील और टाटा स्टील फाउंडेशन के अन्य सहकर्मियों की उपस्थिति में प्राप्त किया। टीएएपी जूरी अवार्ड में अपने संबोधन में, टीवी नरेंद्रन ने मूल्य सृजन और कॉर्पोरेट नागरिकता पर टाटा स्टील के दृष्टिकोण पर जोर दिया।




## श्रीनाथ विवि के चार छात्रों का प्लेसमेंट

**जमशेदपुर।** गत 28 फरवरी को श्रीनाथ विश्वविद्यालय में प्लेसमेंट विभाग के द्वारा कोयंबटूर तमिलनाडु से बनारस वाला वायर मेस प्राइवेट लिमिटेड में चार छात्रों का प्लेसमेंट किया गया। इस प्लेसमेंट प्रक्रिया के सभी पडावों को डिप्लोमा मैकेनिकल के मनमथ मंडल, दीपांकर कुमार, दीपप्रीत सिंह एवं आशीष महतो ने सफलतापूर्वक पार किया। यह सभी छात्र 2021-2024 के हैं, इन छात्रों को आकर्षक पैकेज के साथ चयन किया गया है। इस प्लेसमेंट पर बात करते हुए डीन एडमिनिस्ट्रेशन जे राजेश ने कहा कि श्रीनाथ विवि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।



# वोल्वो आयशर ने जमशेदपुर में लांच की हेवी-ड्यूटी ट्रकों की नॉन-स्टॉप सीरीज

**विशेष संवाददाता**

**जमशेदपुर।** गत बुधवार को वीई कॉमर्शियल व्हीकल्स लिमिटेड की एक बिजनेस यूनिट, आयशर ट्रक्स एंड बसों ने जमशेदपुर में तेजी से विकसित हो रहे लंबी दूरी के परिवहन के लिए डिजाइन की गई एक नई रेंज, आयशर नॉन-स्टॉप सीरीज का अनावरण किया।

नॉन-स्टॉप सीरीज चार नये हैवी-ड्यूटी ट्रकों को शामिल करती है जो शक्तिशाली और फ्यूल-एफिशिएंट इंजनों से लैस हैं और बेहतर प्रदर्शन और मालिकों को बेहतर अपटाइम प्रदान करने के लिए एक कनेक्टेड सर्विस इकोसिस्टम का उपयोग करते हैं। यह लांचिंग एनएच-33 पर भिलाई पहाड़ी के पास अधिकृत डीलर हॉराइजन ट्रकिंग के नव उद्घाटित स्टेट ऑफ आर्ट शो रुम में कंपनी के एमडी एंड सीइओ विनोद अग्रवाल द्वारा किया गया।

आयशर प्रो 6019 एक्सपीटी, टिपर; आयशर प्रो 6048 एक्सपी, हॉलेज ट्रक; आयशर प्रो 6055एक्सपी और आयशर प्रो 6055 एक्सपी 4x2, ट्रैक्टर ट्रक आयशर के हैवी, मीडियम और लाइट ड्यूटी ट्रक और बसों के व्यापक लाइन-अप के पूरक हैं।



नन-स्टॉप सीरीज के हैवी ड्यूटी ट्रक लांच करते हॉरिजन ट्रकिंग के सुचित जैन, कंपनी के एमडी एंड सीइओ विनोद अग्रवाल। सुमित जैन, सीनियर वीपी गगनदीप सिंह गंधोक, एग्जूक्टिव वीपी रमेश राजा गोपालन व अन्य।

- लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, वीईसीवी के एमडी और सीईओ विनोद अग्रवाल ने कहा, 'हमें यह घोषणा करते हुए बहुत गर्व हो रहा है कि जमशेदपुर में आयशर की नॉन-स्टॉप रेंज के एचडी ट्रक पेश किए जा रहे हैं, जो उद्योग जगत में नए मानदंड स्थापित करेंगे। यह न केवल हमारे ग्राहकों की सफलता के लिए बल्कि हमारे देश में लोजिस्टिक की दक्षता और लागत में सुधार लाने के लिए भी हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।
- एचडी ट्रक बिजनेस, वीईसीवी के सीनियर वाईस प्रेसिडेंट गगनदीप सिंह गंधोक ने कहा, आयशर अपने ग्राहकों को एक मजबूत और भरोसेमंद हेवी-ड्यूटी वाहनों का पोर्टफोलियो देता है, जो एक कनेक्टेड सर्विस इकोसिस्टम द्वारा समर्थित है, जिसके परिणामस्वरूप उत्पादकता और लाभप्रदता में वृद्धि होती है। वाहनों की नई रेंज को असाधारण प्रदर्शन सुनिश्चित करने के लिए डिजाइन किया गया है और हमारे हर तरह के सर्विस सॉल्यूशन के साथ जो एआई और मशीन लर्निंग का लाभ उठाते हैं, वे व्यवसाय और लाभप्रदता में निरंतर वृद्धि प्रदान करने के लिए तैयार हैं।'

झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग

ई– अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा सं0 :– RE-RDSPL/SD/HZB/34/2023-24 (2nd call)

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

| ग्रुप सं0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RDSPL/SD/HZB /34/02/2023-24 | बड़कागांव | उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय कदमटोला किचेन–सह–स्टोर निर्माण कार्य। | 2477000.00 | 50000.00 | 5000.00 | 4 माह |
| 2. | RDSPL/SD/HZB /34/18/2023-24 | कटकमदाग | उत्क्रमित मध्य विद्यालय अडरा किचेन–सह–स्टोर निर्माण कार्य। | 2477000.00 | 50000.00 | 5000.00 | 4 माह |
| 3. | RDSPL/SD/HZB /34/19/2023-24 | कटकमसांडी | उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय नवादा किचेन–सह–स्टोर निर्माण कार्य। | 2477000.00 | 50000.00 | 5000.00 | 4 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 06.03.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 06.03.2024 से दिनांक 13.03.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –14.03.2024 अपराह्न 5:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9430154806
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,हजारीबाग

PR 320820 Rural Development(23-24).D

झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग

ई– अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा सं0 :– RE-RDSPL/SD/HZB/36/2023-24 (2nd call)

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

| ग्रुप सं0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RE-RDSPL/SD/HZB/36/06/2023-24 | बड़कागाँव | ग्राम हरली में मेन रोड शिवमंदिर चौक से प्रदीप पासवान के घर त क पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 6095100.00 | 122000.00 | 10000.00 | 4 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 06.03.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 06.03.2024 से दिनांक 13.03.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –14.03.2024 अपराह्न 5:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9430154806
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग

PR 320823 Rural Development(23-24)D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा
E-mail ID: eedwsd.lohardaga1@gmail.com

आम सूचना

माननीय मंत्री पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड राँची के साथ दिनांक 27.02.2024 के बैठक में दिये गये निर्देश के आलोक में आसन्न ग्रीष्म ऋतु 2024–25 के प्रबंधन के तहत लोहरदगा जिले के जन साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में अधिष्ठापित ड्रिल्ड नलकूपों के सघन एवं नियमित साधारण मरम्मति/ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित जलापूर्ति संबंधी शिकायतों के निराकरण हेतु पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा में जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष का गठन किया गया है, जिनमें निम्न पदाधिकारी एवं कर्मचारी प्रतिनियुक्त किए गये हैं–

| नियंत्रण कक्ष का स्थान | प्रतिनियुक्त पदाधिकारी/कर्मचारी का नाम नं0 | पदाधिकारी/कर्मचारी का मोबाईल नं0 |
|---|---|---|
| कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एंव स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा | (1) श्री जॉय कुमार मिंज, सहायक अभियंता | 7004085063 |
| | (2) शम्भूनाथ तिवारी, उच्च वर्गीय लिपिक | 6206296048 |
| | (2) श्री बंसत कुजूर निम्न वर्गीय लिपिक | 9123133530 |
| | (3) श्री संजय कुमार निम्न वर्गीय लिपिक | 9608281089 |

जिला नियंत्रण कक्ष में पेयजल संबंधी विविध शिकायतों को दर्ज कराते समय शिकायतत्तां अपना पूरा नाम (प्रखण्ड, पंचायत, ग्राम, टोला, स्थान) के साथ शिकायत के प्रकार की जानकारी जरूर दें। दर्ज शिकायतों के निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई हेतु विभिन्न प्रखण्डों में पदस्थापित सहायक अभियंता/कनीय अभियंता को नोडल पदाधिकारी मनोनित किया जाता है जिनका नाम एंव मोबाईल नं0 निम्न प्रकार है, जिनमें ग्रामीण सीधे अपनी पेयजल से संबंधित समस्या के समाधन हेतु कार्यालय अवधि में सम्पर्क कर सकते है–

| क्र0 | प्रखण्ड | कनीय अभियंता का नाम एंव मोबाईल नं0 | सहायक अभियंता का नाम एवं मोबाईल नं0 |
|---|---|---|---|
| 1 | लोहरदगा | श्री कृष्णा लोहरा, 09955450761 | श्री जॉय कुमार मिंज 7004085063 |
| 2 | कुरू | श्री सुमन राज खलखो, 07033519626 | |
| 3 | किस्को | श्री कृष्णा लोहरा, 09955450761 | |
| 4 | कैरो | श्री सुमन राज खलखो, 07033519626 | |
| 5 | पेशरार | श्री कृष्णा लोहरा, 09955450761 | |
| 6 | भंडरा | श्री कृष्णा लोहरा, 09955450761 | |
| 7 | सेन्हा | श्री कृष्णा लोहरा, 09955450761 | |

विशेष रूप से विभागीय टॉल फ्री संख्या– 18003456502 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल,
लोहरदगा।

PR 320780 Lohardaga(23-24)D

## स्पीड न्यूज

### दिव्यांग पावरलिफ्टिंग में जिंदल आशा के तीन खिलाड़ी हुये शामिल



भुरकुंडा (रामगढ़)। दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए पावरलिफ्टिंग राष्ट्रीय चैंपियनशिप कानपुर में आयोजित झारखंड के छह बच्चे शामिल हुए थे। इसमें जिंदल आशा पतरातू के 3 बच्चे शिव कुमार मुंडा, रौशन जहां एवं राखी केरकेट्टा शामिल थे। इस स्पर्धा में 43 किलोग्राम से कम वजन वर्ग में रौशन जहां ने दूसरा स्थान और राखी केरकेट्टा ने 5वां स्थान हासिल किया एवं शिव कुमार मुंडा ने 53 किलोग्राम भार वर्ग में चौथा स्थान हासिल किया। जेएसपी फाउंडेशन की अध्यक्ष शालू जिंदल की पहल से सीएसआर के अंतर्गत जिंदल आशा कार्यक्रम की शुरूआत पतरातु में की गयी है। जिसका उद्देश्य परिधि के गांवों में रहने वाले विशेष जरूरतों वाले बच्चों को विशेष शिक्षा और चिकित्सीय सेवाएं प्रदान करना है।

### सांसद ने किया सामुदायिक भवन का शिलान्यास



**रामगढ़।** सांसद जयंत सिन्हा ने गोला के चाड़ी पंचायत में बुधवार को सामुदायिक भवन का शिलान्यास किया। जिला खनिज मद से 1 करोड़ की लागत से यह निर्माण होगा। यहां सभागार, दफ्तर, क्लब, जिम व शौचालय इत्यादि होंगे। जयंत सिन्हा के प्रयासों से जिला खनिज मद से क्षेत्र में विभिन्न निर्माण कार्य करवाए जा रहे हैं। उन्होंने क्षेत्र भर की पंचायतों में जनता के लिए सामुदायिक भवन बनवाने का निर्णय लिया है। इनके बनने से क्षेत्रवासियों को अत्यंत लाभ मिलेगा। यहां लोग शादी-विवाह समेत अन्य सामाजिक आयोजन कर पाएंगे। सिन्हा ने कहा कि हजारीबाग और रामगढ़ वासियों को सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं।

### फर्जी एकाउंट में प्राथमिकी दर्ज

**रामगढ़।** डीसी रामगढ़ एवं उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के नाम से फर्जी सोशल मीडिया एकाउंट बनाने मामले में डीसी निर्देश पर प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा रविंद्र कुमार गुप्ता द्वारा रामगढ़ थाना में आईपीसी की धारा 419 एवं 420 तथा सूचना प्रौद्योगिकी (संशोधन) अधिनियम 2000 की धारा 66 सी एवं 66 डी के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। जिला प्रशासन रामगढ़ द्वारा सभी से अपील की जाती है कि वे साइबर ठगों एवं साइबर ठग द्वारा दिए गए किसी भी प्रलोभन से सावधान रहें। जिला प्रशासन, रामगढ़ द्वारा स्पष्ट किया जाता है कि उपायुक्त चंदन कुमार का किसी भी सोशल मीडिया हैंडल पर कोई भी अकाउंट संचालित नहीं है।

### मन्नत के पिता ने दर्ज कराया मामला

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सुभाष क्लब निवासी परमजीत सिंह ने भुरकुंडा ओपी में आवेदन देकर पुत्री मनजोत कौर उर्फ मन्नत के हत्या के आरोपी अज्ञात तीन बाइक सवार युवकों पर हत्या का मामला दर्ज कराया है। आवेदन में परमजीत सिंह ने कहा कि पिछले 26 फरवरी की शाम 5 बजे आठ वर्षीय पुत्री मनजोत कौर उर्फ मन्नत मंदिर प्रसाद लेने जा रही थी। इसी क्रम में भुरकुंडा की ओर से तेज रफ्तार से आ रही बाइक जिसमे तीन युवक सवार थे वे धक्का मारकर फरार हो गये। बाइक की टक्कर इतनी जोरदार थी कि घटना स्थल पर ही मन्नत ने दम तोड़ दिया।

### सीपीएम की बैठक तीन को : चंदेल

भुरकुंडा। सीपीएम रामगढ़ जिला कमेटी की विस्तारित बैठक ती मार्च को 11 बजे सीपीएम भुरकुण्डा शाखा कार्यालय में होगी। जिला सचिव आरपी सिंह चंदेल ने बताया कि बैठक में केन्द्रीय कमेटी सदस्य कॉ. प्रकाश विप्लव एवं कॉ. रामचंद्र ठाकुर पर्यवेक्षक शामिल होंगे।

### आजसू ने की चुनाव को लेकर बैठक



**कुजू।** आजसू मांडू प्रखंड के कार्यकर्ताओं की बैठक पूर्वी पंचायत सचिवालय में हुई। बैठक में मुख्य रूप से आजसू मांडू विधानसभा प्रभारी सह केंद्रीय महासचिव विजय कुमार साहू, जिला सचिव लालचंद महतो, हेमलाल महतो, जिला उपाध्यक्ष रामभजनलाल महतो, तेजनाथ महतो, तापेश्वर महतो शामिल हुए। बैठक में लोकसभा व विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर सभी 36 पंचायत के प्रभारी अपने-अपने ग्राम में जाकर ग्राम प्रभारी का गठन करने, 1 मार्च को सामुहिक रूप से करने का निर्देश दिया। मौके पर निर्मल करमाली, जगेश्वर महतो, दिनेश महतो, ज्ञानी महतो, राजेश शर्मा, अर्जुन कुमार महतो, खुशीलाल महतो, सुखदेव महतो, वीर बहादुर सिंह, अमीर खान, राहुल चौरासिया, सुनील राम, ओप्रकाश पटेल, नरेश कुमार आदि मौजूद थे।

### झरपो में बच्चों को मिला पोशाक



**टाटीझरिया।** टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र के + 2 उत्क्रमित मध्य विद्यालय झरपो में वर्ग प्रथम और द्वितीय के छात्र-छात्राओं के बीच ड्रेस, जूता, स्वेटर, मौजा का वितरण टाटीझरिया उपप्रमुख रवि वर्णवाल ने किया। श्री वर्णवाल ने बच्चों से छात्र छात्राओं की उज्वल भविष्य की कामना की। मौके पर प्रभारी प्रधानाध्यापक महेंद्र इंदिवार, कोलेश्वर मिश्रा, राज कुमार, पिंटू कुमार रवि, उषा कुशवाहा, विमला देवी सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

### सेवानिवृत्त शिक्षक को दी गयी विदाई



**बरही।** राजकीय मध्य विद्यालय बेन्दगी से सेवानिवृत्त शिक्षक सुरेश प्रसाद रजक को विद्यालय परिवार ने विदाई दी। प्रधानाध्यापक रिजवान अहम ने कहा कि विद्यालय परिवार सेवानिवृत्त शिक्षक सुरेश प्रसाद रजक के कार्यों को सदैव याद रखेगा। उनकी कुशल कार्यक्षमता व उत्कृष्ट योगदान उनके लिए प्रेरणास्त्रोत है। ग्रामीणों ने कहा कि इस मौके पर इतनी भीड़ उनके स्वभाव और कर्तव्य निष्ठा का एक उपहार है। प्रभारी प्रधानाध्यापक ने रजक को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष दिनेश साव, किरन कुमारी, रसोइया, शिक्षिका लक्ष्मी देवी, सरिता कुमारी, रेखा कुमारी, महेश कुमार, राजेश रंजन सहित सभी छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# चुनाव में ट्रांसजेंडरों की भूमिका महत्वपूर्ण : डीसी

### हस्ताक्षर अभियान, सेल्फी प्वाइंट और मतदाता प्रतिज्ञा शपथ कार्यक्रम आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



हजारीबाग। जेंडर इक्वालिटी के तहत थर्ड जेंडर मतदाताओं को समावेशी चुनाव में भागीदारी सुनिश्चित कर चुनाव आयोग ने अच्छी पहल की है। आज थर्ड जेंडर को वोटर आईडी कार्ड सौंपना चुनावी भागीदारी की ओर एक सकारात्मक पहल है। उक्त बातें गुरुवार को नगर भवन में आयोजित ट्रांसजेंडर/उभयलिंगी व्यक्तियों के अधिकारों की सामाजिक जागरूकता एवं स्वीप कार्यक्रम का जिला स्तरीय कार्यशाला के दौरान उपायुक्त नैंसी सहाय ने कही। उन्होंने कहा भारत में ट्रांसजेंडर को भी कई कानूनी अधिकार दिए गए हैं। भारत के सभी नागरिक मताधिकार के हकदार है, ट्रांसजेंडर के अधिकारों उनके हकों को लेकर आज जिलास्तरीय कार्यक्रम आयोजित करना निश्चय ही सराहनीय कदम है। इनकी जरूरतों, अधिकारों, सम्मान के लिए जिला प्रशासन सदैव सहयोग के लिए प्रयत्नशील है। उपायुक्त ने उपस्थित सभी ट्रांसजेंडर को शॉल, गिफ्ट व वोटर कार्ड देकर सम्मानित किया साथ ही उन्होंने सभी के उत्तम स्वास्थ्य की शुभकामनाएं दी। इस कार्यक्रम के माध्यम से समावेशी चुनाव के व्यापक प्रसार के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत ट्रांसजेंडरो के बीच मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान कई कार्यक्रमों के माध्यम से उपस्थित लोगों के बीच जन जागरुकता के लिए विभिन्न कलाकारों ने अपनी प्रस्तुती दी। कलाकार अमिताभ श्रीवास्तव के विभिन्न फिल्मी अदाकारो की आवाज में लोगों को लुभाया साथ उन्हीं की आवाज में उपस्थित लोगों से चुनाव में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। मूक बधिर बालिका निकिता ने एक फिल्मी गीत पर नाट्य प्रस्तुति देकर लोगों मन मोहा। इस कार्यक्रम के माध्यम से सभी ट्रांसजेंडरो ने एक ही सुर में सभी को वोट देने की अपील की साथ ही खुद भी चुनावी भागीदारी ने हिस्सा बनने की शपथ ली। स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत नगर भवन में हस्ताक्षर अभियान, सेल्फी प्वाइंट, मतदाता प्रतिज्ञा शपथ एवं कलाकारों द्वारा आर्कषक प्रस्तुति दी गई।इस कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी देव प्रिया, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार व अन्य उपस्थित थे।

### शिक्षक नियुक्ति शुरू करे विवि : चंदन सिंह



**हजारीबाग।** राजभवन के द्वारा लगाए गए रोक को हटाने के बाद जहां प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों ने निविदा शिक्षकों की बहाली प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है, विनोबा भावे विश्वविद्यालय के द्वारा इस संबंध में कोई पहल नहीं की जा रही उक्त बातें झामुमो व छात्र नेता चंदन सिंह ने कही। ज्ञात हो कि विश्वविद्यालय के द्वारा निविदा पर सहायक शिक्षक भर्ती के लिए दो बार आवेदन आमंत्रित किए गए हैं जिसके लिये सैंकड़ों छात्रों ने आवेदन किया और लाखों रुपए विश्वविद्यालय को दिए गये। परंतु वर्षों बीत जाने के बाद भी ना ही छात्रों के पैसे लौटाए गए ना ही नियुक्ति की गई। ऐसी ही प्रक्रिया में मॉडल कॉलेज में नियुक्ति के नाम पर आवेदन निकाला कर किया गया जिसमें हजारों छात्रों ने आवेदन किया और पुनः विश्वविद्यालय के द्वारा लाखों रुपए का आर्थिक दोहन छात्रों का किया गया। इसी प्रकार लॉ कॉलेज में भी सैंकड़ों छात्रों का पैसा विश्वविद्यालय के द्वारा नियोजन के नाम से ठगने का काम किया गया। चंदन सिंह ने नियुक्ति जल्द नहीं हुई तो छात्र आंदोलन को बाध्य होंगे।

## एक नजर में

### चरही में प्रखंडकर्मी को दी गयी विदाई

चरही। चुरचू प्रखंड मुख्यालय के सभागार भवन में गुरुवार को प्रखंड व और अंचलकर्मियों के द्वारा कार्यरत प्रखंडकर्मी व्यासमुनी गोप की भावभीनी विदाई दी गई। विधायक प्रतिनिधि ने कहा कि इनका पहला योगदान चुरचूप्र खंड रहा।और सेवा निवृत्त भी इसी प्रखंड से हुआ।जो एक सौभाग्य की बात है।वही सीआई अमर कुमार सिन्हा ने कहा कि सरकारी कर्मी को एक न एक दिन सेवा निवृत्त होना है।आगे कहा कि व्यासमुनी अपने कार्यों के प्रति संवेदनशील थे।इस अवसर पर बीडीओ ललीत राम,मनोज कुमार गिरी, बद्री राम ,अमर कुमार सिन्हा मुकेश कुमार, रीता कुमारी,अरुण कुमार सिंह,विशाल कुमार, त्रिदेव कुमार, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष दीपनारायण महतो ,दीपक कुमार, सुनील कुमार,अशोक राम,साने अहमद,संजीव कुमार,अनूप कुमार रवि,सहदेव कुमार , नागेश्वर यादव , राजेश यादव , विक्की डांग , अभय कुमार , राजकुमार , रामेश्वर राम सहित कई अंचल व प्रखंडकर्मी उपस्थित थे।

### रजरप्पा के बड़कीपोना में मोटर पंप की चोरी

रजरप्पा। रजरप्पा थाना क्षेत्र के पंचायत बड़कीपोना के किसानों ने रजरप्पा थाना में आवेदन देकर शिकायत किया है कि मौजा डुड्गी के खेत एवं बारी में बने घर से सिंचाई करने हेतु स्थापित बिजली मोटर पंप अज्ञात चोरों ने ताला तोडकर खेतों पर सिंचाई के लिए लगी 10 बिजली की मोटरें को 28 फरवरी की रात में चोर चुरा ले गए। चोरी हुई पंप की कीमत एक लाख रुपए से अधिक है. 29 फरवरी की सुबह मामले की जानकारी किसानों को खेतों पर पहुंचने के बाद मिल पाई। आसपास पता करने पर ज्ञात हुआ कि अन्य लोगों की मोटरें भी चोरी हो गई हैं। वहां वायर कटा हुआ और मोटर पंप गायब पाया। वर्तमान समय में फूलगोभी, भिंडी की रोपाई को लेकर किसानों द्वारा अपने-अपने खेतों पर एक एचपी हॉस पॉवर की सिंचाई मोटरें लगाई गई हैं। इनके रख-रखाव के लिए कमरे भी बनाए गए हैं। बावजूद इसके बुधवार-गुरुवार की मध्य रात्रि में चोर किसान राजीव कुमार, तुलेश्वर महतो, आशा राम महतो, टीकू महतो, कुंजलाल महतो, अकलू महतो, जयशंकर चौधरी, नान्हू महतो, पिंटू एवं संजय की सिंचाई मोटरें चोर कुआँ में लगे एवं तीन कमरों (घर) के दरबाजे तोड़कर चुरा ले गए हैं। पीड़ित किसानों ने रजरप्पा थाने से पंप की खोजबीन के साथ अज्ञात चोरों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# भाजपा की बैठक में मोदी गारंटी की चर्चा



भुरकुंडा (रामगढ़)।लाभार्थियों की समृद्धि-मोदी की गारंटी के तहत गुरूवार को भारतीय जनता पार्टी भुरकुंडा मंडल के तत्वाधान में भुरकुंडा पंचायत सचिवालय में बैठक का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा व संचालन महामंत्री महेंद्र सिंह ने किया। बैठक में मुख्य रूप से कार्यक्रम के बड़कागांव संयोजक अखिलेश प्रसाद, योगेश दांगी, भुरकुंडा मंडल के संयोजक अशोक सोनी, सह संयोजक जगतार सिंह, पालक सुखदेव प्रसाद, युगल नायक, संतोष शर्मा, बड़कागांव के विस्तारक विपिन यादव उपस्थित थें। बैठक की शुरूआत अतिथियों ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तस्वीर पर पुष्प अर्पित करके की। बैठक में लाभार्थियों की समृद्धि-मोदी की गारंटी के बावत भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा ने अपने पदाधिकारी व कार्यकताओं के साथ विस्तार पूर्वक चर्चा की। मौके पर अतिथियों ने कहा की पीएम मोदी के पिछले 10 वर्षों के कार्यकाल में दर्जनों योजनाएं धरातल पर उतरी है। जिसका सीधा लाभ लाभार्थियों तक पहुंची है। कहा गया की भाजपा कार्यकताओं का दायित्व है की पीएम मोदी के ओर से भेजा गया संदेश, प्रणाम, आभार व धन्यवाद सभी लाभार्थियों तक पहुंचाई जाए। मौके पर मंडल के उपाध्यक्ष जगतार सिंह, राजन पांडेय, शंकर प्रसाद, ज्योति सिंह, राजेश गुप्ता, अजय पासवान, सुभाष दास, आकाश साहू, जनार्दन सिंह, अखिलेश टोप्पो, कमलेश सिन्हा, लालमुनी ठाकुर, विकास मोहन मिश्रा, सुनील बैठा, सुरेंद्र यादव, बाबूलाल गोस्वामी, गणेश महली, दीनबंधु सिंह, डॉ. आर्यन सरकार, आनंद, मंगल, अभिषेक मिश्रा, अशोक ठाकुर, संतन सिंह, आदर्श तिवारी, विजय कुमार, भोला कुमार, बाबूलाल नायक आदि मौजूद थे।

### वोट सभी का अधिकार : पटेल



**विष्णुगढ़।** दौलत महतो मेमोरियल शिक्षक प्रशिक्षण महविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में 'मिनिस्ट्री ऑफ एडुकेशन'तहत मतदाता जागरूकता रैली निकाला गया। बनासो में स्वंसेवकों ने नुक्कड़ नाटक कर जागरूक किया। महाविद्यालय के सचिव गौरव पटेल ने प्रशिक्षुओं के मतदान जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाया और कहा कि मतदान सभी का अधिकार है, सभी को मतदान और मतपत्र की जानकारी होनी चाहिये। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुनील कुमार चतुवेर्दी ने ऐसे कार्यक्रमों से जनमानस में जागरूकता आती है। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम पदाधिकारी कुमारी स्वर्णा मिश्र ने कहा कि मतदान देश के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को अभिव्यक्त करता है। मतदाता जागरूकता रैली में सहायक प्राध्यापक बबली कुमारी,ओमकार नाथ शर्मा,अशोक कुमार झा,वीरेन्द्र देव,शशि भूषण देव, ,राघवेंद्र प्रताप, सरोज कुमारी श्रीवास्तव,चंदन कुमार, राजेश कुमार वर्मा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### भाजपा ने चलाया संपर्क अभियान

**बड़कागांव।** गुरुवार को भाजपाइयों ने लभ्यार्थी सम्पर्क अभियान की शुरूआत की। लभ्यार्थियो से संपर्क कर मोदी सरकार के बिकास योजनाओं की जानकारी दी गयी तथा लभ्यार्थियो से फीडबैक भी लिया गया।वही तमाम लभ्यार्थियो ने कहा कि मोदी जी के माध्यम से कई छोटी बड़ी योजनाओं का लाभ हम सबको प्राप्त हुआ है। प्रधानमंत्री की वजह से ही गांव व शहर शशक्तव मजबूत हुआ है। भाजपाइयों ने पश्चिमी पंचायत भवन के सभागार में बूथ व शक्ति केंद्रों के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर लभ्यार्थी संपर्क अभियान कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई तथा शक्ति केंद्र व बूथ संयोजक व मंडल पदाधिकारियों को बुकलेट व पार्टी के द्वारा उपलब्ध कराये गए पर्ची का वितरण भी किया गया।पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने कहा कि रुझान देखकर सहज अनुमान लग रहा है कि इसबार चुनाव में 400 से अधिक सीटों पर भाजपा जीतेगी।

# आजसू पार्टी का सभी कार्यकर्ता नेता :भोक्ता



**बड़कागांव।** गुरुचट्टी स्थित प्रखंड आवासीय कार्यालय में आजसू पार्टी का बैठक रखा गया जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा व संचालन प्रखंड प्रवक्ता तपेश्वर कुमार तापस ने किया। बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए सभी पंचायत कमेटियों का पुनर्गठन एवं चूल्हा प्रमुख की नई सूची बनने पर विशेष चर्चा किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि आजसू केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा संगठन प्रभारी उमेश कुमार भोक्ता,विशिष्ट अतिथि केंद्रीय सचिव कौलेश्वर गंझू,केन्द्रीय सचिव नागेश्वर तूरी,रामगढ़ जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी उपस्थित थे। मौके पर उमेश कुमार भोक्ता ने कहा कि हमारा संगठन सबसे मजबूत संगठन हैऔर आजसू पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता ही हमारा नेता है। आज हमारे कार्यकर्ता इतने सक्रिय और संगठन के लिए जुझारू हैं कि उनके ही दम पर विरोधियों को आजसू नाम सुनते हैं पसीना छूटने लगता है।वही दिलीप दांगी ने कहा कि आजसू बड़कागांव में चंदा के धंधा को बंद कर देगा। मौके पर केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा,केंद्रीय सदस्य राजा खान, जिला सचिव कामेश्वर महतो,दिनेश महतो,किसान प्रकोष्ठ प्रखंड अध्यक्ष सुरेश दांगी,तुलेश्वर राम,अल्पसंख्यक प्रखंड अध्यक्ष संजर हूसैन,ओबीसी प्रखंड अध्यक्ष कृष्णा साव,वरिष्ठ नेता उमेश कुमार दांगी सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### भाजपा नेता ने निगम आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

**हजारीबाग।** भाजपा नेता अनुपम सिन्हा ने हजारीबाग नगर निगम के नगर आयुक्त को एक ज्ञापन सौप कर नगर आयुक्त से आग्रह किया कि हजारीबाग की हृदय स्थली इंद्रपुरी चौक का नामांकरण भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न लाल बहादुर शास्त्री जी के नाम से करने एवं इंद्रपुरी चौक से रेलवे स्टेशन तक पथ का नाम शास्त्री पथ करने का निर्णय हजारीबाग नगर परिषद की पूर्व अध्यक्ष अंजली कुमारी के कार्यकाल में दिनांक 24/0913 को नगर परिषद के बोर्ड बैठक में करने का निर्णय हुआ था। 09 वर्ष गुजरने के बाद भी पूर्व के जनप्रतिनिधि व पदाधिकारीयो ने इस विषय पर कोई कार्रवाई नहीं की है। इसके साथ-साथ भाजपा नेता ने नगर आयुक्त से यह भी आग्रह किया कि हजारीबाग शहर के पीटीसी चौक, जिला बोर्ड चौक, झंडा चौक सहित शहर के अन्य बड़े चौराहों का भी सुंदरीकरण नगर निगम के द्वारा करवाया जाए।

# कोयला उत्पादन में प्रबंधन को मदद करेगा जमसं : निशि

**खबर मन्त्र संवाददाता**



भुरकुंडा (रामगढ़)। जनता मजदूर संघ एवं बरका-सयाल महाप्रबंधक के बीच बुधवार को औपचारिक परिचय बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में बरका-सयाल के महाप्रबंधक अजय कुमार सिंह, एसओपी अजय कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं जनता मजदूर संघ की ओर से केन्द्रीय उपाध्यक्ष निशि पांडेय, केन्द्रीय संगठन सचिव सह सीसीएल वेलफेयर बोर्ड सदस्य सुखदेव प्रसाद, अशोक शर्मा, चमन मुंडा, दशरथ कुर्मी, महेन्द्र सिंह आदि मुख्य रूप से उपस्थित थें। सर्वप्रथम महाप्रबंधक अजय सिंह ने निशि पांडेय को केंद्रीय उपाध्यक्ष बनने पर बुके एवं शॉल देकर स्वागत एवं सम्मानित किया। मौके पर जीएम अजय सिंह ने कहा की कोयला उत्पादन एवं उत्पादकता सहित मजदूरों के कल्याण एवं क्षेत्र के विकास के लिए ट्रेड यूनियन का सहयोग सर्वोपरि होता है। वहीं केंद्रीय उपाध्यक्ष निशि पांडेय ने कहा की क्षेत्र के विकास व बरका-सयाल क्षेत्र की उन्नति एवं तरक्की के लिए जनता मजदूर संघ हमेशा प्रबंधन का सहयोग करेगी। हमसब मिलकर क्षेत्र की बेहतरी के लिए कार्य करेंगे। उन्होंने कहा की कोयला उत्पादन करने एवं क्षेत्र को आगे बढ़ाने में जनता मजदूर संघ का पूरा सहयोग स्थानीय प्रबंधन को मिलेगा। मौके पर निशि पांडेय, केंद्रीय संगठन सचिव सह वेलफेयर बोर्ड सदस्य सुखदेव प्रसाद, अशोक शर्मा, दशरथ कुर्मी, चमन मुंडा, दयानंद प्रसाद, रवि गिरी, महेंद्र सिंह, शिवचरण करमाली, बैजनाथ कुमार, सत्यनारायण ठाकुर, विजय राम, दिलीप कुमार, लोकेश कुमार, राजेश बेदिया सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## पेज एक का शेष

### टाना भगत परिवारों को 200 यूनिट फ्री बिजली

**स्वास्थ्य सेवा:** कैबिनेट सचिव ने बताया कि राज्य सरकार के विभिन्न सेवा के कार्य को 5 लाख का जो हेल्थ इंश्योरेंस जो बीमा कंपनी के माध्यम से दिया जाना है, उसमें 5 लाख से ऊपर के खर्चे पर सूचीबद्ध अस्पताल के अलावा अन्य अस्पताल यानी सीजीए के तहत भुगतान होगा। एयर एंबुलेंस और अंग प्रत्यारोपण के लिए भी पैसा मिलेगा। ग्लाइडर पायलट और प्रभावित पायलट को 37500 का भत्ता, 1 66 स्कूलों को प्लस टू स्कूल में उत्क्रमित किया गया। स्वास्थ्य विभाग के अधीन आयुष निदेशालय में खाद्य सुरक्षा आयुक्त के कार्यालय और चिकित्सा शिक्षा निदेशालय को सचिवालय के संलग्न कार्यालय के रूप में अधिसूचित किया गया। मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना में सरलीकरण किया गया है। 5 लाख तक की स्वीकृति सिविल सर्जन कर सकेंगे और 5 से 10 लाख के ऊपर कमेटी स्वीकृति देगी।

**आवासीय स्कूलों में भोजन राशि बढ़ी:** नेताजी आवासीय विद्यालय, कस्तूरबा विद्यालय खाने के खर्च को 1400 से बढ़ कर 2290 रुपये प्रति छात्र प्रतिमाह कर दिया गया है। इसके अलावा बिजली और अन्य खर्चों में भी राशि बढ़ायी गई है। इसमें विविध अनुदान 2.50 लाख और बिजली के लिए 3. 50 लाख रुपये दिये जायेंगे। 3 साल, 4 नव कदम से 6 साल के बच्चों के लिए प्राइमरी शिक्षा दी जायेगी। दो पैंट या स्कर्ट लड़कियों को दिया जायेगा। किताब क्रेयॉन्स पोशाक की सिलाई दी जायेगी। 1400 प्रति बच्चा खर्च किया जायेगा। सर जेसी बोस विवि की स्थापना को मंजूरी। गिरिडीह और कोडरमा के सारे कॉलेज इसमें शामिल होंगे। वहीं झारखंड राज्य निर्वाचन आयुक्त का कार्यकाल चार वर्ष और 64 वर्ष की आयु जो पहले हो तब तक होगा। डॉ विकास लाल को सेवा से बर्खास्त किया गया।

**आंगनबाड़ी चलो अभियान:** कैबिनेट सचिव ने बताया कि राज्य में आंगनबाड़ी चलो अभियान की शुरुआत होगी। 211.48 करोड़ खर्च होगा। ग्रामीण विकास विभाग के कार्यालय और आवास का सौंदर्य कारण होगा। एमजीसी से जो भारत सरकार से ग्रामीण सड़क पर योजना स्वीकृत के बाद 47 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गयी। झारखंड लोक कार्य संविदा विवाद मध्य स्तंभ न्यायाधिकरण विधायक 2024 की स्वीकृति दी गई। इसके तहत ठेकेदार और इंजीनियर के बीच में पेमेंट के तहत अगर कोई विवाद होता है तो पहले ठेकेदार सिविल सूट फाइल करता था। उसके बाद जो आदेश पारित होता था तो अपील ही लिए केस ऊपर जाता था। इसमें फैसला अगर सरकार के विपक्ष है तो काफी सूद लगता था। लेकिन अब इसमें संशोधन किया गया और एक ट्रिब्यूनल का गठन किया जायेगा। वही सारा विवाद का सुलझाएगा। आबुआ आवास योजना का लक्ष्य 8 लाख से बढ़ा कर 20 लाख रुपए तक कर दिया गया। नेफ्ट के माध्यम से पेमेंट किया जायेगा। केंद्र प्रायोजित मिशन सक्षम आंगनबाड़ी 2.0 संविदा आधारित पदों की स्वीकृति। झारखंड वन सेवा नियुक्ति प्रोन्नति अन्य सेवा शर्त नियमावली को मंजूरी।

### एक करोड़ परिवारों को मिलेगी 300 यूनिट फ्री बिजली

**12 खनिजों की रॉयल्टी तय,अब नीलामी :** केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण और आवश्यक 12 खनिजों पर रॉयल्टी की दरों के प्रस्ताव को गुरुवार को स्वीकृति प्रदान की। इसके साथ ही अब सरकार देश में इन खनिजों की खानों के पट्टे पहली बार नीलाम कर सकेगी। इन 12 खनिजों पर रॉयल्टी की दरें दो, तीन और चार प्रतिशत के दायरे में रखी गयी हैं। बैठक में खान एवं खनिज (विकास एवं विनिमयन) अधिनियम 1957 की दूसरी अनुसूची में संशोधन के प्रस्ताव को मंजूर करते हुये, इन 12 महत्वपूर्ण खनिजों के खनन पर रायल्टी की विशिष्ट दरें निर्धारित करने का निर्णय किया। इन खनिजों में बीरीलियम, कैडमियम, कोबाल्ट, गैलियम, इंडियम, रेनियम, सेलेनियम, टैन्टैलम, टेल्लुरियम, टिटैनियम, टंगस्टन और वैनैडियम शामिल हैं। इस फैसले से रणनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण और आवश्यक सभी 24 खनिजों पर रॉयल्टी की दरों को तर्कसंगत बनाने की कवायद पूरी हो चुकी है। खान एवं खनिज अधिनियम के तहत विभिन्न खनिजों पर रॉयल्टी के दरें निर्धारित की जाती हैं। जिन खनिजों पर कोई दर निर्धारित नहीं होती है, उन पर रॉयल्टी की दर औसत बिक्री मूल्य (एएसपी) के 12 प्रतिशत के बराबर मानी जाती है।

### झारखंड पलिस पड़ोसी राज्य से बना रही समन्वय

**नक्सल इलाकों में हेलीपैड:** लोकसभा चुनाव को लेकर नक्सली इलाकों में हेलीपैड तैयार किया जा रहा है ताकि किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटा जा सके। आईजी राजकुमार लकड़ा बताते हैं कि नक्सली संगठन कमजोर हुए हैं लेकिन खत्म नहीं हुए है, कई स्प्लिंटर ग्रुप चुनौती बने हुए हैं। इसके साथ ही कई ऐसे इलाके हैं जहां वोट देने के लिए लोगों में खौफ होता था लेकिन अब यह खौफ कम हुआ है। चुनाव आयोग भी प्रचार कर रहा है और वोटरों को जागरूक कर रहा है। उन्होंने बताया कि पहले कई इलाकों में हेलीकॉप्टर से मतदान कर्मियों को भेजा जाता था लेकिन अब ऐसा माहौल नहीं है।

### नक्सली इलाकों में बदलाव

आईजी राजकुमार लकड़ा बताते हैं कि नक्सली और स्प्लिंटर्स ग्रुप इलाके के विकास में बाधक रहे हैं। उनकी वजह से कई इलाकों में रोड, पूल, पुलिया नहीं बन पाता था लेकिन सुरक्षाबलों की मौजूदगी में अब बदलाव हो रहा है। पलामू के इलाके में भी बदलाव हुआ है। अभियान ऑक्टोपस और डबल बूल ने कई बदलाव लाया है। ऑक्टोपस और डबल बूल अभियान काफी सफल रही, जिसमें तीनों जिलों के अधिकारी, पुलिस और सीआरपीएफ के आला अधिकारियों की अहम भूमिका रही है।

प्रधानमंत्री ने मप्र के उज्जैन में विक्रमादित्य वैदिक घड़ी का लोकार्पण और 17,000 करोड़ से अधिक की विकास परियोजनाओं की सौगात, कहा

# एक ही बात सुनाई देती है, अबकी बार 400 पार

एजेंसी

**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि आज चारों तरफ एक ही बात सुनाई देती है- अबकी बार 400 पार। पहली बार ऐसा हुआ है जब जनता ने खुद अपनी प्रिय सरकार की वापसी के लिए ऐसा नारा बुलंद कर दिया है। ये नारा भाजपा ने नहीं, बल्कि देश की जनता-जनार्दन का दिया हुआ है। मोदी की गारंटी पर देश का इतना विश्वास भाव-विभोर करने वाला है। हमारे लिए सरकार बनाना अंतिम लक्ष्य नहीं है। हमारे लिए सरकार बनाना देश निर्माण का माध्यम है। हम तीसरी बार में देश को तीसरी बड़ी आर्थिक महाशक्ति बनाने के लिए चुनाव में उतर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी गुरुवार शाम को कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 'विकसित भारत विकसित मध्य प्रदेश' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।



भोपाल के लाल परेड ग्राउंड में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव समेत मंत्रीगण एवं अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। राज्यपाल पटेल एवं मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम में रिमोट का बटन दबाकर उज्जैन में स्थापित विक्रमादित्य वैदिक घड़ी का लोकार्पण और 17,000 करोड़ रुपये से से अधिक की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इनमें सिंचाई, बिजली, सड़क, रेल, कोयला, उद्योग से जुड़े प्रोजेक्ट शामिल हैं। उन्होंने उज्जैन में स्थापित विश्व की

- पहली बार जनता ने खुद प्रिय सरकार की वापसी के लिए नारा बुलंद कर दिया : मोदी
- भारत को तीसरी बड़ी आर्थिक महाशक्ति बनाने के लिए चुनाव में उतर रहे हैं

पहली वैदिक घड़ी का उद्घाटन और प्रदेश के सभी जिलों में साइबर तहसील परियोजना की भी शुरूआत की। प्रधानमंत्री ने अपने भाषण की शुरूआत डिंडौरी सड़क हादसे पर संवेदनाएं व्यक्त करते हुए की। उन्होंने कहा कि मैं डिंडोरी सड़क हादसे पर अपना दुख व्यक्त करता हूं। इस हादसे में जिन लोगों ने अपने परिजनों को खोया है, मेरी संवेदनाएं उनके साथ हैं, जो लोग घायल हैं, उनके उपचार की हर व्यवस्था सरकार कर रही है। दुख की इस घड़ी में मैं मध्य प्रदेश के लोगों के साथ हूं। उन्होंने कहा कि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के कार्यक्रम में 200 से ज्यादा स्थानों पर 20 लाख से ज्यादा लोग जुड़े हों, यह सामान्य नहीं है। मुझे दिख रहा है कि लोगों में कितना जोश, उमंग है। कल से ही मप्र में नौ दिन का विक्रमोत्सव शुरू होने वाला है। ये हमारी गौरवशाली विरासत और वर्तमान के विकास का उत्सव है। हमारी सरकार विरासत और विकास को कैसे एक साथ लेकर चलती है, इसका प्रमाण उज्जैन में लगी वैदिक घड़ी भी है। यह भारत को विकसित बनाएगा। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश आत्मनिर्भर भारत, मेक इन इंडिया का मजबूत स्तंभ बनेगा। मुरैना के सीतापुर में मेगा लेजर एंड फुटवेयर क्लस्टर, इंदौर में रेडिमेड गारमेंट इंडस्ट्री के लिए पार्क, मंदसौर में इंडस्ट्रियल पार्क का विस्तार, धार में इंडस्ट्रियल पार्क का निर्माण इसी दिशा में उठाए जा रहे कदम है। कांग्रेस की सरकारों ने मैन्युफैक्चरिंग की हमारी पारंपरिक ताकत को भी बर्बाद कर दिया था। खिलौना बनाने की हमारी बड़ी परंपरा रही है। स्थिति यह थी कि कुछ साल पहले तक हमारे बाजार और घर विदेशी खिलौनों से भरे पड़े थे। हमने देश के खिलौने बनाने वाले पारंपरिक परिवारों को विश्वकर्मा परिवार के तौर पर मान्यता दी। बुधनी के खिलौना बनाने वालों के लिए अनेक अवसर मिलने वाले हैं। इससे खिलौना निर्माण को बल मिलेगा। जिन्हें कोई नहीं पूछता, उन्हें मोदी पूछता है। मोदी ने कहा कि गांव वालों को जमीन से जुड़े छोटे-छोटे तहसीलों के चक्कर काटने पड़ते थे। अब हमारी डबल इंजन सरकार ने पीएम स्वामित्व योजना के जरिये स्थायी समाधान निकाल रही है। मध्य प्रदेश तो इस योजना के तहत शत-प्रतिशत गांवों का ड्रोन से सर्वे किया जा चुका है। 20 लाख से अधिक स्वामित्व कार्ड दिए जा चुके हैं। गांव के घरों के कानूनी दस्तावेज मिल रहे हैं, इससे गरीब कई तरह के विवादों से बचेगा। गरीब को हर मुसीबत से बचाना ही तो मोदी की गारंटी है। मध्य प्रदेश के सभी 55 जिलों में साइबर तहसील योजना का विस्तार किया जा रहा है। नामांतरण, रजिस्ट्री से जुड़ी समस्याओं का समाधान डिजिटल माध्यम से हो जाएगा। इससे ग्रामीण परिवारों का समय और पैसा बचेगा।

उन्होंने कहा कि 2014 से पहले के 10 वर्षों में देश के करीब 40 लाख हेक्टेयर भूमि को सूक्ष्म सिंचाई के दायरे में लाया गया था, लेकिन बीते 10 वर्षों में इसका दोगुना करीब 90 लाख हेक्टेयर खेती को सूक्ष्म खेती से जोड़ा गया है। बीते 10 वर्षों में पूरे विश्व में भारत की साख बहुत अधिक बढ़ी है। आज दुनिया के देश भारत के साथ दोस्ती करना पसंद करते हैं।

## स्पीड न्यूज

### मां बनने वाली हैं दीपिका पादुकोण



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण मां बनने वाली हैं और वह सितंबर में बच्चे को जन्म देने वाली हैं। दीपिका ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अपने प्रशंसकों के साथ यह खुशखबरी शेयर की। पिछले दो महीने से एक्ट्रेस के प्रेग्नेंट होने की खबरें आ रही हैं और अब उन्होंने इसकी पुष्टि कर दी है। जैसे ही दीपिका ने यह खुशखबरी शेयर की, उन्हें बधाई देने का तांता लगा है। दीपिका ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है कि बच्चे का जन्म इसी साल सितंबर महीने में होगा। फैंस और मशहूर हस्तियों ने दीपिका को शुभकामनाएं दी हैं।

### नेपाल में यूपीआइ से पेमेंट करेंगे भारतीय




**काठमांडू ।** नेपाल और भारत के बीच हुए डिजिटल पेमेंट सिस्टम समझौता गुरुवार से लागू हो गया है। गुरुवार से भारतीय नागरिक नेपाल में क्यूआर कोड के जरिए पेमेंट कर सकते हैं। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचण्ड की पिछली भारत यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच डिजिटल पेमेंट सिस्टम को लागू करने को लेकर एक समझदारी पत्र पर समझौता हुआ था। इसी समझदारी पत्र के आधार पर पिछले महीने ही नेपाल राष्ट्र बैंक के गवर्नर और भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर के बीच एक समझौता हुआ था।

### वन रैंक वन पेंशन लागू करे सरकार : कांग्रेस

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्रवाद, देश प्रेम और सैन्य प्रेम को दिखावा करार देते हुए कहा है कि वह अपने पूंजीपति मित्रों के लिए सब कुछ करने को तैयार हैं लेकिन सैनिकों के लिए उनके हाथ बंध जाते हैं और वह देश की सभी सैन्य संस्थाओं को बर्बाद कर रहे हैं। कांग्रेस के पूर्व सैनिक विभाग के चेयरमैन कर्नल रोहित चौधरी ने गुरुवार को पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सैनिकों के लिए वन रैंक वन पेंशन योजना लागू होनी चाहिए और पहले से दी जा रही उनकी कोई भी सुविधा बंद नहीं होनी चाहिए।

### अब होगी खानों के पट्टे की नीलामी

**नयी दिल्ली।** केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण और आवश्यक 12 खनिजों पर रॉयल्टी की दरों के प्रस्ताव को गुरुवार को स्वीकृति प्रदान की। इसके साथ ही अब सरकार देश में इन खनिजों की खानों के पट्टे पहली बार नीलाम कर सकेगी। सरकार की ओर से दी गयी जानकारी के अनुसार, इन 12 खनिजों पर रॉयल्टी की दरें दो, तीन और चार प्रतिशत के दायरे में रखी गयी हैं।

### पाक में 6 आतंकी ढेर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में सुरक्षा बलों के अभियान में छह आतंकवादी मारे गये। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने बुधवार देर रात यह जानकारी दी। आईएसपीआर ने बताया कि सुरक्षा बलों ने खुफिया सूचना के आधार पर प्रांत के उत्तरी वजीरिस्तान जिले में एक अभियान चलाया।

# अब कोर्ट का स्टे ऑर्डर छह माह बाद स्वतः खत्म नहीं होगा : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट की पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने गुरुवार को एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि किसी भी मामले में अदालत से जारी स्थगन आदेश (स्टे आर्डर) छह महीने में स्वतः समाप्त नहीं होगा। सुप्रीम कोर्ट ने अपने ही पूर्व के एशियन रिसर्च संघ मामले में 2018 में दिये गए फैसले को पलटते हुए यह नयी व्यवस्था दी है। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को दिए फैसले में 2018 का तीन न्यायाधीशों का आदेश रद करते हुए कहा कि सभी तरह के दीवानी और फौजदारी मामलों में दिए गए स्थगन आदेशों को छह महीने तक सीमित रखने और छह महीने के बाद स्थगन आदेश स्वतः समाप्त हो जाने का एक सामान्य (जेनरिक) आदेश नहीं दिया जा सकता। कोर्ट ने कहा कि बेहतर हो

- सभी तरह के दीवानी और फौजदारी मामलों के स्थगन आदेशों को एक सामान्य आदेश नहीं दिया जा सकता



कि ऐसा करना संबंधित अदालत पर छोड़ा जाए जो केस की प्राथमिकताओं को देखते हुए निर्णय सभी तरह के दीवानी और फौजदारी मामलों में दिए गए स्थगन आदेशों को छह महीने तक सीमित रखने और छह महीने के बाद स्थगन आदेश स्वतः समाप्त हो जाने का एक सामान्य (जेनरिक) आदेश नहीं दिया जा सकता।डीवाई चंद्रचूड़, एएस ओका, जेबी पार्डीवाला, पंकज मित्तल और मनोज मिश्रा की पीठ ने 2018 के एशियन रिसर्चच्सॉन्ग ऑफ रोड एजेंसी प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक बनाम सीबीआइ फैसले पर पुनर्विचार की मांग वाली इलाहाबाद हाई कोर्ट बार एसोसिएशन की याचिका पर सुनाया है। कोर्ट ने हाई कोर्ट बार एसोसिएशन की अपील स्वीकार कर ली है। एशियन रिसर्चच्सॉन्ग फैसले में तीन न्यायाधीशों की पीठ ने स्टे आर्डर की अवधि छह महीने तक सीमित करने का आदेश देते हुए यह सोचा था कि इससे मुकदमों और ट्रायल में होने वाली देरी घटेगी। कोर्ट का मानना था कि देरी घटाने में यह तरीका प्रभावकारी हो सकता है। पांच न्यायाधीशों की पीठ ने 2018 के आदेश को रद करते हुए कहा है कि संवैधानिक अदालतों को अन्य अदालतों में लंबित मामलों के निपटारे की समय सीमा नहीं तय करनी चाहिए। आउट आफ टर्न प्राथमिकता का मामला भी संबंधित अदालत पर छोड़ना चाहिए क्योंकि जमीनी स्तर के मुद्दे केवल संबंधित अदालत को ही मालूम होते हैं। ऐसे आदेश केवल असाधारण परिस्थितियों में ही पारित किये जा सकते हैं। जस्टिस ओका ने पीठ का फैसला पढ़ते हुए कहा कि संवैधानिक अदालतों को केस निपटारे की कोई भी समय सीमा तय करने से बचना चाहिए। हाई कोर्ट सहित सभी अदालतों में मुकदमों के लंबित रहने का ट्रेंड भिन्न है इसलिए कुछ मामलों में आउट आफ टर्न प्राथमिकता का मामला भी संबंधित अदालत पर छोड़ना बेहतर है। जस्टिस ओका ने स्वयं और तीन अन्य न्यायाधीशों की ओर से दिए फैसले को पढ़ा। जस्टिस मित्तल ने अलग लेकिन सहमति वाला फैसला दिया।

## बिहार : अपराध नियंत्रण बिल विधानसभा से पास

पटना। बिहार विधानसभा से गुरुवार को बिहार अपराध नियंत्रण विधेयक 2024 पास हो गया। विधानसभा से इस बिल के पास होने के बाद उसे मंजूरी के लिए राज्यपाल के पास भेजा जाएगा और राज्यपाल की मंजूरी मिलने के बाद बिहार में अपराध नियंत्रण को लेकर नया कानून लागू हो जाएगा। बिहार विधानसभा में सरकार की तरफ से मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने बिहार अपराध नियंत्रण विधेयक 2024 को सदन के पटल पर रखा। मंत्री ने कहा कि राज्य के वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों, महत्वपूर्ण स्थानों, रेलवे परिसर, बस स्टैंड, खेल मैदान, सार्वजनिक संस्था, बैंक परिसर आदि जगहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने का काम होगा। इससे अपराध आतंक विरोधी कार्रवाई में मदद मिलेगी। विधेयक में 10 धाराएं शामिल की गई हैं। 30 दिनों तक सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित रहेगा। मंत्री ने कहा कि लोक सुरक्षा समिति इसपर नियंत्रण रखेगी। अगर संस्थान तीस दिनों के भीतर विधेयक के अनुरूप काम नहीं करते हैं तो अर्थ दंड लगाया जाएगा।

## वैज्ञानिकों ने केले के रेशों से बनायी घाव की ड्रेसिंग पट्टी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के तहत एक स्वायत्त संस्थान, इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडी इन साइंस एंड टेक्नोलॉजी (आईएएसएसटी) के वैज्ञानिकों ने केले के तने से पर्यावरण-अनुकूल घाव ड्रेसिंग सामग्री (पट्टी) तैयार की है। प्रोफेसर देवाशीष चौधरी और प्रोफेसर (सेवानिवृत्त) राजलक्ष्मी देवी के नेतृत्व में आईएएसएसटी-डीकिन यूनिवर्सिटी संयुक्त पीएचडी कार्यक्रम में केले के रेशों और ग्वार गम जैसे बायोपॉलिमर के साथ कुशलतापूर्वक संयोजित किया है। इससे एंटीऑक्सीडेंट गुणों वाला एक बहुक्रियाशील पैच बनाए गए हैं। इस अभिनव ड्रेसिंग सामग्री को बनाने में उपयोग की जाने वाली सभी सामग्रियां प्राकृतिक और स्थानीय रूप से उपलब्ध हैं, जो विनिर्माण प्रक्रिया को सरल, लागत प्रभावी और गैर विषैला बनाती हैं। घाव की ड्रेसिंग सामग्री घाव की



देखभाल के लिए एक स्थायी समाधान प्रस्तुत करती है। प्रोफेसर चौधरी बताते हैं कि यह घाव भरने में काफी उपयोगी साबित हो रही है। यह कम लागत वाला, विश्वसनीय और पर्यावरण के अनुकूल विकल्प पेश करती है, जो बायोमेडिकल अनुसंधान में महत्वपूर्ण क्षमता रखती है। केले के फाइबर-बायोपॉलिमर मिश्रित ड्रेसिंग अपने व्यापक अनुप्रयोगों और स्वास्थ्य और पर्यावरण पर सकारात्मक प्रभाव के साथ घाव की देखभाल में क्रांति ला सकती है। एल्सेवियर ने हाल ही में इस काम को इंटरनेशनल जर्नल ऑफ बायोलॉजिकल मैक्रोमोलेक्युलस में प्रकाशित किया है।

# महाविकास आघाड़ी में सीटों के बंटवारे पर सहमति

**शिवसेना (यूबीटी) -21, कांग्रेस - 15 और राकांपा (शरद पवार) -9 सीटों पर लड़ेगी लोकसभा चुनाव**

एजेंसी

मुंबई। लोकसभा चुनाव के लिए महाविकास आघाड़ी के सहयोगी दलों के बीच सीटों के बंटवारे पर गुरुवार को अंतिम निर्णय ले लिया गया है। इसके तहत सर्वाधिक 21 सीटों पर शिवसेना(यूबीटी), 15 सीटों पर कांग्रेस और 9 सीटों पर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) चुनाव लड़ेगी।

महाविकास आघाड़ी के सहयोगी दलों की गुरुवार को वरिष्ठ राकांपा नेता शरद पवार के मुंबई स्थित आवास पर लोकसभा चुनाव के लिए सीटों के बंटवारे को लेकर बैठक बुलाई गई थी। इस बैठक में शिवसेना सर्वाधिक सीटों पर अड़ी रही। शिवसेना (यूबीटी) के नेताओं का कहना था कि पिछले चुनाव में उनके सर्वाधिक 22 सांसद थे। इसी



वजह से उन्हें सर्वाधिक सीटें चाहिए। जबकि बैठक में जीतने की क्षमता रखने के आधार पर सीटों का बंटवारा किए जाने की बात कांग्रेस और राकांपा की ओर से की गई। लेकिन बाद में शिवसेना को 21 कांग्रेस को 15 और राकांपा को 9 सीटों पर बैठक में अंतिम रूप दिया गया। कांग्रेस नेता बालासाहेब थोरात ने कहा कि महाविकास आघाड़ी का प्रयास है जीतने वाले उम्मीदवार को मैदान में उतारना है। हम सभी मिलकर इसी तर्ज पर चुनाव लड़ेंगे और अधिक से अधिक सीटों पर विजय हासिल करेंगे। इसी तरह शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राऊत ने कहा कि शिवसेना लोकसभा चुनाव में बड़े भाई की भूमिका में है।

पिछली बार उनके सर्वाधिक उम्मीदवार जीते थे, इस बार महाविकास आघाड़ी साथ मिलकर चुनाव लड़ेगी और महाविकास आघाड़ी के सर्वाधिक उम्मीदवार सांसद बनेंगे। राकांपा (शरद पवार) पार्टी के नेता जीतेंद्र आव्हाड ने बताया कि उनकी पार्टी का लक्ष्य कम सीटों पर लड़कर अधिक उम्मीदवारों को जीताने की है। इसी वजह से सीटों के समझौते में संख्या का महत्व नहीं है।

## सुक्खू बने रहेंगे सीएम

**सरकार व संगठन में तालमेल के लिए बनी कोऑर्डिनेशन कमेटी**

**शिमला।** हिमाचल में कांग्रेस सरकार में नेतृत्व परिवर्तन का मामला सुलझ गया है। सुखविंदर सिंह सुक्खू मुख्यमंत्री बने रहेंगे। कांग्रेस के केंद्रीय पर्यवक्षकों ने शिमला में गुरुवार को यह ऐलान किया है। इसके साथ ही राज्यसभा सीट हारने की जिम्मेदारी भी मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने अपने ऊपर ली है। प्रदेश में कांग्रेस सरकार और संगठन के बीच तालमेल के लिए छह सदस्यीय कोऑर्डिनेशन कमेटी बनाई गई है। कांग्रेस के केंद्रीय पर्यवेक्षक के तौर पर शिमला पहुंचे कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने गुरुवार को पत्रकारों को बताया कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार और संगठन के बीच तालमेल के लिए छह सदस्यीय कोऑर्डिनेशन कमेटी बनाई गई है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह इसके सदस्य होंगे। जबकि तीन सदस्य हाई कमान की ओर से तय किए गए हैं, जिनका ऐलान दिल्ली में किया जाएगा। केंद्रीय पर्यवेक्षक शिवकुमार ने कहा कि सभी मंत्रियों, विधायकों और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के साथ बात हुई है। सब मिलकर इकट्ठे काम करेंगे। भाजपा झूठी अफवाहें फैला रही है। डीके शिव कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री ने कहा है कि वे सभी कोई इकट्ठा लेकर चलेंगे। शिवकुमार ने कहा कि पार्टी में अनुशासन जरूरी है और इसके खिलाफ जाने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी।

# डेगा एयरबेस पर सी-295 विमान को मिला ठिकाना

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** फ्रांस से भारत को मिले पहले सी-295 परिवहन विमान को पूर्वी समुद्री तट विजाग में भारतीय नौसेना के आईएनएस डेगा एयरबेस पर ठिकाना बनाया गया है। भारतीय वायु सेना के लिए यह सामरिक विमान पिछले साल सितंबर में फ्रांस से मिला था। फ्रांस से भारत को मिला पहला सी-295 परिवहन विमान 25 सितंबर को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विधि-विधान से पूजा करके वायु सेना के बेड़े में शामिल किया था। भारत नौसेना और भारतीय तटरक्षक (आईसीजी) के लिए 15 और सी-295 समुद्री एयरक्राफ्ट लेने की तैयारी में है। यह सैन्य परिवहन विमान फ्रांस की एयरबस कंपनी ने पिछले साल 13 सितम्बर को भारतीय वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी को स्पेन के

**मुख्य बातें**
- वायु सेना के लिए पिछले साल सितंबर में फ्रांस से मिला था सामरिक विमान
- नौसेना और आइसीजी के लिए 15 और सी-295 समुद्री एयरक्राफ्ट लेने की तैयारी

सेविले में सौंपा था। इस विमान को वायु सेना के ग्रुप कैप्टन पीएस नेगी फ्रांस से मिस्र और बहरीन होते हुए उड़ाकर 20 सितंबर को भारत लाये और वडोदरा के वायु सेना स्टेशन पर उतारा। इसके बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने फ्रांस से भारत को मिला पहला सी-295 परिवहन विमान 25 सितंबर को औपचारिक रूप से वायु सेना के बेड़े में शामिल किया। राजनाथ सिंह ने विधि-विधान से पूजा करके विमान ह्यस्वास्तिकह्न का निशान बनाया। फ्रांसीसी कंपनी एयरबस डिफेंस एंड स्पेस के साथ वायु सेना के



लिए 24 सितंबर, 2022 को 56 सी-295 सैन्य परिवहन विमानों का सौदा फाइनल हुआ था। इसी सौदे के तहत यह पहला विमान स्पेन में ही तैयार किया है। समझौते के मुताबिक कंपनी को 16 विमान स्पेन में तैयार करके भारत को 'फ्लाइंग मोड' में आपूर्ति करना है। भारत को पहला विमान मिलने के साथ ही अन्य 15 विमानों के 'फ्लाइंग मोड' में आपूर्ति होने का रास्ता साफ हो गया है। अन्य 40 विमानों का निर्माण दस वर्षों के भीतर टाटा कंसोर्टियम भारत में ही करेगा। यह अपनी तरह की पहली परियोजना है, जिसमें निजी सभी 56 विमानों को स्वदेशी इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर सूट के साथ स्थापित किया जाएगा। यह मीडियम लिफ्ट सामरिक विमान बिना तैयार लैंडिंग ग्राउंड से उड़ान भरने और उतरने में सक्षम है। वायु सेना के लिए 56 सी-295 ट्रांसपोर्ट विमानों का सौदा होने के बाद अब नौसेना और आईसीजी के लिए 15 और एयरक्राफ्ट लेने की तैयारी में है।

## मिशिगन प्राइमरी में ट्रंप ने हेली को हराया

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति चुनाव की दावेदारी की दौड़ में रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने अपने मुख्य प्रतिद्वंद्वी, भारतीय-अमेरिकी निक्की हेली को मिशिगन प्राइमरी में आसानी से हराने के साथ ही वह नवंबर में रिपब्लिकन पार्टी की उम्मीदवारी औपचारिक रूप से हासिल करने की दिशा में एक कदम और करीब आ गए। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने मिशिगन डेमोक्रेटिक प्राइमरी चुनाव में जीत दर्ज की है। मिशिगन में हेली को 26.5 फीसदी वोट मिले थे, जबकि ट्रंप को 68.2 फीसदी वोट मिले। अमेरिकी मीडिया ने अनुमान लगाया कि 77 वर्षीय ट्रंप 52 वर्षीय हेली के खिलाफ 40 प्रतिशत से अधिक मतों के साथ मिशिगन प्राइमरी में जीत हासिल करेंगे। ट्रंप की इस जीत ने अगले सप्ताह की सुपर प्रतिस्पर्धा से पहले गति बनाने की हेली की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है।

सूर्यांश वैदिक ज्योतिष कार्यालय
गिरधर गोपाल मिश्रा
ज्योतिषाचार्य
जन्म कुण्डली, रत्न विज्ञान व वैदिक अनुष्ठानों के द्वारा अपने समस्याओं का सम्पूर्ण समाधान प्राप्त करें।
I S H103 Housing Colony Dhanbad Jharkhand 826001.
Mob. 9525504033

जय मां शक्ति सह होमियो चिकित्सा केंद्र
डॉक्टर आर के पाठक
होमियोपैथिक दवा के द्वारा सभी रोगों का इलाज
(सुबह 10 से 12, शाम 5 से 8 बजे तक)
सम्पर्क : 8409363623
कुम्हारपट्टी मनईटांड़, धनबाद

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!

# सड़क जाम मामले में साक्ष्य के अभाव में कांग्रेस महागामा विधायक समेत छह हुए बरी

## गोड्डा लोकसभा सीट से दीपिका सिंह पाण्डे ने की दावेदारी पेश

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** गोड्डा के महागामा से कांग्रेस विधायक दीपिका पांडे सिंह सड़क जाम से संबंधित एक मामले में दुमका के एमपी एमएलए की विशेष अदालत ने साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। कोर्ट ने विधायक सहित कुल छह लोगों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। मामला वर्ष 2019 का है। जब कांग्रेस नेत्री प्रियंका गांधी की उत्तर प्रदेश में गिरफ्तारी हुई तो पूरे देश में कांग्रेस कार्यकर्ता सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करने लगे। इसी क्रम में गोड्डा के महागामा में तत्कालीन कांग्रेस जिला अध्यक्ष दीपिका पांडे सिंह अपने पार्टी के समर्थकों के साथ सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन कर रही थी। इस विरोध प्रदर्शन के कारण दीपिका पांडे सिंह सहित कुल छह लोगों पर नाम पर प्राथमिक की दर्ज हुई थी। बाद में दीपिका पांडे महागामा विधानसभा से चुनाव जीत कर विधायक बन गई। जिसके कारण केस को गोड्डा से दुमका के एमपी एमएलए की विशेष अदालत में स्थानांतरित कर दिया गया।

जहां कोर्ट ने सभी 6 लोगों को 22 जनवरी कर दिया। कोर्ट का फैसला आने के बाद दीपिका पांडे सिंह ने न्यायपालिका के प्रति आभार प्रकट की। कोर्ट से बाहर निकालने के बाद विधायक दीपिका पांडे सिंह ने मीडिया से देश एवं प्रदेश की राजनीति पर खुलकर बातें की। अब तक दीपिका पांडे सिंह के गोड्डा लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी होने की चर्चा हो रही थी। जिसे आज दीपिका पांडे ने भी स्वीकार करते हुए कहा कि कांग्रेस में जो भी उम्मीदवार होते हैं। उन्हें अपनी उम्मीदवारी के लिए आवेदन देना होता है। उसने भी अपनी उम्मीदवारी के लिए आवेदन पार्टी को दिया है। दीपिका पांडे प्रत्याशी होगी या नहीं यह फैसला पार्टी वाला कमान का होगा। विधायक ने कहा कि युद्ध स्तर पर महागठबंधन के कार्यकर्ता तैयारी में जुटी हुई है और आने वाले लोकसभा चुनाव में सभी 14 सीटों पर महागठबंधन के प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित है। उन्होंने कहा कि भाजपा के किसी प्रत्याशी को अगर हराना सबसे आसान है तो वह गोड्डा के वर्तमान सांसद निशिकांत दुबे हैं। दीपिका पांडे का तर्क है कि निशिकांत दुबे तीन टर्म से गोड्डा लोकसभा के सांसद हैं और जिस कार्य का श्रेय वह मंच से लेते हैं। वह तमाम कार्य यूपीए के समय में पारित हुआ था। अदानी के लिए गोड्डा तक तो रेल सेवा शुरू हो गई।

लेकिन आज तक महागामा मेहरमा और ठाकुरगंती तक नहीं पहुंच पाया। राज्य की एकमात्र कांग्रेस सांसद गीता कोड़ा भाजपा में शामिल होने के सवाल पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस एक समंदर है। जिन्हें जाना था चले गए। उसे स्थान को भरने के लिए कांग्रेस में लोगों की कमी नहीं है। लेकिन उन्होंने सवाल खड़े किए कि आखिर किस परिस्थिति में लोग भाजपा ज्वाइन कर रहे हैं। यह सभी को पता है। कहीं केंद्रीय एजेंसी का दबाव दिया जाता है तो कहीं प्रलोभन दिया जाता है दबाव या प्रलोभन के चक्कर में जो लोग जा रहे हैं। उन पर क्या कह सकते हैं। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत तौर पर मेरा उनसे जुड़ रहा है। किन परिस्थिति में वह भाजपा गई वह पूरा झारखंड जान रहा है। उन्होंने कहा कि शुरू से ही बीजेपी झारखंड में सरकार को अस्थिर करने का प्रयास करती रही। लेकिन यहां महागठबंधन की सरकार ने भाजपा को करारा जवाब दिया। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दबाव में जाने के बजाय राजनीतिक संकट टालने के लिए त्यागपत्र दिया और आज उन्हें कटघरे के पीछे रखा गया है। भाजपा तमाम तरह का प्रयास कर चुकी है। राज्य में सरकार गिराने का। लेकिन अभी तक सफल नहीं हुई है और आगे भी नहीं होगी।


रिहाई के आदेश के बाद कोर्ट से निकलती विधायक व उनके समर्थक

## एक नजर में

### वार्ड सदस्यों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ



खबर मन्त्र संवाददाता

**गिद्धौर।** प्रखंड कार्यालय सभागार में बृहस्पतिवार को पंचायती राज के तहत वार्ड सदस्यों को तीन दिवसीय प्रारंभिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में उपस्थित वार्ड सदस्य को प्रशिक्षक सुभाष जगनी अमित सिंह ने पंचायती राज अधिनियम, ग्राम सभा में भागीदारी, सतत विकास का लक्ष्य सहित अन्य का प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर सीएससी मैनेजर अमित कुमार सिंह मास्टर ट्रेनर प्रकाश राणा सुभाष जगनी एवं वार्ड सदस्य उपस्थित थे।

### नए डीएसई से मिला शिक्षक संघ



**कोडरमा।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ जिला इकाई कोडरमा के सदस्यों ने नव पदस्थापित जिला शिक्षा अधीक्षक-सह-जिला शिक्षा पदाधिकारी विनय कुमार को बुके भेंट की। इस दौरान जिला अध्यक्ष शिवशंकर रजक ने विगत लंबे अरसे से प्रोन्नति नहीं मिलने के कारण प्रोन्नति एवं जिले के शिक्षकों के साथ अन्यान्य समस्याओं को लेकर वार्ता की। श्री रजक ने कहा कि जिला शिक्षा अधीक्षक इन मुद्दों पर काफी सकारात्मक दिखे और एक सप्ताह का समय लेते हुए सकारात्मक पहल करने की बात भी की। वहीं जिला महासचिव रविकांत कुमार रवि ने वार्षिक अवकाश तालिका पर प्रकाश डालते हुए एमडीएम संबंधित बातों को भी रखा। मौके पर संगठन मंत्री सुभाष चंद्र, संजीव कुमार मिश्रा, माधव कुमार, शंकर दयाल, ललन प्रसाद यादव, अरविंद कुमार, जयनगर प्रदीप धोबी, धनेश्वर राम, जितेंद्र कुमार, राजीव यादव, सत्यदेव कुमार, उमेश कुमार सिन्हा, राजेंद्र प्रसाद, राजेंद्र कुमार, प्रकाश पंडित, गुलाब राम, अरविंद कुमार रमेश प्रसाद आदि मौजूद थे।

## बंगला हरी नाम संकीर्तन और वार्षिक पूजा का आयोजन इटहरी में



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** ठाकुर गंगटी के मेहरमा प्रखंड क्षेत्र के प्रचलित इटहरी गांव में वार्षिक धार्मिक आयोजन कार्यक्रम के तहत बुधवार को विगत वर्षों की तरह बांग्ला हरि नाम संकीर्तन सहित अन्य प्रकार का पूजा, अर्चना माला जप,ज्ञान के साथ-साथ धार्मिक ग्रंथो पर चर्चा आदि प्रारंभ किया गया।हरि नाम संकीर्तन के लिए बनाए गए तत्कालिक नए मोदी मंडली में नवनिर्मित राधा कृष्ण, राम सीता और बजरंगबली की प्रतिमा स्थापित की गई। प्रचलित विद्वानों द्वारा मंत्र उच्चारण के साथ प्रतिमा की तात्कालिक प्राण प्रतिष्ठा कराई गई और विभिन्न प्रकार की देवी देवताओं का आह्वान किया गया।उसके बाद इटहरी गांव के निवेदक निर्मल पोद्दार, अध्यक्ष सुनील पोद्दार, पंडित निर्मल पांडे,मंगल ॐ सिधारी, विपिन पोद्दार डॉक्टर सिकंदर पोद्दार हनारी,राजा बाबू,मुन्ना, लड्डू पोद्दार, विनोद राय, मंगल राय, विनय, कृष्णदेव, गुड्डू पोद्दार, अंकुश, छोटू राय, भागीरथ, अशोक मंडल, श्रीकांत, प्रदीप पोद्दार, दीपक राय, पप्पू पोद्दार, सिंटू, दिलीप पोद्दार, कुंदन पोद्दार और निकटवर्ती कई गांवों और निकटवर्ती प्रखंडों के समाजसेवियों, शिक्षाविदों, युवाओं आदि ने मिलकर इस वार्षिक धार्मिक कार्यक्रम के तहत देसी और बांग्ला हरि नाम संकीर्तन का शुभारंभ कराया।ग्रामीण व अन्य द्वारा बताया गया कि इस गांव में प्रत्येक वर्ष इस प्रकार का धार्मिक कार्यक्रम किया जाता रहा है और भविष्य में भी किया जाता रहेगा।बताया कि गांव समाज में शांति, सद्भावना, सबों के अंदर सद्बुद्धि का विराजमान, सुख, समृद्धि, शिक्षा की बढ़ोतरी की कामना को लेकर संपूर्ण ग्राम वासियों द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। संपूर्ण ग्रामवासी मिलकर हर संभव सभी तन, मन, धन से सहयोग करते हैं। इस कार्यक्रम से गांव में सभी लोगों में एक दूसरे के प्रति परस्पर प्रेम भाव बना रहता है और इस कार्यक्रम के बाद भी सभी एक दूसरे को हमेशा सहयोग का आदान-प्रदान करते रहते हैं। पश्चिम बंगाल और बिहार राज्य के कटिहार जिले के नागराज प्रचलित कीर्तनीय पार्टी के साथ-साथ कई अन्य जगहों के भी कीर्तनीय पार्टियों को बुलाया गया है। इतहारी गांव के भी दो दल बारी-बारी से हरि नाम संकीर्तन में भाग ले रहे हैं।

## डीएसओ मनीन्द्र भगत ने पीडीएस के चार दुकानदारों से मांगा स्पष्टीकरण

**चतरा।** गरीबों का अनाज गरीबों को मिले इसके लिए डीएसओ मिनिन्दर भगत ने गुरुवार को जन वितरण प्रणाली की दुकानों का औचक निरीक्षण किया। अनियमितता के कारण चार पीडीएस दुकानों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। उक्त जानकारी डीएसओ मनीन्द्र भगत ने दी। डीएसओ भगत ने बताया कि चतरा नगर परिषद अंतर्गत जन वितरण प्रणाली दुकानदारों में भैरो प्रसाद, मो. फिरोज मो. तारिक एवं सिमरिया प्रखंड के बाना साड़ी के रामलखन सिंह की दुकानों का निरीक्षण किया गया। जिसमें कई अनियमितताएं पाई गईं। सूचना बोर्ड पुराना एवं अपूर्ण है, लाभुकों की सूची पुरानी है अर्थात दीवार लेखन आधा-अधूरा है एवं स्टॉक रजिस्टर का संधारण सही नहीं पाया गया है। चतरा नगर परिषद के तीन दुकानों को निर्देश दिया गया कि उपरोक्त सभी कमियों को तुरंत दूर कर लें अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जायेगी। निरीक्षण का उद्देश्य ग्रीन राशन मई 023 का खराब वितरण प्रतिशत रहा है। मई, 2023 में केवल तारिक अनवर ने 145 किलोग्राम वितरण किया है और शेष खाद्यान्न गोदाम में पर्याप्त है।

## जन संवाद कार्यक्रमों और नीतियों को आम जन तक पहुंचाना उद्देश्य



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** आज गोड्डा जिला भाजपा कार्यालय में प्रेस वार्ता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव मिश्रा और झारखंड प्रदेश मंत्री मुन्ना मिश्रा और मंच पर आसीन जिला महामंत्री कृष्ण मुरारी चौबे, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अजित सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष दिलीप सिंह, जिला मीडिया प्रभारी बिमंत साह, सह मीडिया प्रभारी लालबहादुर सिंह, सोशल मीडिया प्रभारी राजेश भगत, और जिला परिषद सदस्य श्री राघवेंद्र सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम में केंद्र की भाजपा सरकार और प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों को आम जनता तक पहुंचाने के लिए कई कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई है जन संवाद और प्रधान मंत्री द्वारा तैयार की गई नीतियों को युवा और किसानों तक हर स्तर पर पहुंचाने की कोशिश की जाएगी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिला महामंत्री कृष्ण मुरारी चौबे ने प्रदेश मंत्री और उपस्थित लोगों का परिचय कराकर प्रेस के मित्रों को प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाग लेने के लिए धन्यवाद दिया।

## जिप अध्यक्ष ने 15वें वित्त आयोग से नवनिर्मित नाली का किया उद्घाटन

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड स्थित कदोडीह गांव में जिला परिषद अध्यक्ष सह राजद जिलाध्यक्ष रामान यादव, पूर्व जिप सदस्य राजकुमार यादव, मुखिया केदार यादव ने संयुक्त रूप से ढक्कन सहित पक्का नाली का उद्घाटन फीता काट कर व नारियल फोड़ कर किया। वहीं जिप अध्यक्ष ने बताया कि इस नाली का निर्माण 15वें वित्त आयोग के मायम से किया गया है।

## मतदाताओं को नैतिक मतदान के लिए किया जा रहा जागरूक



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिले के सभी मतदान केन्द्रों में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। मतदाता शपथ एवं नुक्कड़ नाटक के मायम से मतदाताओं को नैतिक मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। बूथ लेवल अधिकारी अपने-अपने मतदान केन्द्रों के अंतर्गत मतदाताओं को मतदाता शपथ दिलाकर उन्हें मतदान करने के प्रति जागरूक करने का कार्य कर रही है। इसके साथ ही विभिन्न सामाजिक संगठनों के द्वारा भी मतदाता जागरूकता कार्यक्रम यथा जागरूकता रथ व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदाताओं को मताधिकार के महत्व को बताया जा रहा है।

## कोडरमा थाना के समीप चला एंटी क्राइम वाहन जांच अभियान



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह के निर्देशानुसार कोडरमा थाना के समीप थाना प्रभारी सुजीत कुमार के नेतृत्व में एंटी क्राइम वाहन जांच अभियान चलाया गया। जहां दो पहिया व चार पहिया वाहनों का डिक्की व कागजातों की गहनता से जांच की गयी। वहीं थाना प्रभारी ने दो पहिया व चार पहिया वाहन चालकों से हमेशा हेलमेट व सीट बेल्ट लगाकर चलने का अपील किया।

## दहेज प्रताड़ना के मामले में पति को तीन साल की सजा

**दुमका।** दहेज प्रताड़ना के एक मामले में न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी परिधि शर्मा के न्यायालय ने पति को दोषी करार देते हुए तीन साल की सजा एवं 10 लाख का मुआवजा पीड़िता को देने का आदेश सुनाया। न्यायालय ने दुमका के नगर थाना क्षेत्र के कुम्हारपाड़ा निवासी श्वेता गुप्ता, पिता स्व गोवर्धन प्रसाद साह के द्वारा दर्ज प्राथमिकी पर फैसला सुनाया।

## बरडीहा में 20 सूत्री की बैठक संपन्न, लिए गए कई निर्णय

**मझिआंव।** बरडीहा प्रखंड के सभागार में 20 सूत्री अध्यक्ष शिवप्रसाद गुप्ता की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान सभी प्रकार के पेंशन,राशन डिलीवरी के बावजूद भी राशन नहीं देने, 15वें वित कार्य में तेजी लाते हुए विकास कार्य को धरातल पर लाने, प्रखंड मुख्यालय में बने अस्पताल में चिकित्सक को सप्ताह में एक दिन बैठने के निर्देश के बावजूद भी चिकित्सक नहीं बैठते हैं चिकित्सकों की प्रतिनियुक्त करने एवं एंबुलेंस आदि की व्यवस्था के अलावा अबुआ आवास में हुए रिश्वतखोरी के मामले में संदिग लोगों पर कार्रवाई की चर्चा सहित अन्य प्रस्ताव लाया गया। 20 सूत्री की बैठक में उपायक्ष रामदेव विश्वकर्मा,जिला परिषद सदस्य अर्चना प्रकाश, प्रमुख सुनीता देवी, राजनाथ गुप्ता, अंचल निरीक्षक राजकुमार साहू, कनीय अभियंता राकेश आदि लोगों उपस्थित थे।

## चालिस बोरा ढिबरा लोड पिकअप जप्त, चालक फरार



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत लोहासीकर गांव के समीप बुावार की देर शाम रेंजर राम बाबू कुमार के नेतृत्व में एक पिकअप सहित 40 बोरा ढिबरा जब्त किया गया है। वहीं रेंजर राम बाबू कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आाार पर वन कर्मियों की टीम के द्वारा लोहासीकर गांव के समीप उक्त पिकअप को रोका गया। वहीं वन कर्मियों को देखकर चालक ओंरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। वहीं ढिबरा व पिकअप किसका है, जांच चल रहा है एवं ढिबरा की कीमत करीब एक लाख रुपया बताया गया है।

इस छापामारी दल में वन रक्षी हिरामन उरांव, राहुल सिंह, होमगार्ड जवान के जवान शामिल थे।

## कलश यात्रा के साथ शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ शुरू

**चतरा।** सदर प्रखंड अंतर्गत मरमदेरी में श्री श्री 1008 श्री सप्तदिवसीय रुद्र महायज्ञ सह शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कलश यात्रा निकाली गई। इस कलश यात्रा में मुख्य अतिथि ज़िप परिषद् उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी शामिल हुए। भव्य कलश यात्रा से पूरे गांव का माहौल धर्ममय हो गया। श्रद्धालुओं द्वारा हर हर महादेव का जयकारों से पूरा गांव गुंजायमान हो गया। कलश पूजन के बाद मंदिर से कलश यात्रा का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि ने कलश धारीयों के बीच कलश वितरण कर किया। जिसका जल मरमदेरी के नदी से उठाकर पूरे ग्राम भ्रमण कर कलश स्थापन किया गया वहीं माननीय ज़िप परिषद उपाध्यक्ष श्री बिरजू तिवारी जी ने कहा कि इस तरह के भक्ति कार्यक्रम और पूजन समारोह में सम्मिलित होने से मन और मस्तिष्क की शुद्धि होती है साथ ही एक सकारात्मक ऊर्जा का संचार पूरे शरीर में होता है।

## श्री श्री 108 श्री विश्वकर्मा प्राण प्रतिष्ठा सह श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ दो मार्च से



खबर मन्त्र संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखण्ड अंतर्गत जामु राणा मुहल्ला में आगामी 2 मार्च से आयोजित होने वाले श्री श्री 108 श्री विश्वकर्मा प्राण प्रतिष्ठा सह श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ को लेकर भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। उक्त बातों की जानकारी यज्ञ समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार राणा व यज्ञाचार्य श्री कृष्ण देव कन्हैया जी महाराज ने संजुक्त रूप से दी। वहीं उन्होंने बताया कि यज्ञ को लेकर सारी तैयारी लगभग पूरी कर ली गई है, साफ सफाई का कार्य भी युद्ध स्तर पर चल रहा है। महायज्ञ में प्रतिदिन भागलपुर से आये कथा वाचिका संगीता सुमन का संगीत में प्रवचन होगा। महायज्ञ को सफल बनाने में यज्ञ समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र राणा, मुखिया नीता कुमारी, पूर्व जिप सदस्य कैलाश प्रसाद यादव, रविन्द्र कुमार गुप्ता, चंद्रिका प्रसाद, सुनील कुमार गुप्ता, बैजनाथ राणा, श्यामसुंदर राणा, विकास राणा, नेहरू राणा, मुकेश राणा, विजय राणा, अजय राणा, विवेक कुमार, शिवशंकर कुमार, यमुना राम, मुरारी राम, शंभू गोस्वामी, प्रकाश राम, शिवाशंकर राणा समेत सभी ग्रामीण लगे हुए हैं।

## सिकटिया कॉलेज गोड्डा में प्रस्तावित स्ट्रांग रूम का उपायुक्त , एवं पुलिस अधीक्षक ने किया औचक निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** आज आगामी लोक सभा चुनाव 2024 लेकर उपायुक्त, गोड्डा एवं पुलिस अधीक्षक गोड्डा नाथू सिंह मीना के द्वारा संयुक्त रूप से सिकटिया अवस्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज में प्रस्तावित स्ट्रांग रूम का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान रूम एवं मतगणना केंद्र को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिए गए। मतगणना केंद्र में आवश्यक सुविधा, रूट चार्ट, वैकल्पिक रूट चार्ट, सुरक्षा व्यवस्था, निष्पक्ष चुनाव के रूप में मतों की गणना, इस पर विमर्श किया गया। वाहन प्रवेश और निकासी के संबंध में जानकारी ली गई। कमरे के मैपिंग के अनुसार चिह्नित वज्रगृह में ईवीएम मशीन रखने की जानकारी ली गई। वज्रगृह और मतगणना केंद्र में ईवीएम मशीन प्राप्त करने के लिए काउंटर और वाहनों के प्रवेश के लिए स्थल चिह्नित किया गया। निरीक्षण के दौरान ही स्ट्रांग रूम, एजेंट की एंट्री, मतगणना कक्ष के संबंध में संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उपायुक्त, गोड्डा के द्वारा अधिकारियों को स्ट्रांग रूम की सफाई एवं पॉलिटेक्निक कॉलेज सिकटीया के परिसर की बेहतर तरिके से साफ-सफाई तथा मूलभूत सुविधाओं यथा पेयजल की व्यवस्था, शौचालय, समुचित लाइट और वाहन के लिए पार्किंग स्थल की व्यवस्था करने को लेकर निर्देश दिए गए, उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को मतदान के बाद ईवीएम मशीन सुरक्षित रूप से पहुंचें, इसे सुनिश्चित करने तथा संग्रहण की व्यवस्था ससमय पूर्ण करने के निर्देश दिए। मतगणना केंद्र में प्रवेश एवं निकास द्वार पर विशेष चौकसी बरतने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति के संबंध में विचार-विमर्श संबंधित अधिकारियों के साथ की गई। भवन निर्माण के कार्यपालक अभियंता को निर्देश देते हुए कहा कि स्ट्रांग रूम सह मतगणना केंद्र की पूरी तैयारी समय से पूर्व हर हाल में सुनिश्चित की जाए।

स्ट्रांग रूम, मत पेटी वितरण केन्द्र एवं मतगणना स्थल तक सुव्यवस्थित पहुंच मार्ग, भवनों में बिजली सुविधा, इंटरनेट कनेक्शन, पानी सप्लाई तथा शौचालय की उचित व्यवस्था सहित सभी आधारभूत व्यस्थाए सुनिश्चित करने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए,साथ ही लोकसभा निर्वाचन में लगने वाले अधिकारी, कर्मचारी, सुरक्षा संबंधी उपाय और सुरक्षा में लगने वाले फोर्स के लिए कार्य अनुसार अलग अलग भवनों का चिन्हांकन भी किया गया। निरीक्षण के दौरान निर्वाचन कार्य में आने वाले वाहनों के लिए विधानसभावार पार्किंग व्यवस्था, आगमन एवं निकासी के लिए अलग अलग रास्तों का भी चिन्हांकन किया गया। सभी आधारभूत व्यवस्थाए संबंधित अधिकारियों को समय रहते करने के निर्देश दिए गए, जिससे जिले में सुव्यवस्थित लोक सभा निर्वाचन कार्य संपादित कराई जा सके। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी, गोड्डा धीरज कुमार ठाकुर अनुमंडल पदाधिकारी, गोड्डा, महागामा राजीव कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, गोड्डा जेपीएन चौधरी आदि उपस्थित रहे।



## पर्यावरण संरक्षण पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

**कोडरमा।** रमेश प्रसाद यादव शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में बुावार को एनएसएस प्रभारी मो. सेराज के नेतृत्व में पर्यावरण संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता बीएड सत्र 2023-25 के चार सदनों के बीच हुआ। जिसमें महात्मा गाांी ग्रुप, टैगोर ग्रुप, विवेकानंद ग्रुप व विनोबा ग्रुप शामिल थे। जिसमें प्रथम स्थान विवेकानंद ग्रुप, द्वितीय गांधी ग्रुप, तृतीय टैगोर ग्रुप व चतुर्थ स्थान पर विनोबा ग्रुप रहे। मौके पर सहायक प्राध्यापक डॉ. संजीव कुमार, राजेश पांडेय, मो. सेराज, सैयद खुर्शीद अली, अनिल कुमार, जगदीप सिंह, मनोज विश्वकर्मा, सहित शिक्षकेत्तर कर्मचारी मिथलेश कुमार, कुंदन कुमार आदि मौजूद थे।

# युवाओं से कहा- आपके सपने पूरा करना ही मोदी का संकल्प



पीएम मोदी ने पहली बार वोटिंग करने वाले युवाओं का खास तौर पर उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि आपके सपने को पूरा करना ही मोदी का संकल्प है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश आत्मनिर्भर भारत, मेक इन इंडिया का मजबूत स्तंभ बनेगा। मुरैना के सीतापुर में मेगा लेजर एंड फुटवेयर क्लस्टर, इंदौर में रेडीमेड गारमेंट इंडस्ट्री के लिए पार्क, मंदसौर में इंडस्ट्रियल पार्क का विस्तार, धार में इंडस्ट्रियल पार्क का निर्माण इसी दिशा में उठाए जा रहे कदम है। कांग्रेस की सरकारों ने मैन्युफैक्चरिंग की हमारी पारंपरिक ताकत को भी बर्बाद कर दिया था। खिलौना बनाने की हमारी बड़ी परंपरा रही है। स्थिति यह थी कि कुछ साल पहले तक हमारे बाजार और घर विदेशी खिलौनों से भरे पड़े थे। हमने देश के खिलौने बनाने वाले पारंपरिक परिवारों को विश्वकर्मा परिवार के तौर पर मान्यता दी। विदेशों से खिलौनों का आयात कम हो गया है। जितने खिलौने हम आयात कर रहे थे, उससे दोगुना हम निर्यात कर रहे हैं। बुधनी के खिलौना बनाने वालों के लिए अनेक अवसर मिलने वाले हैं। इससे खिलौना निर्माण को बल मिलेगा। जिन्हें कोई नहीं पूछता है, उन्हें मोदी पूछता है।

**मध्य प्रदेश अजब भी है और गजब भी**

पीएम मोदी ने कहा कि पर्यटन में भी बढ़ोतरी हो रही है। इसका लाभ मध्य प्रदेश को भी मिल रहा है। मध्य प्रदेश अजब है और गजब भी है। ओंकारेश्वर और ममलेश्वर में श्रद्धालुओं की संख्या में भारी बढ़ोतरी हुई है। ओंकारेश्वर में विकसित किए जा रहे एकात्म धाम की वजह से यह संख्या और बढ़ेगी। 2028 में उज्जैन में सिंहस्थ होने वाला है। इच्छापुर से इंदौर तक फोन लेन बनने से श्रद्धालुओं को सुविधा होगी। रेल परियोजनाओं से भी मध्य प्रदेश की कनेक्टिविटी सशक्त होगी।

**सूक्ष्य सिंचाई का रकबा दोगुना हुआ**

पीएम मोदी ने कहा कि खेती, उद्योग और टूरिज्म पर फोकस कर रही है। मां नर्मदा पर बन रही तीन जल परियोजनाओं का शिलान्यास हुआ है। इनसे सिंचाई और पेयजल की समस्याओ का निराकरण होगा। मध्य प्रदेश में केन-बेतवा लिंक परियोजना से बुंदेलखंड के लाखों परिवारों का जीवन बदलने वाला है। किसानों के खेत तक पानी पहुंचता है तो इससे बड़ी सेवा क्या हो सकती है? भाजपा सरकार और कांग्रेस की सरकार के बीच का क्या अंतर होता है, इसका उदाहरण सिंचाई परियोजना भी है। 2014 से पहले के दस वर्षों में देश में लगभग 40 लाख हैक्टेयर भूमि को सूक्ष्म सिंचाई के दायरे में लाया गया था। बीते दस वर्ष के हमारे सेवाकाल में हमने दोगुना लगभग 90 लाख हैक्टेयर खेती को सूक्ष्म सिंचाई से जोड़ा गया है। यह दिखाता है कि भाजपा सरकार की प्राथमिकता क्या है, यह दिखाता है कि भाजपा सरकार यानी गति भी और प्रगति भी।

**भंडारण को लेकर दुनिया की सबसे बड़ी योजना लाएंगे**

पीएम मोदी ने कहा कि छोटे किसानों की एक और बड़ी परेशानी गोदाम की कमी की रही है। इसके कारण छोटे किसानों को औने-पौने दाम पर अपनी उपज मजबूरी में बेचनी पड़ती थी। हम भंडारण से जुड़ी दुनिया की सबसे बड़ी योजना पर काम कर रहे हैं। आने वाले वर्षों में देश में हजारों की संख्या में बड़े गोदाम बनाए जाएंगे। 700 लाख मीट्रिक टन अनाज के भंडारण की व्यवस्था देश में बनेगी। इस पर सरकार सवा लाख करोड़ रुपये से अधिक खर्च करने जा रही है। हमारी सरकार गांव को आत्मनिर्भर बनाने पर बल दे रही है। इसके लिए सहकारिता का विस्तार किया जा रहा है। अभी तक हम दूध और गन्ने के क्षेत्र में सहकारिता के लाभ देख रहे हैं। भाजपा सरकार अनाज, फल-सब्जी, मछली समेत हर सेक्टर में सहकारिता पर बल दे रही है। इसके लिए लाखों गांवों में सहकारी संस्थाओं का गठन किया जा रहा है। कोशिश यह है कि खेती, पशुपालन, मधुमक्खी पालन, मुगीर्पालन, मछलीपालन, हर प्रकार से गांव की आय बढ़े।

**गरीब को मुसीबत से बचाना ही मोदी की गारंटी**

गांव वालों को जमीन से जुड़े छोटे-छोटे तहसीलों के चक्कर काटने पड़ते थे। अब हमारी डबल इंजन सरकार ने पीएम स्वामित्व योजना के जरिये स्थायी समाधान निकाल रही है। मध्य प्रदेश तो इस योजना के तहत शत-प्रतिशत गांवों का ड्रोन से सर्वे किया जा चुका है। 20 लाख से अधिक स्वामित्व कार्ड दिए जा चुके हैं। गांव के घरों के कानूनी दस्तावेज मिल रहे हैं, इससे गरीब कई तरह के विवादों से बचेगा। गरीब को हर मुसीबत से बचाना ही तो मोदी की गारंटी है। मध्य प्रदेश के सभी 55 जिलों में साइबर तहसील योजना का विस्तार किया जा रहा है। नामांतरण, रजिस्ट्री से जुड़ी समस्याओं का समाधान डिजिटल माध्यम से हो जाएगा। इससे ग्रामीण परिवारों का समय और पैसा बचेगा।

प्रधानमंत्री ने 17,500 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट्स की सौगात दी

## 2029 में हो सकते हैं एक साथ चुनाव



विधि आयोग संविधान में ह्यएक राष्ट्र, एक चुनावह्ल पर एक नया अध्याय जोड़ने और 2029 के मध्य तक देशभर में लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और स्थानीय निकायों के चुनाव एक साथ कराने की सिफारिश कर सकता है। सूत्रों ने कहा कि जस्टिस (सेवानिवृत्त) ऋतुराज अवस्थी की अध्यक्षता वाला आयोग एक साथ चुनावों पर ह्यनया अध्याय या खंडह्ल जोड़ने के लिए संविधान में संशोधन की सिफारिश करेगा। आयोग अगले पांच साल में ह्यतीन चरणोंह्ल में विधानसभाओं के कार्यकाल को एक साथ करने की भी सिफारिश करेगा, जिससे देशभर में पहली बार एक साथ चुनाव मई-जून 2029 में 19वीं लोकसभा के चुनाव के साथ हो सकें। सूत्रों ने बताया कि संविधान के नये अध्याय में ह्यएक साथ चुनावह्ल, ह्यएक साथ चुनावों की स्थिरताह्ल और लोकसभा, राज्य विधानसभाओं, पंचायतों और नगरपालिकाओं के लिए ह्यसामान्य मतदाता सूचीह्ल से संबंधित मुद्दे शामिल होंगे, जिससे त्रि-स्तरीय चुनाव एक साथ ह्यएक ही बार मेंह्ल हो सकें। जिस नये अध्याय की सिफारिश की जा रही है, उसमें विधानसभाओं की शर्तों से संबंधित संविधान के अन्य प्रावधानों को खत्म करने की अस्तित्वहीन शक्ति के प्रावधान किए जाएंगे। यदि कोई सरकार अविश्वास के कारण गिर जाती है या त्रिशंकु सदन होता है, तो आयोग विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ ह्यएकता सरकारह्ल के गठन की सिफारिश करेगा। यदि ह्यएकता सरकारह्ल का सिद्धांत काम नहीं करता है, तो विधि आयोग सदन के शेष कार्यकाल के लिए नये सिरे से चुनाव कराने की सिफारिश करेगा। विधि आयोग के अलावा, पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक समिति भी एक साथ चुनाव कराए जाने पर काम कर रही है।

### किस साल कितने चुनाव

**2024 अप्रैल-मई में लोकसभा चुनाव के साथ 5 विधानसभाओं और महाराष्ट्र, हरियाणा और झारखंड में साल के अंत में चुनाव**

**2025 बिहार और दिल्ली में विधानसभा चुनाव**


**2026 असम, प. बंगाल, तमिलनाडु, पुडुचेरी और केरल में चुनाव**

**2027 उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब और मणिपुर में विस चुनाव**

**2028 त्रिपुरा, मेघालय, नगालैंड, कर्नाटक, मिजोरम, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान और तेलंगाना में विधानसभा चुनाव**

# आतंकवाद पर अमेरिका और भारत साथ-साथ

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**



**भारत** और अमेरिका के आपसी संबंध समय-समय पर कभी बहुत मधुर और कभी अत्यधिक गर्म होने के साथ ही विरोधाभासी दिखाई देते रहे हैं। किंतु इसके बावजूद एक स्थिति है जो कभी नहीं बदली, वह है आतंक के मुद्दे पर दोनों देशों का समान दृष्टिकोण। दोनों देश, भारत-अमेरिका ने आतंक से अब तक कोई समझौता नहीं किया है। आतंक किसी भी तरह का हो उसका समाप्त होना आवश्यक है, यही इन दोनों देशों की नीति रही है। इसलिए तमाम विरोधाभासों के बीच भी यह दोनों देश आतंक के मुद्दे पर बार-बार मिलते हैं और इसके संपूर्ण समापन के लिए मिलजुल कर प्रभावी योजनाएं बनाकर रणनीतिक तौर पर परिणामकारी कार्य करते रहे हैं ।

वस्तुतः हाल ही में हुई इस विषय से संबंधित दोनों देशों की बैठक, होमलैंड सिक्योरिटी डायलॉग (एचएसडी) ने फिर एक बार साफ कर दिया है कि आतंकवाद, ऑनलाइन कट्टरपंथी कंटेंट, साइबर क्राइम, संगठित अपराध और ड्रग्स ट्रैफिकिंग समेत सुरक्षा से संबंधित विभिन्न विषयों को लेकर भारत और अमेरिका एक तरह से ही सोचते हैं। दोनों ही देशों ने फिर एक बार आतंकवादियों की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यात्रा करने की क्षमता को बाधित करने की दिशा में उपायों पर चर्चा की है । इनका दुनिया के सभी देशों से कहना है कि वे तत्काल ऐसे अपरिवर्तनीय कदम उठाएं जिससे यह सुनिश्चित हो कि उनके नियंत्रण वाले किसी भी क्षेत्र का उपयोग आतंकवादी हमलों के लिए नहीं किया जाएगा । मीटिंग में दोनों देशों के बीच आंतरिक सुरक्षा संवाद, सहयोग के साथ ही खुफिया जानकारी साझा करने पर भी बात हुई है।

आज जब देश की राजधानी दिल्ली में भारत की तरफ से केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला और अमेरिका से होमलैंड सिक्योरिटी डिपार्टमेंट की कार्यवाहक उप-सचिव क्रिस्टी केनेगेलो और इनके प्रतिनिधिमंडल आपस में मिले हैं, तब फिर से आतंकवाद से जुड़े कई विषयों पर समान रूप से सहमति बनती दिखाई दी है। दोनों पक्षों ने आतंकवादी वित्तपोषण का मुकाबला करने, नार्को-तस्करी और आतंकवाद से इसके जुड़ाव, संगठित अपराध और टेरर फंडिंग, कट्टरता को रोकने और उसका मुकाबला करने, आतंकवादी उद्देश्यों के लिए इंटरनेट का उपयोग, मानव रहित एरियल सिस्टम, वर्चुअल एसेट्स और डार्क वेब और उभरती प्रौद्योगिकियों का आतंकवादी उद्देश्यों के लिए उपयोग समेत आतंकवाद रोधी चुनौतियों पर जोर देने पर गहरा विचार-विमर्श हुआ है।

यहां अमेरिका से भारत ने संगठित अपराध और टेरर फंडिंग के मुद्दे पर अपनी चिंताएं व्यक्त की हैं । मीटिंग में भारत की तरफ से अमेरिका की धरती का उपयोग भारत के खिलाफ न हो और खालिस्तानी समर्थकों की गतिविधियों पर अमेरिका पूरी निगरानी रखने के साथ उनकी रोकथाम करने का उपाय भी करे, इसके लिए भी कहा गया है । भारत से साक्ष्यों के साथ अमेरिका का आज यह बताया है कि कैसे यूएस में बैठे कुछ खालिस्तानी समर्थक भारत में अलगाववाद तत्वों को वित्तीय और अन्य तरह से मदद मुहैया करा रहे हैं। जिसे तत्काल रोके जाने पर भारत का जोर है । इसमें कुल मिलाकर भारतीय पक्ष ने खालिस्तानी आतंकवाद के मुद्दे पर अपना रुख पूरी तरह से अमेरिका के समक्ष स्पष्ट कर दिया है।

बातचीत के दौरान, दोनों पक्षों ने आतंकवाद-रोधी और सुरक्षा क्षेत्रों में चल रहे सहयोग की समीक्षा की है। साथ ही आज द्विपक्षीय सुरक्षा सहयोग को और गहरा करने के लिए, दोनों पक्षों ने इससे पहले पिछले जब पिछले साल दिसंबर में अमेरिकी सिक्योरिटी एजेंसी एफबीआई के डायरेक्टर क्रिस्टोफर रे का भारत आना हुआ था, तब भी इसी प्रकार से भारत-अमेरिका ने आतंक के विषय पर एक समान नीति को आगे बढ़ाने पर जोर दिया था । साथ ही इससे पहले विदेश मंत्रालय के अनुसार, दोनों पक्षों ने संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित आतंकवादी संगठनों से उत्पन्न खतरों पर विचारों का आदान-प्रदान किया और अल-कायदा, आईएसआईएस-दाएश, लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद और अल बदर जैसे आतंकवादी संगठनों के खिलाफ ठोस कार्रवाई की जरूरत पर बल दिया गया था ।

आज यह ठोस और परिणामकारी भारतीय विदेश नीति का ही असर है जो अमेरिका ने अपनी अधिकारिक सरकारी वेबसाइट स्टेट डॉट जीओवी के माध्यम से आतंकवाद के विषय में भारत-अमेरिका द्वारा लिए गए निर्णयों को बहुत विस्तार से सार्वजनिक रूप से स्पष्ट किया है । जिसमें उसने साफ कहा है कि भारत आतंकवाद के खतरे से अत्यधिक प्रभावित रहा है। भारत ना सिर्फ आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में बल्कि भू-रणनीतिक एवं अन्य सुरक्षा संबंधी विषयों में भी सदैव अमेरिका का अहम साझेदार रहा है और रहेगा। हम भारत द्वारा उसके लोकतांत्रिक मूल्यों और नियमों के संदर्भ में आतंकवाद से निपटने के तौर-तरीकों का सम्मान करते हैं।

इसके साथ ही यहां पर एक आतंकवाद से निपटने के लिए अमेरिका-भारत का संयुक्त घोषणा पत्र भी पढ़ने को मिलता है। जिसमें साफ कहा गया है कि आतंकवाद, जो वैश्विक शांति और सुरक्षा के लिए गहरा खतरा है, का मुकाबला करने और लोकतंत्र, न्याय और कानून के शासन के हमारे सामान्य मूल्यों को बनाए रखने के लिए भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका की प्रतिबद्धता एक दूसरे के साथ परस्पर स्पष्ट है । अल-कायदा और उसके सहयोगियों, लश्कर-ए-तैयब्बा, जैश-ए-मोहम्मद, डी कंपनी और हक्कानी नेटवर्क और अन्य क्षेत्रीय समूहों जैसी संस्थाओं द्वारा उत्पन्न खतरे से निपटने के लिए आज दोनों ही देश मिलकर कार्य करने के लिए संकल्पित हैं। साथ ही यहां पर भारत में हुए सभी आतंकवादी हमलों एवं आर्थिक रूप से किए गए हमलों की भी निंदा की गई है और भविष्य में इस प्रकार की हमलों को कैसे रोका जा सकता है इसके लिए प्रभावी कदम उठाए जाने पर बल दिया गया है।

# गरमी के मौसम में आईआरसीटीसी के घुमने के पैकेज का मजा लें

**मनोज कुमार सिन्हा**

टूरिस्ट ट्रेनः इस ट्रेन में मौजूद है 5 स्टार होटल, 14 रात और 15 दिन का मिलता है टूर

भारतीय रेलवे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है और रेल यात्रा भारतीय समाज में एक महत्वपूर्ण सामाजिक और सांस्कृतिक घटना है। रेलगाड़ी का प्रयोग लोगों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक अपने लक्ष्य तक पहुँचाता है और इसे एक यात्रा के रूप में आनंद का अनुभव करने का अवसर प्रदान करता है।

भारतीय रेलवे एक व्यापक नेटवर्क है जो देश के हर कोने तक फैला हुआ है। यह लाखों लोगों को रोजगार, व्यापार, और परिवारों के संग जोड़ता है, साथ ही राष्ट्रीय एकता और अखंडता को भी सजीव रखता है। भारतीय रेलवे की व्यवस्था ने देश को एकत्रित किया है और लोगों को विभिन्न संस्कृतियों और भाषाओं का अनुभव करने का अवसर प्रदान किया है।

एक रेलगाड़ी की यात्रा एक अनुभव है जो आपके जीवन में कई यादें बना देता है। स्थानों की सुंदरता को देखते हुए रेलगाड़ी से यात्रा करना अनूठा और रोमांचक होता है। रेलगाड़ी की यात्रा का अनुभव वास्तविक भारतीय सांस्कृतिक अनुभव है, जो लोगों को अनजान लोगों से मिलाता है और विभिन्न भाषाओं और संस्कृतियों का परिचय देता है।

रेलगाड़ी की यात्रा का आनंद वहाँ की खूबसूरत दृश्यों का अनुभव करने में है। जब आप ट्रेन के खिड़की से बाहर देखते हैं, तो आपको आसमान में उड़ती हवाएं, हरित खेत, पहाड़, नदियाँ, और अन्य प्राकृतिक सौंदर्य मिलता है। यह अनुभव आपको एक नए रूप में प्रकृति का आनंद लेने का मौका देता है।

रेलगाड़ी की यात्रा न केवल एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुँचने का साधन होती है, बल्कि यह एक समाजिक अनुभव भी है। रेलगाड़ी के कोचों में अनेक विभिन्न लोग एक साथ यात्रा करते हैं, जिनमें विभिन्न धर्म, भाषा, और संस्कृतियों के लोग होते हैं। यहाँ, लोग एक-दूसरे के साथ साझा करते हैं, बातचीत करते हैं और नए दोस्त बनाते हैं। इसके जरिए, रेलगाड़ी

की यात्रा एक सामाजिक संवाद का मंच भी होती है, जहाँ लोग एक-दूसरे को समझते हैं और एकदूसरे की भावनाओं को समझते हैं।

अधिकांश लोगों के लिए, रेलगाड़ी की यात्रा एक रोमांचक अनुभव होता है। लंबे समय तक यात्रा करते समय अलग-अलग लोगों से मिलना, विभिन्न स्थानों का दौरा करना और नए अनुभव प्राप्त करना, सभी यात्रियों के लिए एक अनोखा महसूस होता है। रेलगाड़ी की यात्रा में खुद को खो देने का एक अद्वितीय मौका होता है, जिसमें आप अपने आप को परिवर्तित करते हैं और नए दृश्यों और अनुभवों को अनुभव करते हैं।

रेलगाड़ी की यात्रा एक सर्वांगीण अनुभव है जो समाज, पर्यटन, और सांस्कृतिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यह एक सफल यात्रा का माध्यम है, जो लोगों को अलग-अलग क्षेत्रों के बीच आत्मीय और सामाजिक संबंधों को मजबूत करता है। इसके अतिरिक्त, रेलगाड़ी की यात्रा एक रोमांचक और आत्मा को संतुष्टि देने वाला अनुभव है, जो लोगों को नए दृश्यों और अनुभवों का मौका देता है।

टूरिस्ट ट्रेन : आज हम आपको एक सबसे अनोखी ट्रेन के बारे में बताने जा रहे है जिसमें 5 स्टार होटल मौजूद है। इस ट्रेन में 14 रात और 15 दिन का टूर मिलता है। तो आइए नीचे जानते है इस ट्रेन के बारे में पूरी जानकारी...

भारतीय रेलवे देश के विभिन्न रूट पर सैलानियों के लिए स्पेशल टूरिस्ट ट्रेनों को चलाती है. इसमें 'देखो अपना देश' 'भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन' जैसी गाड़ियां शामिल हैं.

ऐसी ही एक भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन के जरिए रेलवे लोगों को नॉर्थ ईस्ट की खूबसूरत वादियों की सैर करा रही है.

रेलवे ने ट्रेन के अंदर पैसेंजर्स को दी जा रही सुविधाओं को के बारे में बताया गया है. रेलवे ने बताया कि इस ट्रेन में सैलानियों को मिनी लाइब्रेरी, फाइन डाइनिंग रेस्तरां समेत कई सारी सुविधाएं मिलती हैं.

'नॉर्थ-ईस्ट डिस्कवरी' भारत गौरव डीलक्स एसी टूरिस्ट ट्रेन मिनी लाइब्रेरी, फाइन डाइनिंग रेस्तरां जैसी अत्याधुनिक यात्री सुविधाओं से सुसज्जित है, जो यात्रियों को एक यादगार सफर का अनुभव कराएगी.

**क्या है भारत गौरव ट्रेन-**

भारतीय रेलवे ने भारत गौरव डीलक्स एसी टूरिस्ट ट्रेन द्वारा भारत के उत्तर पूर्वी राज्यों की यात्रा को कवर करने के लिए विशेष रूप से डिजाइन किए गए भ्रमण कार्यक्रम नॉर्थ ईस्ट डिस्कवरीः बियॉन्ड गुवाहाटी को संचालित करने का निर्णय लिया है.

यह ट्रेन दिल्ली के सफदरजंग रेलवे स्टेशन से शुरू होगा और यह यात्रा के अगले 15 दिनों में असम के गुवाहाटी, शिवसागर, जोरहाट एवं काजीरंगा, त्रिपुरा में उनाकोटी, अगरतला व उदयपुर, नागालैंड के दीमापुर और कोहिमा तथा मेघालय में शिलांग व चेरापूंजी को कवर करेगा.

15 दिन में होगी नॉर्थ ईस्ट की सैर-

14 रातों और 15 दिनों तक चलने वाली इस ट्रेन का पहला पड़ाव गुवाहाटी होगा, जहां पर पर्यटक कामाख्या मंदिर और उसके बाद उमानंद मंदिर तथा ब्रह्मपुत्र पर एक सनसेट क्रूज का दौरा करेंगे.

यह ट्रेन नाहरलागुन रेलवे स्टेशन के लिए रात भर की यात्रा पर रवाना होगी जो अरुणाचल प्रदेश की राजधानी ईटानगर में अगले गंतव्य से 30 किलोमीटर दूर है.

कितना है किराया-

भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन का शुभारंभ घरेलू पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार की पहल ₹एक भारत श्रेष्ठ भारत₹ और ₹देखो अपना देश₹ के अनुरूप है.

यह सफर एसी 2 टियर में प्रति व्यक्ति 1,06,990/- रुपये, एसी 1 (केबिन) के लिए 1,31,990/- रुपये और प्रति व्यक्ति एसी 1 (कूपे) के लिए 1,49,290/- रुपये से शुरू होने वाली मूल्य सीमा पर आईआरसीटीसी टूरिस्ट ट्रेन 15 दिनों का संपूर्ण समावेशी टूर पैकेज होगा.

ट्रेन में मिलेंगी ये सुविधाएं-

रेलगाड़ी के किराये में संबंधित श्रेणी में ट्रेन यात्रा, एसी होटलों में रात का ठहराव, सभी तरह के भोजन (केवल शाकाहारी), बसों में सभी यात्रा स्थानांतरण और दर्शनीय स्थल, यात्रा बीमा और गाइड की सेवाएं शामिल होंगी.

यात्रा के दौरान सभी आवश्यक स्वास्थ्य संबंधी एहतियाती उपायों का ध्यान रखा जाएगा और आईआरसीटीसी मेहमानों को एक सुरक्षित एवं स्मरणीय अनुभव प्रदान करने का प्रयास करेगी.

आधुनिक डीलक्स एसी पर्यटक रेलगाड़ी में भोजन करने कर लिए दो बढ़िया रेस्तरां, एक आधुनिक रसोईघर, कोचों में शॉवर क्यूबिकल्स, सेंसर आधारित वॉशरूम फंक्शंस, फुट मसाजर और एक मिनी लाइब्रेरी सहित कई बेहतरीन सुविधाएं उपलब्ध हैं.

पूरी तरह से वातानुकूलित रेलगाड़ी दो प्रकार की आवासीय सुविधा एसी क और एसी क्क प्रदान करती है. रेलगाड़ी में सीसीटीवी कैमरे, इलेक्ट्रॉनिक तिजोरियां और प्रत्येक कोच के लिए नियुक्त विशेष सुरक्षा कर्मी जैसी सुरक्षा सुविधाओं को बढ़ाया गया है.

कोरोना की गाइडलाइंस का रखा जाएगा ख्याल-

वर्तमान कोविड 19 परिदृश्य में बीमारी से बचाव के उपायों को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के मेहमानों के लिए पूर्ण टीकाकरण (दो खुराक लेना) होना अनिवार्य है.

इसके अलावा, आईआरसीटीसी सभी पर्यटकों को एक सुरक्षा किट भी प्रदान करेगा, जिसमें फेस मास्क, हाथ के दस्ताने और सैनिटाइजर शामिल होंगे. सभी पर्यटकों और कर्मचारियों के तापमान की नियमित जांच की जायेगी।

ट्रेन में मिलेंगी ये सुविधाएं-

यात्रा के दौरान सभी आवश्यक स्वास्थ्य संबंधी एहतियाती उपायों का ध्यान रखा जाएगा और आईआरसीटीसी मेहमानों को एक सुरक्षित एवं स्मरणीय अनुभव प्रदान करने का प्रयास करेगी.

हॉल्ट स्टेशनों पर बार-बार ट्रेन की सफाई और अन्य सावधानियों को भी अपनाया गया है. कर्मचारियों की पूरी तरह से जांच की जाएगी और प्रत्येक भोजन सेवा के बाद रसोई एवं रेस्तरां को साफ किया जाएगा.

किन जगहों पर लेकर जाएगी ट्रेन-

इसके बाद अगला शहर शिवसागर होगा, जो असम के पूर्वी भाग में अहोम साम्राज्य की पुरानी राजधानी रहा है. शिवसागर, शिवडोल में प्रसिद्ध शिव मंदिर अन्य विरासत स्थलों के अलावा यात्रा कार्यक्रम का एक अहम हिस्सा है.

इसके अलावा जोरहाट में चाय के बागान तथा काजीरंगा में रात भर ठहरने के बाद पर्यटकों द्वारा काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में सुबह की जंगल सफारी का अनुभव किया जाएगा.

इसके बाद डीलक्स एसी पर्यटक रेलगाड़ी फुरकटिंग रेलवे स्टेशन से त्रिपुरा राज्य के लिए रवाना होगी, जहां प्रसिद्ध उज्जयंत पैलेस सहित उनाकोटी और अगरतला के जाने-माने विरासत स्थलों का भ्रमण किया जाएगा.

अगले दिन के यात्रा कार्यक्रम में उदयपुर के नीरमहल पैलेस और त्रिपुरा सुंदरी मंदिर को शामिल किया जाएगा. ट्रेन त्रिपुरा का सफर पूरा करने के बाद नागालैंड राज्य का दौरा करने के लिए दीमापुर निकल जाएगी. बदरपुर स्टेशन से लुमडिंग जंक्शन के बीच की सुंदर रेल यात्रा को पर्यटक सुबह अपनी सीट से देख सकते हैं.

दीमापुर स्टेशन से पर्यटकों को नागा जीवन शैली का अनुभव कराने के लिए खोनोमा गांव के दौरे सहित स्थानीय स्थलों पर पहुंचाने के लिए बसों द्वारा कोहिमा ले जाया जाएगा.

टूरिस्ट ट्रेन का अगला पड़ाव गुवाहाटी होगा और पर्यटकों को सड़क मार्ग से मेघालय की राजधानी शिलांग ले जाया जाएगा, जहां रास्ते में शानदार उमियम झील पर एक पिट स्टॉप होगा.

अगले दिन की शुरूआत पूर्वी खासी हिल्स में बसे चेरापूंजी के भ्रमण से होगी. शिलॉन्ग पीक, एलिफेंट फॉल्स, नवखलिकाई फॉल्स और मावसई गुफाएं दिन के समय घूमने वाले प्रमुख दर्शनीय स्थलों का हिस्सा हैं.

चेरापूंजी से पर्यटक वापस गुवाहाटी स्टेशन पहुंच जाएंगे ताकि दिल्ली की वापसी के लिए ट्रेन में सवार हो सकें. इस पूरे भ्रमण में मेहमान रेलगाड़ी से करीब 5800 किलोमीटर का सफर तय करेंगे.

रेल की यात्रा एक अनुभव है जो अद्वितीय है। यह एक संवाद का माध्यम है, जो लोगों को अलग-अलग समाजों और संस्कृतियों का परिचय देता है। यह एक रोमांचक अनुभव है, जो लोगों को नए दृश्यों और अनुभवों का मौका देता है। इसके अतिरिक्त, यह एक सामाजिक संवाद का मंच है, जिसमें लोग एक-दूसरे को समझते हैं और अपने विचारों और विश्वासों को साझा करते हैं। इसलिए, रेलगाड़ी की यात्रा एक सर्वांगीण अनुभव है जो लोगों के जीवन में एक अद्वितीय स्थान रखता है।

हवाई यात्रा

वायु यान एक अद्वितीय माध्यम है जो मानव जीवन को बदल दिया है। यह विज्ञान, तकनीक, और अभियांत्रिकी के क्षेत्र में विकास की एक अद्वितीय उपलब्धि है। यह आसमान में उड़ान भरने की आवश्यकता को पूरा करता है और लोगों को विभिन्न स्थानों के बीच संचार की सुविधा प्रदान करता है।

वायु यान का महत्व अत्यधिक है क्योंकि यह विश्व के विभिन्न हिस्सों को आपस में जोड़ता है। यह व्यक्तिगत और व्यापारिक उद्देश्यों के लिए लोगों को तेजी से और आसानी से लक्ष्य तक पहुंचने की सुविधा प्रदान करता है। इसके अलावा, वायु यान भूमि के दूरस्थ स्थानों के लिए एक अच्छा विकल्प होता है जहां अन्य परिवहन साधन उपलब्ध नहीं होते हैं।